CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 252 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 30 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में जातीय रैलियों पर लगा बैन, वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे पेज 2



प्रीति पाल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की होंगी ध्वजावाहक खेल टाइम्स



करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ सम्पादकीय




अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई, तो चीन लाया के. वीजा पेज 12

# अहमदाबाद प्लेन क्रैशः पायलट की गलती बताना गलत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहाः स्वतंत्र जांच की संभावनाएं तलाशें, केंद्र-डीजीसीए व एएआईबी से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है।

इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है। इसको लेकर एविएशन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने पीआईएल दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट में जरूरी जानकारी छुपाई गई है और यह नागरिकों के जीवन, समानता और सही जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन करती है। पीआईएल में कहा गया है कि ईंधन स्विच की खराबी और इलेक्ट्रिकल फॉल्ट जैसी तकनीकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया और दुर्घटना का दोष केवल पायलट पर डाल दिया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान 12 जून को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। सुमित सभरवाल फ्लाइट के मुख्य पायलट और क्लाइव कुंदर को-पायलट थे। एनजीओ की तरफ से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा कि दुर्घटना को हुए 100 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक केवल प्रारंभिक रिपोर्ट ही जारी हुई है। उन्होंने कहा रिपोर्ट यह नहीं बताती कि असल में क्या हुआ और भविष्य में क्या सावधानी बरतनी चाहिए। इसका मतलब है कि आज भी इन बोइंग विमानों में यात्रा करने वाले सभी लोग खतरे में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच की मांग सही है, लेकिन सभी निष्कर्ष सार्वजनिक करने से जांच प्रभावित हो सकती है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर अपनी प्राइमरी रिपोट 12 जुलाई को जारी की थी। रिपोर्ट में पायलट सुमित सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर के बीच बातचीत का जिक्र था।



■ शीर्ष अदालत ने उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया

# आजम खां आज होंगे रिहा

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां मंगलवार को (आज) जेल से रिहा होंगे। जानकारी के मुताबिक, उनकी रिहाई का परवाना सीतापुर जेल पहुंच गया है। सुबह 8 बजे उन्हें रिहा किया जा सकता है। उनकी रिहाई को लेकर जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

आजम खां पिछले 23 महीने से सीतापुर जेल में बंद हैं। हाल ही में क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इस मामले में 21 नवम्बर 2019 को एफआईआर दर्ज हुई थी। हाईकोर्ट ने 21 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 मई 2025 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था। क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम के परिवार के खिलाफ 2019 में एफआईआर दर्ज हुई।



■ परवाना सीतापुर जेल पहुंचा, जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी की

### सुप्रीम कोर्ट से जैकलीन को झटका याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लान्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है। जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जैकलीन फर्नांडिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया कि 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को ही बरकरार रखा जाएगा। इसमें जैकलीन की ईसीआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

### एनएससीएन (के) पांच वर्ष के लिए गैर कानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नगा संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) (एनएससीएन-के) को उसके सभी गुटों और शाखाओं के साथ आगामी 28 सितम्बर से पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि इस संगठन के गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि परिस्थितियों और संगठन की गैर कानूनी गतिविधियों को देखते हुए इसे गैर कानूनी घोषित किया जाना जरूरी हो गया है।

### सीतारमण ने लिया स्टेशनरी की दुकान का जायजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक स्टेशनरी की दुकान पर पहुंचकर स्वयं यह देखा कि जीएसटी के तहत लागू सुधारों का आम लोगों को फायदा मिल रहा है या नहीं। श्रीमती सीतारमण ने नवरात्र और जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत के मौके पर दुकानदार और दुकान में मौजूद सभी कर्मचारियों को फूल दिए। इसके बाद उन्होंने दुकानदार से जीएसटी में सोमवार से प्रभावी सुधारों से कीमतों में होने वाली कटौती के बार में पूछा। दुकानदार ने बताया कि जीएसटी सुधारों के कारण स्टेशनरी की कीमतें कम से कम 10 प्रतिशत कम हो गई हैं।

### अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत, भारत सतर्क

**नई दिल्ली।** भारत अब अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था।


# POK एक दिन बोलेगा 'मैं भारत हूं', ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा

## पीओके बिना हमला किए वापस मिलेगाः राजनाथ सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं।

राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी। यह बयान उस समय आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके को कब्जाने का मौका गंवा दिया गया। उस समय भारतीय वायुसेना ने कई पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए थे, लेकिन सरकार ने सीजफायर मान लिया। दरअसल, राजनाथ सिंह दो दिन के दौरे पर मोरक्को पहुंचे हैं। यहां उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के नए व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8/8 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह अफ्रीका में किसी भारतीय रक्षा कंपनी का पहला संयंत्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है। सिंह ने बताया उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने -शेष पृष्ठ दो पर



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से की बातचीत

■ हमारी सेना ने 100 किमी अंदर जाकर पाक ठिकाने तबाह किए

# मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाएः सुप्रीम कोर्ट

## जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति -शेष पृष्ठ दो पर

■ मीडिया संस्थान के खिलाफ गलत रिपोर्टिंग का किया था केस



### दिल्ली दंगे मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के आरोपियों में शामिल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्रों शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की ज़मानत याचिकाओं पर सोमवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, एएम सिंघवी और अन्य की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया। उन छात्रों को दंगों में एक बड़ी साजिश रचने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। खालिद और अन्य 2020 से दंगों के सिलसिले में जेल में हैं। पुलिस के मुताबिक, दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज्यादा घायल हुए थे। अधिवक्ता सिंघवी ने अदालत से अंतरिम ज़मानत याचिका पर भी नोटिस जारी करने का अनुरोध किया।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ न्याय करे मोदी सरकारः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के लिए केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाना चाहिए।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपये का नुक़सान हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि लाखों घर उजड़ गए हैं और चार लाख एकड़ से ज्यादा भूमि पर फ़सल बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई है। किसानों को पशुधन की बड़ी हानि हुई है और बड़ी संख्या में किसानों के जानवर बह गए हैं।

■ कहाः केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाए

# डुसू इलेक्शन की ईवीएम व पेपर ट्रेल्स प्रिजर्व होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (डुसू) इलेक्शन में इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और इससे जुड़े पेपर ट्रेल्स को प्रिजर्व यानी संरक्षित करने का आदेश दिया है।

वोटिंग के दौरान ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों के आधार पर दायर की गई याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। पूर्व डुसू अध्यक्ष रौनक खत्री और इस साल अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रही एनएसयूआई की जोस्लिन नंदिता चौधरी ने ये याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि 18 सितम्बर, 2025 को हुए मतदान में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई थी। इसलिए चुनाव को रद्द कर ज्यूडिशियल मॉनिटरिंग में दोबारा चुनाव कराए जाएं। कोर्ट ने कहा कि रिट याचिका इस प्रेयर के साथ दायर की गई है कि अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान की प्रक्रिया को रद्द किया जाए, क्योंकि ईवीएम में छेड़छाड़ हुई है। याचिका के अनुसार, कई कॉलेजों में मतदान के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। खासकर आरोप यह है कि ईवीएम पर बैलेट डिस्प्ले में एबीवीपी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम के सामने नीली स्याही से निशान लगे हुए थे।



■ दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश, एनएसयूआई ने चुनाव में गड़बड़ी का लगाया था आरोप

### युवक ने की कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश, हिरासत में

**वाराणसी।** बेंगलूर से वाराणसी आ रहे एयर इंडिया के विमान का हवा में कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश करने वाले युवक को वाराणसी एयरपोर्ट में हिरासत में ले लिया गया है। पायलट को इस बात की जानकारी होते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इस बात की जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट प्रशासन को इसकी सूचना दी। विमान के एयरपोर्ट पर लैंड होते युवक को सीआईएसएफ ने हिरासत में ले लिया। स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया की फ्लाइट (आईएक्स -1086) में सवार युवक टॉयलेट का दरवाजा समझ कर खोलने का प्रयास कर रहा था। फूलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के साथ आठ लोग थे। कुल नौ लोगों से पूछताछ चल रही है। सभी लोग बेंगलूर से काशी दर्शन पूजन करने आए है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

# मोदी ने देशवासियों से मेड इन इंडिया उत्पाद खरीदने को कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है।

22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5 फीसदी की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5 फीसदी टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई -शेष पृष्ठ दो पर




■ प्रधानमंत्री ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, दुकानदारों से की मेड इन इंडिया उत्पाद बेचने की अपील

### मोदी बोले- कांग्रेस ने नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया

**ईटानगर, त्रिपुरा।** पीएम अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर हैं। उन्होंने अरुणाचल के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल को कांग्रेस ने नजरअंदाज किया। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया, तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई। हमारी प्रेरणा इसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं , नेशन फर्स्ट की भावना है। पीएम ने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। इसलिए जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था वो 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छुट्‌टी के बाद मुख्य सचिव शशि प्रकाश ने संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने सवा महीने की छुट्‌टी के बाद नवरात्र के पहले दिन कार्यभार संभाल लिया है। आज वह अपने कार्यालय में बैठे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। दरअसल स्वास्थ्य कारणों के चलते वह छुटी पर चल रहे थे। एसपी गोयल की छुटी के दौरान उनके सारे पद कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को सौंप दिए गए थे। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल ने 31 जुलाई को उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया था। 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोयल इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव और नागरिक उड्डयन, संपदा एवं प्रोटोकॉल विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। वह उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त स्थानिक आयुक्त भी थे। गोयल ने मनोज कुमार सिंह का स्थान लिया था, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए थे।

### मीट बिक्री पर रोक की मांग पर सियासी पारा चढ़ा

**लखनऊ।** आज से शुरू हुए शारदीय नवरात्र के दौरान मीट बिक्री पर रोक लगाने की मांग ने राजनीतिक पारा बढ़ा दिया है। अब इस मामले पर असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी नेता सैयद असीम वकार ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। एआईएमआईएम नेता सैयद असीम वकार ने तंज कसते हुए कहा कि लीगल का गोश्त बिकेगा और इल्लीगल का नहीं बिकेगा। यह सरकार सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम करके देश को बांटना चाहती हैं।

# जीएसटी सुधार पर योगी ने व्यापारियों व ग्राहकों से किया संवाद

**गोरखपुर, वार्ता**



नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म यानी अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार सोमवार से लागू हो गए, जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में तय जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण की शुरुआत खुद व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके की।

मुख्यमंत्री ने सोमवार पूर्वाह्न पदयात्रा कर झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की और जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबा. रियों से आग्रह किया मोदी सरकार से उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें और साथ ही स्वदेशी उत्पादों को बघवा देने के लिए प्रतिष्ठानों पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का पोस्टर भी लगाएं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में कर सुधारों का निर्णय लिया था। ये निर्णय सोमवार से प्रभावी हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों एक समीक्षा बैठक में 22 सितम्बर से 29 सितम्बर तक 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' का पहला चरण शुरू करने का निर्णय लिया था। इसका शुभारंभ सोमवार को उन्होंने खुद पदयात्रा, जनसंपर्क और संवाद से किया। 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' के तहत मुख्यमंत्री ने झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक पदयात्रा की और मार्ग पर स्थित कई दुकानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरों को लेकर उनसे संवाद किया। उन्हें जीएसटी की घटी दरों से संबंधित एक स्टीकर और गुलाब का फूल दिया।

### जीएसटी की नई दर लागू होने के बाद वैष्णव पहुंचे व्यापारियों के बीच

**नई दिल्ली।** देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के आर के पुरम सेक्टर आठ की मार्केट में पहुंचे और व्यापारियों से संवाद किया। वैष्णव ने व्यापारियों से बातचीत के दौरान जीएसटी में नए सुधार को लेकर सरकार की मंशा और नीयत को उनके सामने रखा। उन्होंने जनता के साथ-साथ व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए इन सुधारों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि ए सुधार 140 करोड़ से अधिक भारतीयों को राहत देंगे, खपत बढ़ाएंगे और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगे।

# यूपी में 10 गुना बढ़ी नगर आयुक्त की पॉवर

## मेयर भी मंजूर कर सकेंगे पांच करोड़ के प्रोजेक्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने शहरों के विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसमें नगर निगमों में कमिश्नर को 1 करोड़ और मेयर को 5 करोड़ रुपये तक के वित्तीय ताकत दी है।

इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर बड़े प्रोजेक्ट भी अपने स्तर पर स्वीकृत कर सकेंगे। इससे बड़े प्रोजेक्ट के लिए शासन से मंजूरी की जरूरत नहीं रहेगी। इसमें निगम कमिश्नर अपने स्तर पर जहां एक करोड़ के प्रोजेक्ट पास कर सकते हैं, वहीं मेयर के पास अब 5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय पॉवर होगी। अभी तक नगरायुक्त के पास महज 10 लाख रुपये तक की पॉवर थी, जबकि मेयर 15 लाख तक के प्रोजेक्ट ही मंजूर कर पाते थे।विभिन्न शहरों की लोकल लेबल पर जरूरतों और सरकार से अप्रूवल में देरी की वजह से होने वाली परेशानियों की वजह वित्तीय पॉवर में संशोधन का प्रस्ताव काफी पहले ही आ गया था। हालांकि अब सरकार ने इस प्रस्ताव के गुण-दोष की विवेचना के बाद मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर की वित्तीय पॉवर दस गुना से भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इससे शहर में विकास के बड़े प्रोजेक्ट को भी स्थानीय स्तर पर मंजूर किया जा सकेगा। बड़ी बात यह कि इस तरह के प्रोजेक्ट के लिए स्थानीय निकाय को शासन की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। अधिकारियों के मुताबिक इस एक फैसले से सरकार ने कई शिकार किए हैं। इसमें एक तरफ मेयर की वित्तीय पॉवर बढ़ाकर उन्हें खुश किया है। इससे शहर के विकास में तेजी आएगी। इसी के साथ मैन्यूअल टेंडर में होने वाली धांधली पर भी अंकुश लगाने की कोशिश की है।

# मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों की भावनाओं की गहरी समझ है, उसी के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करते है, जिससे देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए वह प्रेरणा हैं।

श्री राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर आधारित संकलित पुस्तकों, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का विमोचन किया। प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पांचवें वर्ष के चुनिंदा भाषणों वाली ये पुस्तकें कई मायनों में सुशासन के प्रति उनके दृष्टिकोण और दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले ग्यारह वर्षों में निरंतर जनहितैषी कार्य करके देश के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों को भी सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया किया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी जनता के लिए सच्चे मन से काम करते हैं और बदले में कुछ भी अपेक्षा नहीं करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमेशा मोदी को अपना अच्छा मित्र बताया है। प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भी घनिष्ठ मित्र हैं। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मतभेदों के बावजूद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं।

## आदेश: वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे

# यूपी में जातीय रैलियों पर लगा प्रतिबंध

**लखनऊ, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्ती के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एफआईआर से लेकर चार्जशीट तक में से जाति का कालम हटा दिया है। इसी के साथ सरकार ने जातीय रैलियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के तहत अब प्रदेश में कहीं भी न तो सार्वजनिक तौर पर जाति का उल्लेख होगा और न ही कानूनी या सरकारी दस्तावेजों में ही जातियों का जिक्र किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।

पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को कठोर दिशा निर्देश दिए थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी अपने आदेश में इसे जाति आधारित राजनीति और सामा. जिक भेदभाव पर रोक लगाने के लिए अहम कदम बताया है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने अपने आदेश में साफ तौर पर कहा है कि अब प्रदेश में कहीं कोई जातीय रैलियां नहीं होंगी। इसी के साथ सरकारी दस्तावेजों में से भी जाति का कालम हटाने को कहा है। अभी तक एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो समेत पुलिस के अन्य दस्तावेजों में शिकायतकर्ता या आरोपियों की जाति का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाता था।

इसी प्रकार प्रशासनिक दस्तावेजों में भी जाति का उल्लेख करने की परंपरा रही है। अब मुख्य सचिव के आदेश के बाद इनमें से किसी भी दस्तावेज में न तो जाति का उल्लेख होगा और न ही कहीं सार्वजिनिक स्थान पर जाति को लेकर चर्चा होगी। इसी क्रम में जातीय रैलियां पर भी रोक लगाई गई है। सरक. ारी दस्तावेजों में पहचान के तौर पर जाति का जिक्र होता था, लेकिन अब जाति के स्थान पर संबंधित के माता-पिता का नाम लिखा जाएगा।

**एफआईआर में भी जाति का जिक्र नहीं हो सकेगा होगा माता-पिता का नाम**

### जातिवाद का खेल खुल कर खेलने के लिए लाया गया आदेश : सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कार्यवाहक मुख्य सचिव द्वारा राज्य में जातिगत गत भेदभाव समाप्त करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर जाति के उल्लेख करने पर रोक लगाने के दिए गए आदेश का समा. जवादी पार्टी ने विरोध किया है। पार्टी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, जब जातिवाद करते हुए ये भाजपा सरकार और इसके जिम्मेदार जनता द्वारा पकड़े गए, जब इन भाजपाइयों का अपना जातिवाद खुल गया, जब पीडीए ने इन भाजपाई जातिवादियों से नियुक्तियों और व्यवस्था में व्याप्त इनका स्वजातिवाद पूछ लिया तो पीडीए से घबरा कर ये नियम ले आए हैं, इस नियम के पीछे भी इन भाजपाइयों की मंशा जातिवाद का खेल और खुलकर खेलने की है, पीडीए रुकेगा नहीं, बल्कि पीडीए इन भाजपाइयों से सवाल पूछता रहेगा ।

### अखिलेश ने उठाए पांच सवाल

**लखनऊ।** अखिलेश ने इस कदम को दिखावा करार देते हुए कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि क्या यह फैसला 5000 साल पुरानी जातिगत मानसिकता को खत्म कर पाएगा? अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में पांच प्रमुख सवाल उठाए। उन्होंने पूछा- और 5000 सालों से मन में बसे जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए क्या किया जाएगा? वस्त्र, वेशभूषा और प्रतीक चिन्हों से जाति-प्रदर्शन को मिटाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? किसी से मिलने पर नाम से पहले जाति पूछने की मानसिकता को खत्म करने के लिए क्या उपाय होंगे? किसी का घर धुलवाने जैसे जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिशों को रो. कने के लिए क्या योजना है?



**सेंसेक्स** 82626.23
**निफ्टी** 25327.05



**सोना रु.** 111330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 128000
प्रति किलो



# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा के शुल्क में बढ़ोतरी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में बिकवाली हावी रही और आईटी तथा टेक कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गई। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस के शेयरों में दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिरावट चल रही थी।

बीएससी का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 475.16 अंक की गिरावट के साथ 82,151.07 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 154. 95 अंक (0.15 प्रतिशत) नीचे 82,471. 28 अंक पर था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 88. 95 अंक की गिरावट में 25,238.10 अंक पर खुला और खबर लिखे जाते समय 31. 30 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 25,296 अंक पर था। आईटी के अलावा फार्मा, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में गिरावट देखी गई। वहीं बैंकिंग, ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों के शेयरों में लिवाली का जोर रहा। आईटी कंपनियों के अलावा एलएंडटी और एयरटेल भी गिरावट में रहने वाली प्रमुख कंपनियों थे। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और इंटरनल के शेयरों में तेजी थी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच1बी वीजा के लिए 1,00,000 डॉलर का शुल्क लगा दिया है। हालांकि बाद में यह स्पष्टीकरण दिया गया कि यह शुल्क पुराने बीमाधारकों पर लागू नहीं होगा और सिर्फ नए वीजा के लिए आवेदन करते समय चुकाना पड़ेगा।

### जीएसटी 2-0 से आसान होगा जीवनयापन: फिक्की

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सोमवार से लागू अगली पीढ़ी के सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे आम लोगों का जीवनयापन आसान होगा। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने एक बयान में कहा, षफिक्की आज से जीएसटी 2-0 के लागू होने का स्वागत करता है। संशोधित ढांचा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) के लिए अनुपालन संबंधी बोझ को कम करेगा, 'मेक इन इंडिया' उत्पादों की लागत प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा और जीवन को आसान बनाएगा। उल्लेखनीय है कि देश में सोमवार से जीएसटी के हालिया सुधार लागू हो गए हैं। इसके तहत स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो कर दी गई है। आम लोगों के इस्तेमाल की अधिकतर चीजों पर कर की दर शून्य या पांच प्रतिशत कर दी गई है।

### चांदी के बाद अब सोने ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में अचानक सोने की रफ्तार तेज हो गई। सुबह चांदी में भी तेजी देखी गई थी। उस समय सोने में भी बढ़ोतरी हो रही थी, हालांकि ये इतनी ज्यादा नहीं थी। लेकिन अब सोने की रफ्तार चांदी तेज हो गई। सोने ने सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास एक नया रिकॉर्ड बनाया है। आईबीजेए में सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 109775 रुपये दर्ज किया गया है।। इसमें 1209 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 110202 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 109847 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है। दोपहर 1 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 132,457 रुपये दर्ज की गई है। इसमें 2619 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी जा रही है। चांदी ने अब तक 130658 रुपये प्रति किलो पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 132665 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, दालों में आया उबाल



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी और दालों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 17 रिंगिट की बढ़त में 4,442 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.17 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 130 रुपए बढ़कर 3,875.45 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी सात रुपए महंगा हुआ और 2,870.42 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,325.15 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सूरजमुखी तेल 95 रुपए और वनस्पति 267 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में गिरावट रही। सरसों तेल औसतन पांच रुपए और मूंगफली तेल 41 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल 70 रुपए और सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 185 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 58 रुपए और मूंग दाल में 168 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई। मसूर दाल 184 रुपए और चना दाल 131 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 104 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 18 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7956. 51 रुपए, मसूर काली 8185.87 रुपए, मूंग दाल 10145.57 रुपए, उड़द दाल 10460.99 रुपए, अरहर दाल 10589.67 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2870.42 रुपए और चावल 3875.45 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5018.68 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीओके एक...** तबाह किए गए। जैश-ए-मोहम्मद का एक बड़ा आतंकी कह रहा था कि मसूद अजहर के परिवार को भारत ने तबाह कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, लेकिन भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ उनके बुरे काम देखकर जवाब दिया है। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय से मुलाकात और चर्चा की। राजनाथ सिंह मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लाउदिई के साथ बैठक करेंगे। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौता (एमओयू) होने की संभावना है। इस समझौते के तहत प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग और नौसेना के सहयोग को बढ़ाया जाएगा। भारतीय नौसेना के जहाज पहले भी अक्सर मोरक्को के कासाब्लांका बंदरगाह जाते रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था, जिनमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

**मानहानि को...** जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा। 2017 में दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने मीडिया संस्थान के एडिटर और डिप्टी एडिटर को मानहानि मामले में समन भेजा था। 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह समन रद्द कर दिया। लेकिन 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए केस को दोबारा मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया। इसके बाद मई 2025 में हाईकोर्ट ने फिर से समन को सही ठहराया। इसके खिलाफ मीडिया संस्थान और डिप्टी एडिटर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया, अब नया कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) लागू है। इसके सेक्शन 223 के अनुसार केस की सुनवाई शुरुआती स्तर पर ही होनी चाहिए। हालांकि हाईकोर्ट का मानना है कि चूंकि शिकायत 2016 की है, इसलिए नया कानून लागू नहीं होगा। दरअसल, भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में शामिल है जहां मानहानि को अब भी आपराधिक अपराध माना जाता है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356 इसके लिए सजा का प्रावधान करती है। पहले यही प्रावधान आईपीसी की धारा 499 में था, जिसकी संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में सही ठहराया था। 2016 में सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक मानहानि कानून बोलने की आज़ादी पर एक जरूरी रोक है और यह लोगों के जीवन और सम्मान की रक्षा करता है।

**मोदी ने...** दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक बड़ा मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाना हमारा संकल्प है।

हमारे मध्यम वर्ग की मेहनत को मजबूती देने के लिए 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आयकर में छूट दी जा चुकी है। अब जीएसटी रिफॉर्म्स से भी मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे। उन्होंने लिखा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है। आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं...इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

### जीएसटी सुधारों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना सरकार के लिए चुनौती

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती कर बड़ी राहत दी है। जीएसटी स्लैब को सरल बनाया है और कई वस्तुओं पर कर कम किया है, लेकिन अधिकारियों की मानें, तो राज्य स्तर पर इसे लागू करना मुश्किल साबित हो सकता है, क्योंकि खुदरा विक्रेताओं और ग्राहकों के बीच कुछ चीजों को लेकर विवाद की भी आशंका बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की मानें, तो इसको लागू करने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।अधिकारियों की मानें, तो वो यह सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहे हैं कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती वास्तव में उपभोक्ताओं तक पहुंचे, क्योंकि नई दरें सोमवार से पूरे देश में लागू हो रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# त्रिपुरा में तैनात सीआरपीएफ जवान की मौत

## राजकीय सम्मान के साथ गांव पहुंचा शव, अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम सोन्टा में जैसे ही सीआरपीएफ के एएसआई विनोद धीमान का शव पहुंचा तो यहां पुरा परिवार शोक में डूब गया। मृतक अगरतला त्रिपुरा में तैनात थे और विगत दिवस हृदय गति रूकने से उनकी मौत हो गई थी जिसके बाद उनके शव को पैतृक गांव सोन्टा लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान अंतिम यात्रा में गांव व अन्य स्थानों के लोग भी शामिल हुए।

बता दे कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सोन्टा निवासी विनोद धीमान अगरतला में सीआरपीएफ के पद पर तैनात थे और विगत दिवस हृदय गति रूकने से उनकी मौत हो गई थी विनोद की मौत के बाद परिजन व गांव में शोक छा गया था। सोमवार की सवेरे शव को उनके पैतृक गांव सोन्टा लाया गया और खामपुर श्मशान घाट पर ले जाकर उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस पुत्र रितिक ने मुख अग्नि दी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय राठी, राजीव धनगर, भूपेन्द्र राठी, विपिन धीमान, उमेश धीमान, राकेश शर्मा, नंनद किशोर, विवेक बालियान आदि शामिल रहे।

# दो अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करके दो मामले में दो अभियुक्तों को न्यायालय के माध्यम से सुनाई सजा व कुल 3,000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2014 में अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र कुवंरपाल निवासी मुण्डेट खादर थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था । पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए आज दिनांक 22.9.2025 को न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना से अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 1,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर 05 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2019 में अभियुक्त मुदासिम पुत्र शाहिद निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए आज 22.9.2025 को न्यायालय सीजेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 2,000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर 15 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# प्रथम नवरात्र: पूजा अर्चना में जुटे श्रद्धालु

■ घरों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर मंदिरों में चढ़ाया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार से अश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को नवरात्र की शुरुआत हुई। पहले दिन मां भवानी शैलपुत्री की पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने घरों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की और मंदिरों में दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। अश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को नवरात्र प्रारम्भ हो गए हैं। नवरात्र के प्रथम दिन मां भवानी शैलपुत्री की आराधना की गई। शैलपुत्री देवी का प्रथम स्वरूप है। शैलपुत्री देवी प्रकृति की देवी है। राजा हिमालय की पुत्री होने के कारण ही देवी का नाम शैलपुत्री पड़ा। नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा के उपासकों ने घरों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की तथा मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया।



सोमवार को नवरात्र प्रारम्भ होने पर मां दुर्गा के उपासकों ने घरों में विधिकृविधानपूर्वक घटस्थापना की। इस अवसर पर मां दुर्गा की उपासना व शप्तशती दुर्गा के पाठ का गुणगान किया तथा घी का भोग व अनार भेंट स्वरूप चढ़ाया।

# यौन उत्पीड़न में तीन वर्ष की कैद

**मुजफ्फरनगर।** किशोरी से यौन उत्पीडन के मामले में कोर्ट ने आरोपी को तीन वर्ष की कैद और अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है। बता दे कि शासन के दिशा-निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है और महिला की सुरक्षा सम्मान को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी के चलते पोस्को कोर्ट ने छेड़खानी व अन्य धाराओ में आरोपी संदीप पुत्र रामपाल निवासी ग्राम धंधेडा थाना सिखेडा को तीन वर्ष की सजा सुनाई।

आरोप था कि संदीप ने किशोरी को बदनियती से दबोचा था। शिकायत के बाद सिखेडा पुलिस ने आरोपी को जेल भेजने के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था यह मामला एडीजे प्रथम विशेष पोस्को कोर्ट में चल रहा था और इस मुकदमें की पैरोकारी एडीजीसी दिनेश शर्मा द्वारा की गई है। आरोपी पर 25 हजार रूपयें का जुर्माना भी लगाया है।



मुजफ्फरनगर: डीएम कार्यालय पर धरना देते लोगों के बीच विचार रखते वक्ता।

# आशा कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन कर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आशा कर्मचारी संघ के बैनर पर प्रदर्शन करने हुए महिलाओं और स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ हो रही कथित अनियमितताओं पर चिंता जताते हुए संघ की जिला अध्यक्ष निर्मला चौधरी और मंत्री अंजू त्यागी ने कहा कि संघ ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत आशा और अन्य महिला कर्मचारियों के साथ हो रही कथित अभद्रता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने सीएमओ के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

सीएमओ कार्यालय व जिला अस्पताल में प्रदर्शन करते हुए महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को उचित देखभाल और प्रसव संबंधी सुविधा नहीं मिल रही, और कई बार उन्हें बाहर रेफर किया जाता है, जिससे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में किसान मजदूर आंदोलन के दौरान एक बीडियो वायरल हुआ है, जिसमें आशा कार्यकत्री के बारे में अभद्र टिप्पणी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं का समाज पर नकारात्मक असर पड़ता है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। संघ ने सीएमओ से मांग की है कि इन शिकायतों की तत्काल जांच कराई जाए और महिलाओं तथा स्वास्थ्य कर्मियों के अधिकारों की रक्षा की जाए।संघ ने यह भी चेतावनी दी कि स्वास्थ्य और सामाजिक अधिकारों के मामले में किसी भी तरह की अनदेखी समाज में असंतोष बढ़ा सकती है। निर्मला चौधरी ने कहा कि इस मामले में यदि कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन आगे प्रदर्शन और आंदोलन जैसे कदम भी उठाएगा।



मुजफ्फरनगर: जिला चिकित्सालय परिसर में हंगामा करती आशा कार्यकत्रियां।

# टोल प्लाजा पर ठेका निरस्त, कम्पनी को ब्लैकलिस्ट करने की मांग

## राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टोल मैनेजर कांड का मामला अभी भी गर्मा रहा है। कही मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग उठ रही है तो कही अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन का जोर जारी है, हालांकि पुलिस ने इस मामले में कुछ बदमाशों पर कडी कार्यवाही भी कर दी है और एसएसपी ने छपार थाना प्रभारी लाइनहाजिर करते हुए चौकी इंचार्ज पर भी कार्यवाही कर दी है, लेकिन सोमवार को भी धरने पर प्रदर्शन का दौर जारी रहा।

बता दे कि दिल्ली देहरादून हाईवे के छपार टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर अरविंद पाण्डे की अपहरण के बाद बेरहमी से हत्या की गई और शव को जनपद मुजफ्फरनगर से बाहर ले जाकर जनपद मेरठ के थाना जानी झाल में फेंक कर छिपा दिया था। पुलिस अपहरण के बाद ही हरकत में आ गई थी, लेकिन अरविंद पाण्डे की अपहरण के बाद बेरहमी से की गई हत्या पुलिस के लिए सिर दर्द बन गई थी।

टोल अधिकारी व कर्मचारी के साथ कुछ लोगों का कहना था कि टोल पर हुए विवाद की जानकारी स्थानीय पुलिस को समय रहते दी गई थी, लेकिन पुलिस की लापरवाही कहे या पुलिस ने इस मामले का हलके में लिया और अरविंद पाण्डे का कत्ल कर दिया गया। पुलिस ने भागदौड़ कर इस वारदात से जुडे बदमाशों को मुठभेड़ में घायल कर जेल भेजा और आरोपियों के विरूद्ध मजबूत लिखापढ़ी की। पुलिस इस मामले में अपनी ओर से कोई कोताही व नर्मी नहीं बरत रही है, लेकिन राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राहमण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने सोमवार को परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए कलेक्ट्रेट में धरना पर प्रदर्शन किया।

उधर किसान यूनियन ने भी सोमवार को टोल प्लाजा पर एक एजेंसी के कर्मचारी के दुर्घटना के घायल होने व उसको मुआवजा दिलाने का मुद्दा उठाया है। उधर पुलिस अधिकारियों ने टोल मैनेजर कांड हल्के में भी नहीं लिया इसका जीता जागता उदाहरण है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने छपार थाना प्रभारी को लाइन हाजिर करते हुए चौकी इंचार्ज को भी बदल दिया है। कुल मिलाकर एक तरफ पुलिस की लगातार कार्यवाही चल रही है और अधिकारी भी इस मामले में कोई कमी नहीं छोडना चाहते, लेकिन सोमवार को भी इस मामले में धरना प्रदर्शन का दौर चलता रहा। भाकियू के कार्यकर्ताओं ने रामपुर तिराहे पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया और घटना पर भारी रोष व्यक्त करते हुए भाकियू के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग मामलों को लेकर कुछ मांगे रखी और धरने पर बैठे लोगों ने जहां बाला जी बाइक एजेंसी के खिलाफ धरना दिया गया तो वहीं बताया कि एजेंसी कर्मचारी हादसे में घायल हो गया था, लेकिन मालिक की ओर से कोई सहायता नहीं की गई। रामपुर तिराहे पर धरने पर बैठे भाकियू के कार्यकर्ताओं ने घायल कर्मचारी को मुआवजे दिलाने की मांग रखी। दिल्ली देहरादून हाईवे छपार टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर अरविंद पाण्डे कांड में दो करोड़ रूपये के मुआवजे की मांग उठाई। राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राहमण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगे त्यागी ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान काफी लोगों की भीड इकट्ठा हुई और उन्होने इस दौरान पांच मांगे रखी जिनमें टोल प्लाजा ठेकेदार को इस मामले में घसीटते हुए उन पर कार्यवाही की मांग रखी। मांगे त्यागी ने आरोप लगाया कि रालोद नेता की इस मामले में भूमिका संदिग्ध है। उन्होने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के कार्यालय में बातचीत करते हुए बताया कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें उन्होने कहा कि कुछ ओर लोगों की भी भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है क्योकि वह घटना के बाद भी पोस्टमार्टम हाउस पर भी नहीं पहुंचे। और कुछ लोगों पर टोल कर्मियों पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। उन्होने ज्ञापन में कहा कि अरविंद पाण्डे के परिवार को दो करोड रूपये का मुआवजा दिया जाए और एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले और इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर बाकि दोषियों को भी कानूनी प्रक्रिया में शामिल किया जाए। उन्होने इस कम्पनी को ब्लैक लिस्ट कर सेवा समाप्त करने और न्यायिक जांच कराने की भी मांग की। उन्होने ज्ञापन में अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने टोल डिप्टी मैनेजर अरविंद पाण्डे कांड में पुलिस की लापरवाही मानते हुए छपार थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है जबकि चौकी इंचार्ज एसआई शुभम त्यागी को यहां से रतनपुरी भेज दिया है।

बता दे कि टोल प्लाजा के अलावा अन्य मांगों को लेकर भाकियू के कार्यकर्ता भी छपार पुलिस पर लापरवाही जैसे गंभीर आरोप लगा रहे थे। इसी के चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक कर विभागीय कार्यवाही करते हुए नए थाने इंचार्ज की तैनाती कर दी है।

उधर दूसरे पक्ष ने भी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों को एक शिकायती पत्र देते हुए अपना पक्ष रखा और अपने को निर्दोश बताते हुए अपनी व अपने कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग भी उठाई। शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगा कर जांच व कार्यवाही की मांग भी की गई।

# कई निरीक्षक व दरोगा किए इधर से उधर

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एक दर्जन से अधिक निरीक्षक व दरोगा को इधर से उधर करते हुए छपार थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कानून को सुदृढ़ बनाने व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए तितावी के एसएसआई मोहित कुमार को तितावी थाने से छपार थाने का प्रभारी बनाया है और दरोगा गजेन्द्र सिहं को पुलिस लाइन भेज दिया है। एसएसपी ने निरीक्षक विकास कुमार यादव को फुगाना से हटाकर एएचटीयू में भेजा है और निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को भोपा थाने से फुगाना में नियुक्त किया है, जबकि निरीक्षक सर्वेश कुमार को थाना एएचटीयू से कचहरी सुरक्षा में लगा दिया है,जबकि निरीक्ष मनीष कुमार को कचहरी से भोपा प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात किया है। एसएसपी ने दरोगा मोहित कुमार को टीपी नगर चौकी से एसओजी का प्रभारी बनाया है और दरोगा संदीप कुमार को सिविल लाइन से चौकी टीपी नगर की जिम्मेदारी सौंपी है रजत सिंह को छपार से फुगाना, दरोगा आयुष त्यागी को थाना खालापार से छपार चौकी इंचार्ज बनाया है और अखिल चौधरी को एसओजी से एसएसआई तितावी के पद पर नियुक्त किया है। उन्होने दरोगा शुभम त्यागी को छपार चौकी से हटाकर रतनपुरी और अनुराग सिंह को रतनपुरी से हटाकर थाना छपार भेजा है। बता दे कि एसएसपी लापरवाह व भ्रष्टाचारी में लिप्त निरीक्षक व दरोगाओं के साथ पुलिसकर्मियों पर भी लगातार विभागीय कार्यवाही कर रहे है।

# समर्पण संस्था की काव्य गोष्ठी में बहा भावनाओं का दरिया

■ डॉक्टर सहदेव आर्य के केन्द्र पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** डॉ. सहदेव सिंह आर्य के केंद्र पर हिंदी-उर्दू साहित्यिक संस्था समर्पण की मासिक काव्य गोष्ठी में जीवन, प्रेम, संघर्ष और सामाजिक चेतना की गूंज सुनाई दी। गोष्ठी का शुभारंभ सुशीला शर्मा की सरस्वती वंदना और उर्दू डवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के संयोजक तहसीन कमर असारवी की नाते पाक से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वर दयाल गुप्ता ने की, जबकि संचालन का दायित्व डॉ. आस मोहम्मद अमीन ने निभाया।



गोष्ठी में देशभर से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया जिनमें ईश्वर दयाल गुप्ता ,अब्दुल हक़ सहर ने समाज की सच्चाई को यूं बयां किया। बारूद नफ़रतों की फ़िज़ाओं में छोड़ कर, इंसां बना रहा है क़यामत के दायरे। इसके अलावा योगेंद्र सोम, डॉ. आस मोहम्मद अमीन, तहसीन कमर असारवी का ये शेर बार बार सुना-हम बजाहिर तो अपने घर में रहे, उम्र गुज़री है कैदख़ाने में।

यहां रामकुमार रागी, कमला शर्मा, सहदेव सिंह आर्य,सुशीला शर्मा, विजया गुप्ता, सलामत राही, कर्मवीर सिंह, समीर कुलश्रेष्ठ, सुशील सिंह, लईक अहमद, नीशू सूफी, अंजली उत्तरेजा गुप्ता, टिमसी ठाकुर, सुनीता सोलंकी की कविता सराही गई। साहित्यकार ईश्वर दयाल गुप्ता, महबूब आलम एडवोकेट, हाजी सलामत राही, कर्मवीर सिंह (बिजनौर), सुशीला शर्मा, कमला शर्मा, विजया गुप्ता, योगेन्द्र सोम, लईक अहमद, समीर कुलश्रेष्ठ, डॉ. आस मोहम्मद अमीन, तहसीन क़मर असारवी, सुशील सिंह, योगेश सक्सेना, सुनीता मलिक सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

# बुलंदशहर की लड़की को प्रेमी ने अपनाया

## एसएसपी के दरबार में पहुंची थी शिकायत लेकर, जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को मंसूरपुर के प्रेमी की शिकायत लेकर पुलिस कार्यालय पहुंची बुलंदशहर की लड़की को शादी का तोहफा मिला। पुलिस अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद दूसरे पक्ष से बातचीत की गई तो लडका पक्ष शादी के लिए तैयार हो गया, हालांकि लड़की ने एसएसपी को बताया था कि चार साल से प्रेम संबंध होने के बाद प्रेमी शादी से मुंह कर रहा है। जब पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही की बात कही तो लडका व परिजन लडकी को अपनाने को तैयार हो गए।

सोमवार को एक युवती पुलिस कार्यालय पहुंची और एसएसपी से मिलकर बताया कि वह बुलंदशहर की रहने वाली है और मंसूरपुर के रहने वाले युवक से उसके चार वर्ष से प्रेम संबंध चल रहे है और अब वह शादी करने को इंकार कर रहा है। लडकी ने यहां तक कह डाला कि यदि लडके पक्ष ने उसको नहीं अपनाया तो वह अपनी जान दे देगी। यह मामला पैचीदा हो गया तो लडके पक्ष से सम्पर्क किया गया जहां परिजन व युवक शादी के लिए राजी हो गए। पुलिस ने इस समय कानून को देखते हुए यह भी शर्त रखी कि शादी में कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए क्योकि सात फेरों का बंधन जिन्दगी भर के लिए होता है और इसमें कोई जबरदस्ती नहीं कर सकता। शादी की हां होने पर लड़की खुशी से लौट गई।



# नवोद्य विद्यालय का छात्र रहस्मय लापता

■ परिजनों ने पुलिस से लगाई बरामदगी की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बघरा।** तितावी क्षेत्र के बघरा स्थित नवोद्य विद्यालय का छात्र रहस्मय लापता हो गया है। और 24 घंटे के बाद भी छात्र का कोई सुराग नहीं लग सका, जबकि परिजनों के साथ पुलिस भी बच्चे की में जुटे है। गांव अलीपुर कला निवासी पन्द्रह वर्षीय आर्यन पुत्र आतिश 21 सितम्बर को स्कूल से अचानक ही लापता हो गया है। बच्चे की घटना के बाद से ही तलाश की जा रही है, लेकिन 24 घंटे के बीत जाने के बाद ही छात्र आर्यन का कोई सुराग नहीं लग सका। शिकायती पत्र मिलने के बाद तितावी पुलिस भी नवोद्य स्कूल पहुंची और घटना की छानबीन करते हुए छात्र की लगातार तलाश कर रही है।



# रामलीला में रावण, कुंभ करण व विभीषण ने मांगे वरदान

## नई मंडी रामलीला भवन में 99वां महोत्सव का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला कमेटी नई मंडी के तत्वाधान में श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वॉ श्री रामलीला महोत्सव मे दूसरे दिन श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि मयंक बंसल सर्राफ सपत्नी द्वारा भगवान विष्णु एवं हनुमान जी की आरती व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि मयंक बंसल ने कहा कि इस रामलीला का बहुत पुराना इतिहास है तथा इतना भव्य मंच पूरे जनपद में कहीं भी नहीं है उन्होंने कहा कि हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए, कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग ने अपनी पूरी कमेटी के साथ अतिथियों का पटके पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तत्पश्चात मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा श्री रामलीला का भव्य मंचन किया गया, दूसरे दिन की लीला मे मनु शतरूपा ने भगवान विष्णु की तपस्या कर उनके जैसे पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगा, तत्पश्चात रावण कुंभकरण और विभीषण ने ब्रह्मा जी से वरदान माँगा रावण ने वरदान मांगा कि मैं मनुष्य और वानर के हाथों मारा जाऊं वही कुंभकरण ने निद्रासन मांगा जिसमें 6 माह जागना व 6 माह सोना तथा विभीषण ने भगवान की भक्ति मांगी ब्रह्मा जी ने तीनों को वरदान दिया उसके बाद सीता जी का जन्म हुआ तथा बधाइयां गाई गई, श्री रामलीला मंचन को देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, संचालन स्वदेश कौशिक द्वारा किया गया श्री रामलीला में इस वर्ष आए रामायणी जी द्वारा अपनी शब्दावली से सभी भक्तजनों को मंत्रमुग कर दिया। इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, राकेश खंडेलवाल, विदित गुप्ता, राजेश गोयल, शरद गोयल, अभिषेक कुच्छल, संजय जिंदल काका, कुलदीप शर्मा, विवेक बंसल, डॉ प्रदीप जैन, विशाल कालरा विनय कुमार आशीष गर्ग राजकुमार आदि उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: रामलीला कमेटी के पदाधिकारी अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

# एक सप्ताह में दो मौत, अब जानवरों से भी बनी दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मगरमच्छ का ख़ौफ़ क्या कम था की ज़हरीले सांप ने युवक की जान लेकर दहशत फैला दी है।

मगरमच्छ के हमले मे गायब हुए मजलिसपुर तौफीर निवासी चन्द्रबोस सैनी की तलाश अभी पूरी भी नहीं हुई की मोरना के युवक मोहित की सांप के डसने से मौत हो गयी। मोहित की मौत से जहां परिवार मे शोक छाया हुआ है।वहीं जानवरो से सुरक्षा को लेकर सवाल खडे हो गये हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे 24 वर्षीय मोहित उर्फ़ टिंकू पुत्र शादीराम की मौत ज़हरीले सांप के डसने से हो गयी थी।शनिवार की देर शाम मंगल प्रजापति के घर मे घुसे सांप को पकड़ने के दौरान मो. हित को सांप ने डस लिया था।

वायरल वीडियो मे मोहित काले रंग के फनेदार सांप को पकडकर खेल रहा है।इस खतरनाक खेल की कुछ युवको ने वीडियो बनाकर वायरल भी की। किसी भी इंसान के रोंगटे खडे कर देने वाली वीडियो को देखकर प्राय:डर पैदा होता है।

## बढ़ रहा सर्प दंश से मौत का आंकड़ा

**मोरना।** ब्लॉक् क्षेत्र की बात करें तो सर्प दंश से मौत का ग्राफ बढ़ रहा है। बीते वर्ष क्षेत्र के गांव फिरोजपुर मे बाबू, रहकड़ा गांव मे सोनू, भोपा मे अजय वालिया व टीटू वाल्मीकि तथा बिहारगढ़ गांव मे नितिन कुमार की मौत सांप के डसने से हो चुकी है। वहीं सर्प दंश से पीड़ित दर्जनों व्यक्तियों की जान समय पर उपचार से बच गयी। सबसे अधिक मामले सितंबर माह मे हुए हैं।

जानकारो के अनुसार सूखे व ठंडे स्थान की तलाश मे सांप अक्सर घरों मे घुस जाते हैं। वर्षा के दिनों मे उचित प्रकाश की व्यवस्था रखें। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मोरना अजय कुमार ने बताया की सर्प दंश के बाद तुरंत चिकित्सक के पास जाएं।मोरना व भोपा मे एंटी वेनम टीका उपलब्ध है।

# महिला थाना में मिशन शक्ति फैज का किया शुभारंभ




**मुजफ्फरनगर।** महिला थाना परिसर में थाना अध्यक्ष संगीता डांगर की अध्यक्षता में मिशन शक्ति केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सदस्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सपना कश्यप और बीना शर्मा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सिविल मिशन शक्ति ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया।

सपना कश्यप ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र पर महिलाओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी, जिससे उन्हें दूसरी जगह भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही केंद्र की ओर से महिलाओं को सुरक्षा, जागरूकता और सामाजिक अधिकारों के विषय में समय-समय पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस केंद्र का उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों के लिए समग्र विकास सुनिश्चित करना है। इसमें जिन पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा, उनमें कौशल विकास और प्रशिक्षण के कार्यक्रम, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना के तहत जागरूकता, मंत्र बंधन योजना के माध्यम से समाज में बालिकाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा आदि शामिल हैं।

इस दौरान बीना शर्मा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सिविल मिशन ने कहा कि हमिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के लिए आशा और सुरक्षा का केंद्र बनेगा। यहां आने वाली हर महिला को न्याय और सहयोग मिलेगा। हमारा प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक महिलाएं इस अभियान से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना अध्यक्ष सहित महिला थाना के सभी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## कार व बाईक की भिड़ंत, बाईक चालक सहित दो महिला घायल सभी, जिला अस्पताल रैफर

**भोपा।** भोपा क्षेत्र मे गंग नहर पटरी पर कार व बाईक की भिड़ंत हो गयी जिसमे बाईक सवार दामाद खेमचंद्र व सास घायल हो गये जबकि खेमचंद्र की पत्नी पूनम को मामूली चोट आई हैं।घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए लाया गया।जहां से गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बेलडा गंग नहर पटरी पर सोमवार की सुबह कार व बाईक की भिड़ंत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के ही थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव मखयाली निवासी खेमचंद्र 50 वर्ष अपनी पत्नी पूनम 45 वर्ष व सास रामरती 65 वर्ष को लेकर बाईक द्वारा पुरकाजी थाना क्षेत्र के ( हरी नगर) के पास गांव चंदक अपनी ससुराल जा रहे थे जैसे ही भोपा और बेलडा के बीच गंग नहर पटरी महमूदपुर माजरा के सामने पहुंचे तेज गति से सामने से आ रही कार व बाईक की भिड़ंत हो गयी। जिसमें खेमचंद व उसकी पत्नी पूनम व सास राम. रती गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुँचाया जहां से खेमचंद्र व सास राम. रती को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

## छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में किया श्रमदान

**खतौली।** सोमवार को विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय गांधारी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और कचरे को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर जमा किया। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा, एनएसएस अधिकारी सुलक्षणा आर्य, रीना चौधरी व प्रियंका मौजूद रहीं। प्राचार्या ने छात्राओं की पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में छात्राओं का योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर दोनों इकाइयों की सभी छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

## बीईओ ने किया कंपोजिट स्कूल का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** जहां एक और ब्लाक बुढाना क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमति किरण यादव ने कंपोजिट स्कूल डुंगर में पहुंचकर स्कूल का औचक निरीक्षण किया वहीं दूसरी और इसी स्कूल के छात्र छात्राओं ने हाथ धुलाई दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। उत्तर प्रदेश शासन के आदेश अनुसार आज सोमवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत हाथ धुलाई दिवस मनाया गया।

जिसमें सहायक अध्यापक देवेंद्र कुमार ने स्वच्छता के संबंध में सभी बच्चों को महत्वपूर्ण तरीकों से अवगत कराया। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्कूलों में हाथ धुलाई दिवस बीमारियों को रोकने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए साबुन और पानी से हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। स्कूलों में बच्चों को उचित स्वच्छता सेवाओं के बिना बीमारी फैलने का केंद्र बन सकता है। यह एक वैश्विक अभियान है। जो बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार करता है और कुपोषण के जोखिम को कम करता है। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के द्वारा स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता को जांचा गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक निरीक्षण बिंदु सकारात्मक मिले।

# धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को एकादश कुण्डीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ आस्था एवं भक्ति भाव के धार्मिक संगम के बीच बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस शुभारंभ से पूर्व मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निक. ाली गई, जिसमें क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया।

भारतीय कॉलोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ किया गया। मंदिर समिति ने आए अतिथियों एवं भक्तजनों का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। आस्था के साथ-साथ ऐसे महायज्ञ हमें हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं से बच्चों को और युवा पीढ़ी को जोड़ते हैं। श्री बालाजी धाम मंदिर की इस भव्य कलश यात्रा ने नगर में धार्मिक सौहार्द का



अद्भुत संदेश दिया है। उन्होंने ईश्वर से सभी के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। कलश शोभायात्रा में पूर्व विधायक अशोक कंसल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी भीमसेन कंसल, राकेश बिंदल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, सोम प्रकाश कुच्छल, हरिशंकर तायल, कुलदीप कुमार, विनोद राठी, रजत राठी, रजत गोयल, नितिन संगल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छात्रा सुमायला ने अंग्रेजी टाप कर जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना में गन्ना समिति के पास स्थित शिक्षण संस्था डीएवी डिग्री कॉलेज की एमए अंग्रेजी की होनहार मेहनती छात्रा सुमायला ने माता शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी विषय में टॉप करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

आज सोमवार के दिन छात्रा सुमायला के अपने कॉलेज मे पहुंचने पर छात्रा सुमायला का कालेज की प्रबंध कमेटी के प्रबंधक सेठ अरविंद गर्ग और कालेज के प्राचार्य द्वारा संयुक्त रुप से जोरदार स्वागत किया गया। बताया जाता है कि छात्रा सुमायला कस्बा बुढाना के मौहल्ला मंडी की रहने वाली है। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉक्टर कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी में बीती 20 सितंबर को तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ था। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एमए अंग्रेजी की छात्रा सुमायला को यूनिवर्सिटी टॉप करने पर स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया था। आज कालेज में पहुंची छात्रा का स्कूल कमेटी के प्रबंधक अरविंद गर्ग ने छात्रा का स्वागत किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। अरविंद गर्ग ने कहा कि उनके कालेज की छात्रा ने कालेज और अपना ही नही बल्कि जनपद मुजफ्फरनगर का नाम भी रोशन किया है। दूसरी और सुमायला के परिवार में खुशी का माहौल है। मौहल्ले में मिठाई का वितरण भी इसी खुशी में किया गया।

# एआईएमआईएम नेता सय्यद बाबर ने मांगा सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** जिला पंचायत के वार्ड नम्बर 20 क्षेत्र के गांव भसाना की शुगर मिल कॉलोनी में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के युवा नेता सैय्यद बाबर ने बीती रविवार की देर रात आयोजित एक बैठक में पहुंचकर सैंकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि में आपके गांव भसाना क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के बैनर तले से लड़ रहा हूं।

इसलिए चुनाव में आप सभी का सहयोग उनको चाहिए क्योंकि आप सभी के बिना मेरी जीत इस क्षेत्र से असंभव है। उन्होंने सभी से चुनाव के दिन सहयोग रुपी वोट की अपील की तो सभी ग्रामीणों ने उनको आश्वस्त करते हुए कहा कि वे बेफिक्र रहें। हम आपको ही चुनाव में वोट देंगे। आप चुनाव लड़ें क्योंकि आप जैसा काबिल उम्मीदवार इस क्षेत्र से कोई है भी नहीं। यहां युवा आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के



जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल माजिद ने कहा कि आने वाला कल सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का ही है। सभी पार्टियों और दलों को हमने देखा लिया है। सभी हमें सिर्फ और सिर्फ वोटों के लिए ही इस्तेमाल करते हैं। इसलिए अब हमें सभी से होशियार रहना है और आने वाले किसी भी चुनाव में चाहे वो सांसद का चुनाव हो या फिर जिला पंचायत का चुनाव हो सभी में औवेसी के उम्मीदवारों को जिताने का काम करना है। यहा कारी अब्दुल गफ्फार नगराध्यक्ष, फहीम, भूरा, महबूब, फिरोज, केसर, शकील, डॉक्टर नोमान, यूथ के पूर्व जिलाध्यक्ष रमीज माविया आदि लोग मौजूद थे।

# धूमधाम से निकली श्रीराम की भव्य बारात, भक्तिमय हुए श्रद्धालु

**खतौली रामलीला कमेटी के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में आयोजित प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के अंतर्गत रविवार को भगवान श्रीराम की भव्य बारात नगर में धूमधाम से निकाली गई।

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य बारात नगर में धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धा, भक्ति और परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। शोभायात्रा श्रीरामलीला ठाकुरद्वारे से प्रारंभ होकर इंद्रा मूर्ति, जीटी रोड, जानसठ तिराहे, भवानी मार्ग, बड़ा बाजार से होती हुई ठाकुरद्वारे पर समाप्त हुआ। धार्मिक धुनों, बैंड बाजों और आकर्षक झांकियों लवकुश, अशोक वाटिका, राम दरबार, ऋषि मुनि की झांकियों ने शोभायात्रा को भक्तिमय बना दिया। गणेश शंकर पालीवाल ने कहा कि श्रीराम के चरित्र और मर्यादा को जीवन में अपनाना ही सच्ची रामल. ीला है।

राम बारात की सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी । इस मौके पर रामलीला कमेटी से जुड़े सैकड़ों लोग मौजूद रहे। राम सीता विवाह के बाद अयोध्या में श्री रामचन्द्र जी के राज्याभिषेक की तैयारी की गई लेकिन कैकेई ने भारत को राजा बनाने की मांग करते हुए कोप भवन में जाती है जहां कैकेई राजा दशरथ से भारत को अयोध्या की राजगद्दी और राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगती है। रामलीला में हुए इस मंचन को देख वहां मौजूद सैकड़ो लोगों की आंखें नम हो जाती है और इस ख्रश्य को देख लोग भाव भी और भी हो गए थे।

# बुढ़ाना कोतवाली में मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन



**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना में सोमवार की सुबह जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर मिशन शक्ति-5.0 केन्द्र का उद्घाटन हुआ। बताया जाता है कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को प्राथमिकता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति-5.0 का शुभारम्भ बीते दिवस उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के कर कमलों द्वारा किया गया था।

इसी अभियान के क्रम में आज बुढ़ाना कोतवाली परिसर में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना कर उसका उद्घाटन भी किया गया। इस केन्द्र के माध्यम से महिलाओं व बालिक. ाओं को त्वरित सहायता प्रदान करने, महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों का संज्ञान लेकर निस्तारण करने व उनके अधिकारों एवं विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक कराने की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा मिशन शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत रोजाना जन जागरुकता कार्यक्रम, सेमिनार, काउंसलिंग, कार्यशालाएं एवं हेल्प डेस्क सेवाएं भी संचालित की जाएंगी और साथ ही मिशन शक्ति-5.0 के अन्तर्गत पुलिस का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना है। यहां कोतवाल सुभाष अत्री, महिला दारोगा निधि शर्मा, रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी और रिटायर्ड शिक्षिका संतोष कुमारी सहित राष्ट्रीय इंटर कालेज बुढ़ाना की छात्राओं की उपस्थिति रही।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हसन रज़ा पुत्र हसीन अब्बास निवासी म. नं. 526 किदवईनगर पुलिस चौकी किदवईनगर थाना खालापार मुजफ्फरनगर मो. नं. 9927232501 के दिनांक 21.9. 2025 को अपने घर से ऑफिस स्थित नुमाइश कैंप के लिए दोपहर 12:40 बजे के लगभग मोटरसाइकिल पर रखे कुछ आवश्यक कागजात जिनमें दो असल बैनामे जो उपनिबंधक द्वितीय मुजफ्फरनगर में बही नंबर 1 जिल्द 1256 के 93-104 में नंबर 8535 दिनांक 13.10.2003 ई. पर दर्ज हैं, जिसे शौकीन अहमद पुत्र तुफैल अहमद ने श्रीमती मुबश्शरा परवीन पत्नी सलीम अहमद को विक्रय किया था तथा एक दूसरा असल बैनामा जो उप निबंधक द्वितीय मुजफ्फरनगर में बही नंबर 1 जिल्द 1262 के 337-350 में नंबर 8800 दिनांक 21. 10.2003 ई. जो श्रीमती शाहीन परवीन पत्नी श्री शौकीन अहमद ने श्री सलीम अहमद पुत्र नकी हसन को विक्रय किया था। उक्त दोनों असल बैनामे मेरे पास थे, जो वास्तव में कहीं खो गए हैं। मैंने काफी तलाश किया लेकिन दोनों बैनामे नहीं मिले, इसलिए इस संबंध में थाना खालापार में 22. 09.2025 को रिपोर्ट लिखवा दी है।

# मिशन शक्ति: खतौली कोतवाली में महिला सशक्तिकरण केंद्र की स्थापना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर प्रदेशभर में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाने में महिला सशक्तिकरण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को कोतवाली खतौली में महिला सशक्तिकरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन एसडीएम राजकुमार भारती और कुंद कुंद जैन पीजी कॉलेज की प्राचार्या नीतू वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान सीओ रामआशीष यादव के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। महिला सशक्तिकरण केंद्र की इंचार्ज खुशबू को बनाया गया

इस मौके पर कांस्टेबल पूनम शर्मा, कोमल समेत अन्य महिला पुलिसकर्मी और स्टाफ मौजूद रहे। कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि यह केंद्र महिलाओं की सुरक्षा, काउंसलिंग, मार्गदर्शन और शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए कार्य करेगा।



उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के साथ ही अपराधों की रोकथाम और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी। महिला सशक्तिकरण केंद्र पर आने वाली पीड़िताओं को परामर्श से लेकर संरक्षण और आत्मनिर्भरता तक हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह कदम महिला सुरक्षा को और मजबूत बनाने तथा समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# वैश्य समाज ने मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती



**मुजफ्फरनगर।** श्री कदीम अग्रवाल सभा मुजफ्फरनगर द्वारा भगवान अग्रसैन जी जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सभा भवन अबूपूरा मे हवन यज्ञ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंसल ने की जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ,प्रसिद्ध उद्योग. पति गौरव स्वरूप , संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा के संरक्षक सुनील सिंघल , वैश्य सभा के अध्यक्ष प्रमोद मित्तल, प्रसिद्ध डॉक्टर मनोज काबरा, प्रसिद्ध डॉक्टर यश अग्रवाल ' , कुलद. ीप गोयल वरिष्ठ समाजसेवी दीपक बंसल अनिल लोहिया , एवं सफल संचालन पवन बंसल ने किया , सभी वक्ताओ ने भगवान अग्रसैन जी के गौरवशाली इतिहास पर अपने विचार रखें। मंत्री अनील तायल ने आए हुए सभी अतिथियों का फूलमाला और पटका पहनकर स्वागत किया उनके सहयोगी के रूप में उपाध्यक्ष मयंक बंसल कोषाध्यक्ष अनिल बंसल औषधालय मंत्री नरेश गर्ग का बड़ा योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री दीपक बंसल अनिल लोहिया सत्य प्रकाश बिंदल सुरेश सिंघल अरविंद गोयल कृष्ण कुमार गर्ग रावण प्रदीप गुप्ता सुनील सिसौली वाले हिमांशु मित्तल बंटी किनौनी जनार्दन स्वरूप गर्ग हरिमोहन बंसल अनिल बंसल राम भूल गर्ग हरीश मित्तल दीपक मित्तल अशोक सिंघल सैकड़ो वेस्ट बंधुओ ने कार्यक्रम में भाग लेकर शोभा बढ़ाई आए हुए सभी अतिथियों का सभा के अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंसल ने हृदय की गहराइयों से धन्यवाद किया और महाराजा अग्रसेन जी के बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया महाराजा अग्रसेन जी की नीति थी के अग्रोहा में जो भी बंधु रहने के लिए आता था उसको एक रूपयाऔर एक ईट दी जाती थी कहा जाता है कि उस समय अग्रोहा में एक लाख परिवार रहते थे।

## सूचना

**I, UZMA TASLEEM W/O AMAN ZAMA R/O- H.N. 398, Khalapar, P/s Khalapar, Distt. MUZAFFARNAGR (U.P.) Have changed my name to UZMA AMAN.**

# सिक्योरिटी आफिस का युवा रालोद जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना की टाऊन हाल मार्किट में आज सोमवार के दिन असलम अहमद ने आरआई सिक्योरिटी सिस्टम का नया आफिस खोला। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान ने सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया।

उन्होंने यहां पर आफिस के संचालक असलम अहमद को इस नए व्यवसाय की शुरुआत करने पर ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ ढेरों दुआएं भी दी। इस दौरान



यहां पर मुख्य रूप से सादिक अहमद, नईम अहमद, कय्यूम अहमद, हसीन अहमद, अफजाल अहमद और मुस्तकीम अहमद सहित अन्य काफी लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद् 'विराट' ने मनाया संस्कृति सप्ताह

**मुजफ्फरनगर।** आज भारत विकास परिषद् मुजफ्फरनगर 'विराट' द्वारा आयोजित संस्कृति सप्ताह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। समापन अवसर पर आयोजित श्रेष्ठ जन सम्मान कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक अग्रवाल (डेंटिस्ट), सुल्तान सिंह (एस.एच.ओ., साइबर क्राइम) एवं गौरव चौहान (सब-इंस्पेक्टर, साइबर क्राइम) को परिषद् द्वारा श्रेष्ठ जन सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद अरोरा एवं विपिन कुछल ने की। सीए संजय जैन ने सप्ताह की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा विष्णु सिंघल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांतीय महासचिव अरुण खंडेलवाल, प्रांतीय मार्गदर्शक नवीन सिंघल एवं प्रकल्प प्रभारी मनोज सेठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सप्ताह भर आयोजित संस्कृति सप्ताह के दौरान अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम संपन्न हुए। इनमें गुरुवंदन एवं छात्र अभिनंदन समारोह, दंत परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण, सुंदरकांड पाठ, गौ सेवा तथा भागवन्ती सिलाई संस्कार शिक्षा केंद्र को दो सिलाई मशीनें भेंट करना जैसी जनोपयोगी गतिविधियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार गोयल, शरद जैन एवं निष्काम गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। संस्कृति सप्ताह के मुख्य अतिथि अरुण खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद् का उद्देश्य समाज में संस्कार, सेवा और समर्पण की भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों एवं नागरिकों को समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना है।कार्यक्रम में परिषद् के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शामली।** शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेककर सुख समृद्धि की कामना की। पहले नवरात्र पर माता दुर्गा के नौ स्वरूपों में से मां शैलपुत्री की पूजा की गई। भक्तों ने पहले दिन माता का व्रत रखकर उपासना की। सोमवार को शारदीय के नवरात्र के पहले दिन के साथ ही सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नवरात्र महापर्व के पहले दिन कलश स्थापना को ले जहां घर-घर में पूजा पाठ शुरू हो गया। दुर्गा मंदिरों में वैदिक विधि विधान से कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की। नवरात्र के पहले दिन शहर के मंदिर हनुमान धाम स्थित दुर्गा मंदिर, सब्जी मंडी स्थित अटठे वाला दुर्गा मंदिर, राजो मौहल्ला स्थित चौदस वाला दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। पहले दिन मां दुर्गा को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। माता के दर्शनों को सुबह सवेरे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही तो वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए थे। देवी मंदिरों में पुलिस फोर्स भी तैनात रही। इस दौरान मंदिरों को भी रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया था।

## Name Change Information

I hereby informed you that I have changed my name from Parveen Jain to Parveen Kumar Jain for all purpose.

**Parveen Kumar Jain s/o Jinender kumar jain Address hai Flat no 7, second flor, om aashiyana, dwarikapuri, Muzaffarnagar-251001**

# छपार टोल धरने पर बैठे कर्मचारी



**छपार।** हाईवे के छपार टोल पर टोल कर्मी दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। बदमाशों द्वारा असिस्टेंट मैनेजर की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई उसे लेकर टोल कर्मचारी धरने पर बैठ गए।

उन्होंने मेनेजर पर स्थानीय कर्मचारियों को नौकरी से हटाने का आरोप लगाया। जिसे लेकर उन्होंने टोल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है ओर वापस नौकरी पर बुलाने की मांग को उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उन्हें नोकरी पर नहीं रखा गया तो दो दिन बाद भूख हड़ताल पर बैठेंगे। शुक्रवार की रात्रि में बदमाशों ने किराये पर लिये गये गेस्टहाऊस का दरवाजा खुलवाकर टोल मैनेजर मुकेश चौहान को लोहे की राड से पीटकर लहूलुहान कर दिया उसके बेहोश होने पर असिस्टेंट मैनेजर अरविंद पांडे को बदमाश घसीटकर कार तक ले गये ओर उसमें डाल कर फरार हो गये। शनिवार की सुबह उसका शव मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में पड़ा मिला। अगले दिन रविवार को टोल ठेकेदार बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक अपने सैकड़ों समर्थकों व टोल कर्मियों के साथ धरने पर बैठ गये। सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया लेकिन स्थानीय टोल कर्मियों ने डयूटी करने से इंकार कर ओर 16 घंटे तक टोल फ्री चला। रात्रि में ही ठेकेदार ने कर्मचारियों की भर्ती कर टोल चालू कराया। सोमवार को टोल से हटाये गये कर्मचारी टोल कंट्रोल रूम के पास धरने पर बैठ गये। उनके साथ आसपास के गांवों से भी ग्रामीण धरने पर बैठे हैं उनका आरोप है कि उन्हें जो वेतन मिलता है मेनेजर उसमें से आधा वेतन वापस मांग रहा था जिसका वे विरोध कर रहे थे। कर्मचारियों की मांग है कि टोल मेनेजर को हटाया जाये, सभी कर्मचारियों को वापस बुलाया जाये, उनको सुरक्षा दी जाये ओर जो वेतन उन्हें मिलता है उसमें से आधा वेतन वापस न लिया जाये उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगे नही मानी गई तो दो दिन बाद धरना भूख हड़ताल में तब्दील कर दिया जायेगा।धरना अनिश्चितकालीन चलने की घोषणा की गई।।

# गांव बड़ौदा में भाजपा पर जमकर बरसे देवेंद्र

## कहा- 24 सितम्बर को भारी संख्या में पहुंचे कलेक्ट्रेट

**बुढाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव बड़ौदा में आज सोमवार के दिन सामाजिक न्याय क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजिनियर देवेंद्र सिंह कश्यप भाजपा सरकार पर जमकर बरसे। यहां पर उन्होंने दलित और कश्यप सहित अन्य सभी जातियों के लोगों से 24 सितम्बर को भारी संख्या में मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट पहुंचने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जब तक हमारा झंडा, नारा और कोई चिन्ह नहीं होगा तब तक हमें कोई ना कोई पार्टी अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करती रहेगी। हम 24 सितम्बर को अपनी पार्टी का नाम, झंडा, चिन्ह और नारे की घोषणा करेंगे। हम सभी चुनाव लडेंगे ताकि हमारे बच्चों का भविष्य बर्बाद ना हो। भाजपा या कोई भी पार्टी ये नहीं चाहती कि हम पिछड़े दलित लोग आगे बढ़ें।

बस वे अपने फायदे के लिए हमारे वोट लेने के लिए हैं बाकी हमारे विकास और हमारे भविष्य की उनको कोई चिंता नहीं। कल 24 सितम्बर को होने वाले इस कार्यक्रम को हमने अति पिछड़ा, महादलित अधिकार आंदोलन का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि ये सभी पार्टियां हमारे बच्चों का हिस्सा खा गयी। ये 78 साल से हमें लूटते ही आ रहे हैं। जो हमारा झंडा नारा लेकर हमारे बीच आएगा उसे ही वोट देंगे बाकी को बैरंग लौटाना है और अगर हमने ऐसा नहीं किया तो हमारी आने वाली नई नस्लें हमें धिक्कारेगी और कभी माफ नहीं करेगी। इस दौरान यहां पर सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# थाने में मिशन शक्ति केंद्र का फीता काट कर तहसीलदार ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जानसठ थाने में मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने फीता काटकर इस केंद्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र के उद्देश्यों और महिलाओं को विस्तार से बताया।

सोमवार को जानसठ थाने परिसर में महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने हेतु थाने पर मिशन शक्तिकेंद्र का उद्घाटन तहसीलदार ने किया, शक्ति केंद्र का उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में पहुंची तहसीलदार का वहां उपस्थित कांस्टेबल के द्वारा सर्व प्रथम मस्तक पर तिलक किया उसके उपरांत तहसीलदार ने फीता काट कर उद्घाटन किया उद्घाटन के अवसर पर तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं को कानूनी सहायता, परामर्श और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल के रूप में काम करेगा, जहाँ वे बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी समस्याएँ बता सकेंगी।

इस पहल से महिलाओं को सम्मान और स्वावलंबन के साथ जीवन जीने का अवसर मिलेगा। वहीं थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने कहा कि श्मिशन शक्ति अभियान के तहत, हर थाने में एक नारी शक्ति डेस्क या महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा देना, उनके सम्मान को सुनिश्चित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ये डेस्क महिलाओं से जुड़े अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करती हैं और उन्हें कानूनी सहायता के बारे में जागरूक भी करती हैं।इस दौरान मुख्य रूप से एस एस आई रामवीरसिंह , उपनिरीक्षक मोहित तेवतिया उपनिरीक्षक पंकज शर्मा उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार , महिला उप-निरीक्षक अर्पणा यादव उपनिरीक्षक सुमन लता, महिला कांस्टेबल सीमा देवी ,लता रचना मोनिका रंजनी आदि मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण को महिला हेल्प डेस्क मिशन शक्ति केंद्र शुरू



**पुरकाज़ी।** सोमवार को थाना परिसर में महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन योग गुरु स्वामी कर्मवीर महाराज व राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रीति चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष जयवीर सिंह सहित पुलिसकर्मी और अध्यापिका साक्षी देशवाल एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इससे महिलाओं को त्वरित न्याय और सम्मान मिलेगा। महिला हेल्प डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक निशा सिंह ने बताया कि अब महिलाओं की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई होगी और उन्हें दूसरी जगह भटकना नहीं पड़ेगा। यह मिशन जागरूकता और विकास की पहल होगी केंद्र पर महिलाओं और बच्चियों को जागरूक करने संबंधी गतिविधियाँ समय-समय पर आयोजित की जाएँगी। साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मंत्र बंधन योजना, शिक्षा से लेकर कौशल विकास कार्यक्रमों तक की सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इस मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना से पुरक़ाज़ी और क्षेत्र की महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई पहचान मिलेगी।

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य बारात निकाली



**शाहपुर।** नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई नगर में स्थान स्थान पर बारात का सपनों सभी का स्वागत किया गया भगवान राम सहित चारों भाइयों के स्वरूप बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे, शोभायात्रा की विशेष बात यह रहेगी श्री राम बारात के समापन पर रामलीला मैदान में जनकपुरी का आयोजन किया गया। इस दौरान जनकपुरी की शोभा देखते ही बनती थी रात्रि में मंच पर भगवान राम सहित चारों भाइयों की आरती से पूर्व बैंड बाजों की धार्मिक भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्री राम बारात में शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से शोभायात्रा के दौरान मुस्तैद रहा। शाहपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के बैनर तले चल रहे श्री राम लीला महोत्सव में सोमवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बारात का आयोजन किया गया। सायं काल प्राचीन शिव मंदिर शिवालय पर सबसे पहले भगवान राम लक्ष्मण भरत एवं शत्रुघ्न के स्वरूपों का पूजन किया गया प्रख्यात पंडित विजयपाल शर्मा ने विधिवत पूजन संपन्न कराई। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल ने संयुक्त रुप से चारों स्वरूपों को तिलक कर पूजन कराया। इसके बाद आरती में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारियों के साथ साथ नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात नगर के मोहल्ला सैनीयान हरिजन बस्ती वाल्मीकि बस्ती मोहल्ला गडरियान नूरबाफान अंसारियान दरबार एवं मेन बाजार होते हुए मंगलापुरी मंडी, शिव कालोनी, मालदा बाग से होकर वापस मेन रोड से होते हुए श्री रामलीला मैदान में पहुंची। विगत वर्षों की भांति ही जनकपुरी का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान राम लक्ष्मण भरत एवं शत्रुघ्न गुरु वशिष्ठ मुनि विश्वामित्र आदि के रथो पर पुष्प वर्षा की गई के द्वारा भगवान राम सहित चारों भाइयों का स्वागत किया गया। समस्त बारात को जनकपुरी में रात्रि भोज में समाजसेवी सतीश जैन की ओर से स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए इस दौरान यहां की सुंदरता देखते ही बनती थी रात्रि में मंच पर चारों भाइयों की आरती की गई इससे पूर्व शोभायात्रा में शामिल बैंड बाजों की धार्मिक भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया गया।गौरतलब है कि शाहपुर में इस बार पवित्र वृंदावन धाम की प्रसिद्ध कलाकार मंडली श्री रामलीला का बेजोड़ मंचन कर रही है। जहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बारात के सफल आयोजन में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी, अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, उपाध्यक्ष भंवर पाल कश्यप, अरुण मित्तल, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, अमन मित्तल, विनय नामदेव, सुदेश अग्रवाल, ब्रज मोहन कोरी जुलूस मंत्री मनोज अग्रवाल प्रवेश अग्रवाल बबलू नामदेव, अंकित सिंघल, निशांत शर्मा, मोहित बंसल, अनमोल सिंघल, हनु सिंघल, कुंज मित्तल, सुंदर गिरी, विशाल कर्णवाल, नीरज कर्णवाल गोल्डी, प्रमोद कर्णवाल, राधेश्याम नामदेव, सभासद मनोज सैनी, अजय बंसल, पवन सक्सेना, मुकेश मित्तल, विनय नामदेव, दिनेश पाल नंदा आदि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### एलआईसी अभिकर्ताओं ने मनाया धन्यवाद दिवस

**खतौली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा खतौली में सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवसर था भारत सरकार द्वारा जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा पर से गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) को पूरी तरह समाप्त करने के फैसले का। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (लियाफी) ने इस ऐतिहासिक निर्णय पर धन्यवाद दिवसह्न मनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लियाफी शाखा अध्यक्ष संजीव कुमार बालियान ने की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जीएसटी हटाने की मांग संगठन द्वारा की जा रही थी। इसी सिलसिले में 19 मार्च 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल धरना-प्रदर्शन भी हुआ था। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय बीमा उद्योग एवं आम उपभोक्ता दोनों के लिए राहत लेकर आया है। इस मौके पर मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. राणा प्रताप सिंह, शाखा सचिव विजेंद्र सिंह बबलू सहित मदन छाबड़ा, धर्म सिंह कपासिया, रविंद्र कुमार बालियान, नरेश कुमार, सुरेश पाल, सत्येंद्र कुमार, आदित्य कुमार, योगेंद्र कुमार, नरेश शर्मा, दीपक कुमार, डॉ. रूपचंद शर्मा, सोहनवीर सिंह, सोमपाल सिंह, रामकरण सिंह, ओमवीर सिंह, मेवाराम आदि अभिकर्ता उपस्थित रहे।

### 'हमारे जिले में नदियां' विषय पर हुई प्रश्नोत्तरी आयोजित

**बुढ़ाना।** ब्लाक के समीप स्थित शिक्षण संस्था कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में मुजफ्फरनगर जनपद के जिला अधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के संयुक्त निर्देश पर जिला गंगा समिति के द्वारा हमारे मुजफ्फरनगर जनपद में नदियां विषय पर प्रश्नोत्तरी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में सफल बालिकाओं को उपहार भेंट करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया गया जबकि आधा दर्जन छात्राओं को सांत्वना पुरूस्कार दिये गये। यहां डा. राजीव कुमार द्वारा सभी छात्राओं को जनपद मुजफ्फरनगर से होकर बहने वाली सभी नदियों जिनमें गंगा, सोलानी, बाण गंगा, काली नदी, हिंडन नदी और जलीय जीवों के साथ साथ उक्त अभियान के विषय मे भी पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने सभी बालिकाओं को गंगा स्वच्छता की भी शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन राजीव कुमार प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग सदस्य सचिव जिला गंगा समिति के मार्गदर्शन में डॉ. राजीव कुमार एवं जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वार्डन रश्मि रानी व अन्य शिक्षकों का भी जबरदस्त सहयोग देखने को मिला।

### साहिब बने छात्र सभा के विधानसभा अध्यक्ष

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष कुंवर विश्वास ने बीती रविवार की देर रात बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में एक स्थान पर आयोजित हुए एक भव्य समारोह में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मोजूदगी में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजिनियर विनित कुशवाह की संयुक्त अनुमति से मौहम्मद साहिब को समाजवादी पार्टी छात्र सभा का बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का नया अध्यक्ष मनोनीत करते हुए हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा और आशा जताते हुए ये भी कहा कि आप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नितियों एवं सिद्धान्तों को सभी जन जन तक पहुंचाते हुए समाजवादी पार्टी को और भी अधिक मजबूत और गतिशीलता प्रदान करने का काम करते रहेंगें। इस दौरान मुख्य रुप से समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर एसपी पटेल, समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी और समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खान आदि सपा नेता उपस्थित रहे।

### बेसिक शिक्षक संघ ने चेतना रैली को दिया समर्थन

**तितावी।** उ प्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ ने बी के यू शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षक महापंचायत व चेतना रैली को दिया समर्थन।' भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के आह्वान पर आने वाली 28 सितम्बर मेरठ स्थित नारायण ग्रेडं रिजोर्ट, सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय के सामने मोदीपुरम मेरठ मैं टेट अनिवार्यता के विरोध में 'शिक्षक महापंचायत व चेतना मार्च' आंदोलन को लेकर किए गए आह्वान के समर्थन में आज भारतीय किसान यूनियन के मुख्य कार्यालय पर आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के द्वारा समर्थन पत्र संघ के जिला अध्यक्ष मगनवीर सिंह कोषाध्यक्ष प्रमोद त्यागी जिला महामंत्री अमित बालियान संयोजक ब्रजवीर सिंह प्रवीण कुमार शर्मा व अन्य सदस्यों सहित पदाधिकारियो ने बीकेयू शिक्षक पर के जिला अध्यक्ष रामरतन को सौंपा।

### मुख्य मार्गों पर धूमधाम से निकाली राम बारात

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना में श्री राम की बारात मुख्य मार्गों से बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बैंड बाजे गाजे ढोल नगाड़ों की थाप पर निकाली गयी। सभी भक्तों ने भगवान राम की आरती उतारी। यह राम बारात कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इसमें राजा दशरथ अपने गुरुओं के साथ सबसे आगे चल रहे थे। इसके बाद राम सहित चारो भाई दूल्हा बनकर चल रहे थे। और पुष्प वर्षा कर आरती उतारी गई। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड बुढ़ाना ईकाई के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नदी मंदिर रोड पर स्थित आवास पर जैसे ही राम की बारात आई तो आरती की गयी। भाजपा नेता हिमांशु संगल के आवास पर बारात में शामिल सैंकड़ों श्रदालुओं ने जलपान ग्रहण किया। इस मौके पर लाला सुरेन्द सिंघल, अरविन्द गोयल, मंचित संगल, संचित संगल, समीर कुरैशी, प्रेम त्यागी, लाला जीवन, राजपाल, रविन्द्र कंसल, तनवीर कुरैशी, रोमी जैन आदि मौजूद रहे। इस दौरान बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री के नेतृत्व में पुलिस बल भी शामिल रहा। यात्रा देर रात सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

# एजेन्सी मालिक को भाकियू की चेतावनी

**छपार।** रामपुर तिराहा स्थित बालाजी बाइक एजेंसी पर कार्यरत कर्मचारी डयूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया। एजेंसी मालिक द्वारा उसके ईलाज में मदद न करने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने एजेंसी पर धरना दिया। मालिक ने नौ दिन का समय मांगा जिस पर धरना समाप्त किया गया। थाना कोतवाली सदर के गांव जटनगला निवासी हर्षित बाइक एजेंसी कर नौकरी करता था डडूटी के दौरान वह 15 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया जिसका दो माह तक ईलाज चला। सोमवार को भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष नरेश पुंडीर के नेतृत्व में की दर्जन कार्यकर्ता एजेंसी के गेट पर धरना पर बैठ गये की घंटों तक चले धरने में पहुंचे एजेंसी मालिक सुखपाल ने नौ दिन का समय मांगा जिसपर धरना समाप्त किया गया। समद चौधरी, दुष्यंत सहरावत, मनोज चौधरी, बबलू प्रधान, मदन ठाकुर ,अंकित मलिक, खुशनसीब त्यागी आदि कार्यकर्ता धरने पर मौजूद रहे।

# सिखेड़ा थाने में मिशन शक्ति केन्द्र का शुभारम्भ

- **सीएचसी प्रभारी सुषमा शर्मा ने किया उद्घाटन**

**जानसठ/सिखेड़ा।** सिखेड़ा थाने में मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ पीएचसी प्रभारी सिखेड़ा डॉक्टर सुषमा शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया डॉ सुषमा शर्मा ने सुभारम्भ कहा की सरकार ने मिशन शक्ति केन्द्र की अच्छी पहल की है इससे महिलाओ को न्याय मिलेगा थानाध्यक्ष सिखेड़ा योगेंद्र शर्मा ने बताया की मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए कंप्यूटर स्टाफ की व्यवस्था की गयी व हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया उन्होंने मिशन शक्ति केन्द्र के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र में कंप्यूटर और जरूरी स्टाफ की व्यवस्था की गई है इससे महिलाओं की समस्याओं का समाधान तेजी से होगा थानाध्यक्ष ने सभी पुलिसकर्मियों को स्कूल कॉलेज एवं छात्राओं के आने-जाने वाले रास्तों पर चेकिंग के निर्देश दिए थानाध्यक्ष ने कहा मिशन शक्ति केंद्र के चार प्रमुख उद्देश्य हैं पहले महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना दूसरा समाज में उनका सम्मान बढ़ाना और स्वावलंबी बनाना तीसरा महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकना चौथ महिला को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। थानाध्यक्ष ने कहा की महिलाओ और छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 और 112 की जानकारी देने के निर्देश दिए उन्होंने बताया कि स्कूल कॉलेज में जाकर बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुरु भी सिखाये जा रहे हैं।

# अनियमितताओं से भरी पड़ी है माधव गौशाला

## 19 माह से 3 कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन



**( नसीम कुरैशी )**

**बुढाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव परासौली के जंगलों में शासन द्वारा बनाई गयी माधव गोशाला में भारी अनियमितताए हैं। जब आप गौशाला में प्रवेश करेंगे तो खासकर बरसात के दिनों में आप गौशाला में बिना कपड़े खराब किए जा नहीं पाओगे क्योंकि कुल 50 मीटर तक का गौशाला के अंदर का मार्ग बिल्कुल कच्चा है और बरसात के दिनों में तो दलदल बन जाता है। जिले के अधिकारी जब भी इस गौशाला का निरीक्षण करने आते हैं तो उनके वाहन बाहर ही खड़े हो जाते हैं और उनको पैदल ही आना पड़ता है। गौशाला की बाउंड्री टीन शेड व पीलर लगाकर तैयार की हुई है मगर बराबर में जिला पंचायत की लगभग 18 बीघा भूमि को ठेके पर लेकर खेती करने वाला ठेकेदार खिला पठान टीन शेडों के पीलरों में फसल की सिंचाई का पानी भरकर टीन शेड गिरा देते हैं। जिसके चलते आवारा कुत्तों का झुंड, अन्य जंगली जानवर और चोर टीन शेडों के नीचे को निकलकर बड़े आराम से गौशाला के अंदर आकर गायों को अपना निशाना बनाते हैं। जिसके चलते यहां के तीनों कर्मचारियों को सोने के बजाए रात में पहरा देना पड़ता है। जिसके चलते कर्मचारी बीमार हो जाते हैं। यहां पर तैनात तीन कर्मचारियों को लगभग 19 माह से तनख्वाह नही मिली। ये वेतन ब्लाक से मिलता है लेकिन अधिकारी वेतन देने को तैयार नहीं हैं। इस गौशाला के संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी ने बताया कि एक कर्मचारी के शासन से 12 हजार रुपये प्रतिमाह तय हैं लेकिन यहां पर तैनात किसी भी कर्मचारी को 19 महीने से वेतन नहीं मिला। ऐसे में कर्मचारी भी चिड़चिड़े हो गये हैं। उनको तनख्वाह वे खुद देकर गायों की सेवा करना रहे हैं। तनख्वाह के लिए ब्लाक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं लेकिन किसी भी अधिकारी कर्मचारी को कोई फ़िक्र नही। यहां पर भुस वाला कमरा जर्जर छत के चलते बरसात के दिनों में पानी से भर जाता है और सारा भुस खराब हो जाता है। जब बीमार होकर कोई गाय मर जाती है तो उसके अंतिम संस्कार में खर्च होने वाले 15 सौ रुपये भी वे खुद ही दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन के आदेश थे कि जिला पंचायत की जो 18 बीघा जमीन गौशाला के इर्द गिर्द है वह गौशाला मेंं प्रयोग की जा सकती है मगर जमीन का ठेकेदार जमीन पर अपना प्रभुत्व स्थापित किए हुए है। कुल मिलाकर गौशाला में समस्याओं का अंबार है। अगर अधिकारी इस और ध्यान दें तो गौशाला की काया कल्प हो सकती है।

### गायों के लिए 12 वर्ष पूर्व छोड़ा था घर....

**बुढ़ाना।** गौरक्षक छोटा सैनी ने अपना जीवन गायों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। गौरक्षक छोटा सैनी गांव परासौली के ही हैं। उन्होंने गायों की सेवा करने के इरादे से 12 वर्ष पूर्व अपना घर छोड़ दिया था और अब कई वर्षों से गौशाला में 58 गायों की सेवा कर रहे हैं। छोटा सैनी सड़कों पर फिर रही गायों को गौशाला लेकर आते हैं। उनकी सेवा करते हैं। गौतस्करों पर उनकी नजर रहती है और उन पर हमले भी हो चुके हैं मगर जंगल में स्थित गौशाला में सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं। छोटा सैनी ने शादी न करने की कसम खा रखी है। उन्होंने अपना जीवन बस गायों के लिए समर्पित कर दिया है।

# वैश्य अग्रवाल महासभा ने मनाया महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह



**मुजफ्फरनगर।** वैश्य अग्रवाल महासभा मुजफ्फरनगर द्वारा ष्वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 2025ष स्थानीय आशीर्वाद बैंक्विट हॉल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व आरती कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सुनील सिंघल व संचालन महामंत्री नवनीत कुच्छल व कार्यक्रम संयोजक राजीव बंसल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभात उत्तर प्रदेश सरकार, मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्षा नगर पालि. का परिषद मुजफ्फरनगर व सुनील गोयल मैनेजिंग डायरेक्टर न्यू मैक्स सिटी मुद्दनगर सहित अनेकों विशिष्ट अतिथि समाजसेवी भीमसेन कंसल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, रघुराज गर्ग, अंजू अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय जैन एलजी वाले, पराग गोयल, सतीश गोयल सर्राफ, श्रवण गर्ग, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, उपेन्द्र बंसल, आदि का स्वागत सम्मान महासभा के कार्यक्रम संयोजक व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित गर्ग, धर्मेंद्र तायल एडवोकेट, वरिष्ठ मंत्री समीर मित्तल, मंत्री राकेश तायल, आयुष गुप्ता आदि ने किया। सभा के संरक्षक विजय गुप्ता विशेष रूप से सहयोग रहा।

कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से वैश्य समाज के बन्धु समाज की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। आज भी वैश्य समुदाय के लोग वाणिज्य, व्यवसाय और वित्त के क्षेत्र में सक्रिय हैं और समाज में दान व परापकार के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा कराए जाने वाले विभिन्न योजनाओं व व्यवस्थाओं पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्षा मिनाक्षी स्वरूप ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा होनहार मेधावी छात्र-छात्राओं व लगभग 500 से अधिक बच्चों का सम्मान कर अलंकृत किया गया। दोपहर 2:00 बजे शुरू हुई चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 185 प्रतिभावान बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक चित्र ड्राइंग शीट पर सहेजें गए। दोपहर 3 बजे से मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 99 बालक बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बूगी वूगी डांस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा डांस प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया गया। जिसमें कई बच्चों को तो उपस्थित समाज के बन्धुओं द्वारा सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता (कक्षा शिशु से मुक्त स्तर तक कक्षानुसार अलग अलग ग्रुप्स में) प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, मेंहदी प्रतियोगिता (कक्षा शिशु से मुक्त स्तर तक कक्षानुसार अलग अलग ग्रुप्स में) प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, बूगी वूगी डांस प्रतियोगिता (नन्हे मुन्ने प्यारे बच्चे- शिशु कक्षा से कक्षा 6 तक के लगभग 35 बालक बालिकाओं द्वारा) में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए प्रतिभागी रहे। मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह ( यूं पी बोर्ड हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट में 80 प्रतिशत से व सी. बी. एस. सी. व अन्य बोर्ड हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट में 85 प्रतिशत से) में लगभग 235 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन महाराजा अग्रसेन जी की जय व भोग प्रसाद के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजीव बंसल ने उपस्थित वैश्य बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया।

# गुरुकुल रतनपुरी में पंच कुण्डीय महायज्ञ का शुभारंभ



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर श्रीराम जानकी सेवा समिति (रजि)गुरुकुल रतनपुरी में सोमवार से पंच कुण्डीय महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आरंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में आचार्यों द्वारा देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व अनुष्ठान कराए गए।

महायज्ञ में पहले दिन पांच अलग-अलग कुण्डों पर यज्ञ संपन्न कराया गया। इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में ठाकुर सतेन्द्र सोम (रतनपुरी), राजेंद्र मित्तल (भनवाड़ा), तरसपाल चेयरमैन (रतनपुरी), महिपाल प्रजापत (रतनपुरी) और अमित चौधरी (पुरा महादेव) मौजूद रहे। प्रथम दिवस माता शैलपुत्री का पूजन, अभिषेक व हवन वैदिक रीति से सम्पन्न हुआ। आयोजन में यज्ञाचार्य श्रद्धेय अत्रि जी महाराज ने पूजा विधि संपन्न कराई, जबकि मुख्य मार्गदर्शन श्री मगनानन्द चमोला जी का रहा। समिति अध्यक्ष व संरक्षक आचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने बताया कि ह्गुरुकुल परिसर में हो रहा यह पंच कुण्डीय महायज्ञ भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पेय व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप शर्मा, सुमित शर्मा, राहुल शर्मा व विनीत शर्मा सहित भरत सिंह मोतला, श्याम सोम, अंकित जैन, लीलू गुज्जर, गौरव, अमन, विशाल, प्रवेश, प्रशांत पंडित व अन्य ग्रामीण भक्तगण आयोजन में सहयोगी रहे। यह महायज्ञ 22 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा और समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस पावन अवसर पर शामिल होने की अपील की है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:** **एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भाकियू का एसई दफ्तर पर धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर एसई कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के घर स्मार्ट मीटर लगाया गया तो आन्दोलन होगा। उन्होने विद्युत विभाग की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सांता प्रधान व प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान के नेतृत्व में एसई कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि अब किसानों की मासिक पंचायत विभागीय कार्यालयों में पर माह की प्रत्एक 21 तारीख को आयोजित की जाएगी। हर महीने अलग अलग विभाग के कार्यालयों पर पंचायत होगी। जिसमें विभाग की संबंधित किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा और उनका समाधान कराया जाएगा। इसी कडी में विद्युत विभाग पर धरना प्रदर्शन और मासिक पंचायत आयोजित की गई। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी चौकिंग के नाम पर किसानों और ग्रामीणों का उत्पीडन कर रहे है। रात्रि में किसानों के घरों में चोरों की तरह घुसकर किसानों को आतंकित करने का काम किया जाता है। जिसको कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। कहा कि स्मार्ट मीटर गांवा में नही लगेगे और यदि विद्युत विभाग ने जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया तो आन्दोलन होगा। उन्होने विद्युत विभाग के जेई और लाईनमैनों पर किसानों से अवैध वसूली का भी आरोप लगाया। इस दौरान उन्होने विद्युत अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष मोहित शर्मा, विदेश मलिक, कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, देवराज पहलवान, अरविन्द खोडमा, संजीव राठी, पप्पू कुडाना, ब्रहमपाल नाला, राजेश प्रधान, पुष्कर सैनी, दिनेश फौजी आदि मौजूद रहे।



# नशे की लत से बचाने व माफियाओं पर कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** किरण सेवा समिति द्वारा पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह को सराहनीय कार्यो के चलते प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक को यह सम्मान विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से बचाने तथा नशा माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए दिया गया।

समिति अध्यक्ष डॉ। रितु जैन ने कहा कि समाज से नशे जैसी बुराई को खत्म करने में पुलिस अधीक्षक और उनकी टीम ने जो कार्य किए हैं, वे न केवल कानून-व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की रक्षा का भी प्रयास हैं।

उनके नेतृत्व में शामली पुलिस द्वारा तस्करों और माफियाओं पर की गई कार्रवाई गर्व का विषय है। समिति की उपाध्यक्ष नीतू जैन ने कहा कि यह सम्मान पुलिस और समाज के बीच मजबूत तालमेल का प्रतीक है। जब प्रशासन और सामा. जिक संगठन मिलकर कार्य करते हैं तो बड़े से बड़े सामाजिक बदलाव लाए जा सकते हैं। इस अवसर पर डा।। एमके चौहान, मनीष अली मौजूद रहे।



# रामलीला मंचन में दर्शक हुए भाव-विभोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के ग्राम गौसगढ़ में पहली बार रामल. ीला कमेटी द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया। रविवार की देर शाम कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने प्रभु राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सुरेश राणा ने कहा कि प्रभु राम आदर्शवादी थे और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। रामलीला हमें सिखाती है कि सदैव बुराई पर अच्छाई की जीत होती है, इसलिए हमें सत्य का मार्ग अपनाकर जीवन जीना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान पति नीरज कुमार, पूर्व प्रधान नरेंद्र रोड, संजय कुमार, राजेंद्र चेयरमैन, रोहित रोड, दीपक, अंकुर, पुष्कर, संकेत रोड, राजेंद्र रोड, रोहित कोरी, रिशिपाल कोरी रामलीला कमेटी के सदस्यों एवं दर्शकों के जन समूह सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु और दर्शक उपस्थित रहे ।

**चौसाना।** रविवार की शाम शिव रामलीला ड्रामेटिक क्लब चौसाना कमेटी की ओर से भव्य राम बारात की शोभायात्रा निकाली गई। परंपरागत धूमधाम और श्रद्धा से सजे इस आयोजन में कस्बे का पूरा माहौल जय राम के नारों से गूंज उठा। रामल. ीला के पांचवें दिन राम बारात का शुभारंभ भगवान राम की आरती के साथ हुआ।

ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर सजी धजी बारात जब रामलीला मैदान से निकली तो लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूर्व विधायक ठाकुर जगत सिंह के घर के समीप सलेक चंद सैनी ने भगवान राम की आरती उतारी और तिलक कर पुष्पवर्षा की। इसके बाद पंडित सौरभ शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सीता स्वयंवर का कार्यक्रम हुआ। माता सीता ने राम को जयमाला पहनाई तो पूरा चौसाना जयकारों से गूंज उठा। राम-सीता को मंच पर तिलक कराया गया और बारातियों को जलपान व प्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा पुनः रवाना होकर कस्बे के मुख्य मार्ग, चौसाना बिजलीघर और मुख्य बाजार से होती हुई पुलिस प्रशासन की सुरक्षा में रामलीला प्रांगण पहुंची, जहां कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर लक्ष्मण अभिषेक, राम सागर, शिवम, ठाकुर अभिमन्यु, पीतम कश्यप, सरवन शर्मा, अनुज गौतम, जियालाल बिंदल, विलंब कश्यप, धर्मवीर, सतवीर कश्यप, राजेश सैनी, मेवा मिस्त्री समेत भारी संख्या में ग्रामवासी और समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।







**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ लीला का आयोजन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि राजा जनक अपनी पुत्री सीता के लिए स्वयंवर का आयोजन करते हैं।

जिसमें कोई भी राजा भगवान शंकर के धनुष को तोड़ नहीं पता परंतु भगवान राम धनुष को तोड़ देते हैं। माता सीता भगवान राम के गले में वरमाला डाल देती है। इसके पश्चात भगवान शंकर के धनुष को टूटा हुआ देखकर भगवान परशुराम अत्यंत क्रोध करते हैं जिसके चलते भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच वीर रस से भरपूर भयंकर संवाद होता है। कल की लीला में भगवान राम का अभिनय आकाश धीमान, भैया लक्ष्मण का अभिनय उज्जवल नामद. ेव, माता सीता का अभिनय वंश राजपूत तथा भगवान परशुराम का अभिनय बृजेश वशिष्ठ के द्वारा किया गया। अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राज. कुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, सन्दीप नामदेव, लो. केश वाचस्पति, आशु निर्वाल, आशीष निर्वाल, लाल सिंह लचक आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### महिला सशक्तिकरण केंद्र का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर मिशन शक्ति-5।0 के तहत प्रदेशभर के थानों में महिला सशक्तिकरण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर स्थानीय कोतवाली परिसर में स्थित महिला हेल्प डेस्क को महिला सशक्तिकरण केंद्र के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। सोमवार को कोतवाली में आयोजित शांति समिति की बैठक में पहुंची एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने रिबन काटकर महिला सशक्तिकरण केंद्र का शुभारंभ किया। एसडीएम ने कहा कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना और सशक्त बनाना है। महिला सशक्तिकरण केंद्र पर पीड़ित महिलाओं को काउंसलिंग, मार्गदर्शन तथा संरक्षण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर सीओ श्यामसिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, महिला इंस्पेक्टर पिंकी गोस्वामी, कस्बे की इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल, किलागेट चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव आदि मौजूद रहे।

### त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** सोमवार को कोतवाली प्रांगण में एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें नगर के व्यापारी, सभासद एवं ग्राम प्रधान समेत अनेकों गणमान्य लोग शामिल हुए। बाजारों में लगने वाले जाम की समस्या को लेकर अधिकारी काफी गम्भीर नजर आए। एसडीएम ने बैठक में मौजूद व्यापारियों को तीन दिन के भीतर दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाने के निर्देश दिए है। साथ ही, अमल न करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शाओं की वजह से भी कस्बे में जाम की स्थिति पैदा होती है। इसलिए ई-रिक्शाओं के लिए भूमि चिन्हित करके अलग स्टैंड की व्यवस्था कराई जाएगी। एसडीएम ने रेहड़ी-ठेली चालकों को भी विचार-विमर्श के पश्चात पूर्व में आवंटित सराय की भूमि पर शिफ्ट कराए जाने की बात कही है। सीओ श्यामसिंह ने कहा कि त्योहारों का सीजन चल रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों को उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित नियमों के तहत ही इस्तेमाल किया जाए। निर्देशों की अवहेलना पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पालिका सभासदों से सुरक्षा के दृष्टिगत नगर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का अनुरोध किया है।

### व्यक्ति ने दिया प्रार्थना पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता



**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव जसाला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायती पत्र देकर एक शिक्षिका पर पुत्री का अपहरण कर दो वर्षो से बाहर रह रही पत्नी को भेजने का आरोप लगाया है। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कांधला क्षेत्र के गांव जसाला निवासी संदीप कुमार पुत्र महेन्द्र ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि पीडित की शादी मध्य प्रदेश निवासी रूपा के साथ हुई थी। जिससे उसको तीन बच्चे पैदा हुए, लेकिन पत्नी मनमुटाव के चलते दो साल पहले बच्चों को छोडकर चली गई थी। एक 8 वर्षीय पुत्री प्रिया की जसाला के प्राथमिक विद्यालय में पढती है। आरोप है कि गत 15 सितंबर को पुत्री प्रिया घर पर थी, जहां विद्यालय की एक शिक्षिका आकर उसको स्कूल ले गई और वहां से उसको पत्नी के साथ मध्यप्रदेश के जिला सहडौल भेज दिया। विद्यालय जाकर पुत्री नही मिली। जिससे पुत्री को जान का खतरा बना हुआ है। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### रोजगार मेले का आगाज, युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर



**कांधला।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए खण्ड विकास कार्यालय में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देश पर आयोजित इस मेले के पहले दिन पांच अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि मेले के दूसरे दिन मंगलवार को खण्ड विकास कार्यालय प्रांगण में रोजगार मेला शिविर आयोजित होगा। इसमें एसआईएस कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 56 से 90 किलो होना आवश्यक है। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास,फेल अथवा इंटरमीडिएट निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ मेले में पहुंचे। चयनित अभ्यर्थियों को 350 रूपए शुल्क देना होगा। इस रोजगार मेले में जिले के किसी भी ब्लॉक के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# युवाओं के लिए स्थाई रोजगार का सुनहरा अवसर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशानुसार जनपद के समस्त खण्ड विकास कार्यालय में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय रोजगार मेलें की श्रंखला में खण्ड विकास कार्यालय, कांधला में प्रथम दिन 05 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। आज दूसरे दिन 23 सितंबर को कांधला के खण्ड विकास कार्यालय प्रांगण में रोजगार मेला शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि एस आई एस कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए साक्षात्कार किया जाएगा। 19-40 वर्ष की आयु, 168 सेमी ऊंचाई,56-90 किलो भार वर्ग एवं हाईस्कूल पास ध्फेल, इण्टर योग्यता के अभ्यर्थी सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु बायोडाटा, आधार कार्ड लेकर आएं। चयनित अभ्यर्थी को रु 350/- देने होंगे। रोजगार मेलें में किसी भी ब्लॉक के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने किया छात्राओं को जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के इंटर कॉलेज में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति 5।0 के अंतर्गत छात्र व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर सचिन शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति एक दूरदर्शी पहल है जिसका उद्देश्य छात्र व महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण स्थापित करना है और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की तत्काल सहायता पाने के लिए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर 1090,1930, 181, 112 सहित आदि पर कॉल कर सकते हैं। प्रधानाचार्य मोहम्मद बासिद द्वारा बताया गया कि महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में महिलाएं पुरुषों के साथ और क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। जमीन से आसमान तक कोई ऐसा क्षेत्र अछूता नहीं जहां महिलाओं ने अपना लोहा ना बनवाया हो। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार,तिलक राज, महिला पुलिसकर्मी कविता ,जतिन कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत हुआ महा सफाई व जागरूकता कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत थानाभवन में सफाई व जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा एवं अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशानुसार दिनांक 22 सितम्बर 2025 को वार्ड संख्या 2 स्थित बूढ़ा बाबू तालाबध्पार्क में महा सफाई अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पार्क एवं तालाब में गिरे कचरे व अपशिष्ट को बाहर निकालकर सम्पूर्ण क्षेत्र की सफाई कराई गई। साथ ही कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा संयुक्त रूप से वृहद वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पार्कध्तालाब को नो प्लास्टिक जोन घोषित किया गया। इस अवसर पर आकर्षक स्वच्छता रंगोली बनाई गई तथा सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छता शपथ ली। इसके अतिरिक्त नगर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन), होम कंपोस्टिंग द्वारा खाद बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित व जागरूक किया गया। नगर पंचायत टीम एवं प्रशिक्षण पार्टनर की देखरेख में नागरिकों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। साथ ही नगर में चिन्हित CTU प्वॉइंट्स की निरंतर सफाई कराकर उनका सुंद. रीकरण किया जा रहा है।नगर पंचायत प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि आइए, हम सब मिलकर अपने शहर एवं देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान दें।




### मजदूर बेरोजगार एकता मंच के कार्यकर्ताओं का तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन

**कैराना।** मजदूर बेरोजगार एकता मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्आई लव मुहम्मदश के पोस्टर के साथ में तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कानपुर में मुस्लिम समाज के लोगो के खिलाफ दर्ज मुकदमें को निरस्त करने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना को सौंपा है। सोमवार को मजदूर बेरोजगार एकता मंच के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामली जिलाध्यक्ष अब्दुल वाजिद सिद्दीकी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश की राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान को सौंपा। वह श्आई लव मुहम्मदश लिखे पोस्टर अपने हाथों में लिए हुए थे। ज्ञापन-पत्र में बताया कि विगत दिनों मिलादुन्नबी के मौके पर कानपुर के अंदर श्आई लव मुहम्मदश का बैनर लगाने पर मुस्लिम समाज के 25 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जो संविधान के खिलाफ है। कुछ असामाजिक तत्वों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से यह मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# सीएचसी में लगा स्वास्थ्य मेगा कैम्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसाला में विशेष स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ एमएलसी माननीय वीरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली डॉ। अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं के हित में यह अभियान चला रहे हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और समय-समय पर बीपी, शुगर, रक्त, काला पीलिया, एचआईवी, टीबी आदि की जांच करानी चाहिए ताकि समय रहते बीमारी का पता चल सके और उसका इलाज संभव हो सके। क्योंकि महिला स्वस्थ होगी तो परिवार भी सशक्त होगा।कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया तथा उपस्थित टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी गई। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. रामबीर सिंह, डॉ. अजहर, डॉ. अमरीश, डॉ. वकास, डॉ. मयूरी, चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर, मोहम्मद तौहीद (बीपीएम), मुकेश कुमार (लेखा प्रबंधक) सहित समस्त स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा।



# पालिका लिपिक पर एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** नपा कर्मचारियों की भविष्य निधि की राशि धोखाधड़ी करके पत्नी व भाभी के खातों में जमा करने के आरोपी लिपिक विपुल पंवार के खिलाफ अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने विभिन्न संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। इसी के साथ ही आरोपी लिपिक पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। लिपिक के विरुद्ध पूर्व में पालिक. ाध्यक्ष द्वारा सस्पेंशन की कार्यवाही की जा चुकी है नगरपालिका परिषद कैराना के निलंबित लिपिक विपुल पंवार के विरुद्ध अधिशासी अधिक. ारी समीर कश्यप ने कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया कि विगत 15 सितंबर को पूर्व सफाई नायक सुभाषचंद एवं नगरपालिका में सफाईकर्मी के रूप में तैनात उनकी पत्नी कमलेश के द्वारा एक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया। आरोप लगाया कि पालिका में तैनात अधिष्ठान लिपिक वेतन, पेंशन व पीएफ विपुल पंवार ने जानबूझकर एवं धोखाधड़ी से उनकी भविष्य निधि पीएफ का धन अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया है।

प्रथम दृष्टया जांच में आरोप को सही पाए गए। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि उक्त विपुल पंवार ने पालिका कर्मचारियों की पीएफ कटौती का धन अपने अलावा सोनिया देवी व मीना देवी के नाम से खोले गए फर्जी पीएफ खातों में भी जमा किया है, जबकि उक्त दोनों महिलाएं नगरपालिका की कर्मचारी भी नही है। विपुल पंवार अधिकारियों के समक्ष कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करके यह कार्य लगातार छिपाकर करता रहा। कर्मचारियों के पीएफ कटौती धन की मैनुअल एवं बैंक में ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की गई सूची में भी भिन्नता पाई गई है। लिपिक विपुल पंवार ने पालिका के नियमित कर्मचारियों की भविष्य निधि की धनराशि अन्य के खातों में भेजकर घोटाला किया है तथा आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु फर्जी पीएफ खाते खुलवाए है। वहीं, पुलिस ने आरोपी लिपिक के विरुद्ध धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, कूटरचित दस्तावेज बनाकर आर्थिक लाभ हासिल करने के आरोप में भारतीय न्याय संहिताद्धबीएनएसऋ-2023 की धारा-316 (5), 318 (4), 338, 336 (3) व 340 (2) के तहत अभियोग पंजीकृत करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। विदित रहे कि कर्मचारियों की भविष्यनिधि में गबन के आरोपी लिपिक विपुल पंवार को विगत दिनों पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी के द्वारा निलंबित करके कर संग्रह विभाग में सम्बद्ध कर दिया गया था। एफआईआर के बाद अब आरोपी लिपिक पर गिरफ्तारी की तलवार लटकती नजर आ रही है।





# बाढ़ पीड़ितों की मदद करने वाली समिति के युवाओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद सभागार में सोमवार को पंजाब बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाने वाली मुस्लिम गुर्जर युवा समिति के 15 सदस्ईय दल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि ऐसे युवाओं पर पूरे कस्बे को गर्व है, जिन्होंने मुश्किल घड़ी में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद कर इंसानियत की सच्ची मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज में सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला है और युवाओं के हौसले को और मजबूत करता है। अध्यक्ष ने समिति के सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल भेंट कर उनका सम्मान किया और आगे भी इसी जज्बे से काम करने के लिए प्रेरित किया।गौरतलब है कि बीते दिनों पंजाब में हुई भारी बरसात के कारण आई भीषण बाढ़ से हजारों परिवार बेघर हो गए थे। ऐसे समय में कस्बे की मुस्लिम गुर्जर युवा समिति ने मानवीय पहल करते हुए पंजाब पहुंचकर पीड़ितों को डोर-टू-डोर राहत सामग्री वित. रित की। समिति के सदस्यों ने अपने निजी संसाधनों और आपसी सहयोग से राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और कई दिनों तक प्रभावित क्षेत्रों में रहकर जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई।सम्मान समारोह में कस्बे के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मौके पर व्यापार मंडल की टीम ने भी समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणा बताया। इस दौरान मुस्लिम गुर्जर युवा समिति के सदस्य नावेद जंग, मुस्तफा मेंबर, सालिम क"यूम मेंबर, मुनव्वर जंग, शाहरुख मेंबर, मुबारिक जंग, सरवेज जंग, सावेज जंग, मोहसिन जंग, जावेद जंग, फारूक जंग, आसिफ जंग, नदीम जंग और आरिफ जंग सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## भारत स्काउट गाइड का शिविर लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद शामली की ओर से शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज में स्काउट/गाइड प्रवेश एवं प्रथम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीरा सिंह ने ध्वजारोहण कर की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउटिंग की गति. विधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी एवं जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने बच्चों को स्काउटिंग का इतिहास, टोली विधि, प्रार्थना, झंडा गीत आदि विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में विद्यालय के स्काउट मास्टर बाल गोविंद, सुधीर कुमार, रामवीर सिंह गौड़, रविंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के आदेशों के क्रम में कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली के पत्र दिनांक 19 सितम्बर, 2025 के अनुपालन में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को ससमय एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 10-शामली में तैनात बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को छोटे-छोटे समूहों में उप जिलाधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-शामली अर्चना शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नाथूराम, खंड विकास अधिकारी, शामली सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, शामली व सलमान अख्तर, सहायक अध्यापकध्बूथ लेविल आफिसर, कैराना के द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 22.9.2025 दिन सोमवार में प्रातः 11:00 बजे से, भाग संख्या-01 से 104 तक के बीएलओ पर्यवेक्षक। इसके बाद 12:00 बजे से, भाग संख्या-105 से 200 तक के बीएलओ पर्यवेक्षक। इसके बाद 01:00 बजे से, भाग संख्या-201 से 307 तक के बीएलओ पर्यवेक्षक। उप जिलाधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-शामली अर्चना शर्मा ने बताया कि उक्त निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, पूर्व निर्गत सूचना के अनुसार समस्त बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में, निर्धारित समय एवं स्थान पर सकुशल सम्पन्न कराई गई।

# संस्कृति प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल के छात्रों ने क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में संस्कृति प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिद्वार उत्तराखंड द्वारा क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शामली सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने संस्कृति प्रश्न मंच प्रतियोगिता में आदित्य मंगल आयुष्मान भारद्वाज, देव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंताक्षरी रामायण की चौपाई में वंशिका वर्मा, हंसराज वर्मा तथा उत्कर्ष जांगिड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



विद्यालय लौटने पर इन सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर विवेक संगल, प्रधानाचार्य संजय सैनी, पल्लवी गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिवकुमार धीमान ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले देव कुमार, आयुष्मान भारद्वाज, आदित्य मंगल अब 5 से 7 नवंबर में होने वाली अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, सुधीर कुमार, प्रवेश शर्मा, राजीव शर्मा, रामकुमार, आदेश धीमान, संदीप कुमार, संजीव बालियान, अनुज शर्मा, अमित कुमार, रवि गौड, लक्ष्मी गर्ग आदि मौजूद रहे।

## जाति प्रमाण पत्र को लेकर तहसील में प्रदर्शन

**ऊन।** कोरी जाति के प्रमाण पत्र बनाने को लेकर दर्जनों लोगों ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा तथा अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र बनाने की मांग की । तहसील कार्यालय पर कोरी जाति के दर्जन लोगों ने कोरी जाति के अनुसूि. चत जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया प्रदर्शन करने वालों को आरोप है कि तहसीलदार द्वारा 1359 फसली वर्ष की नकल मांगी जा रही है जबकि पहले इसकी बाध्यता नहीं थी उन्होंने 1359 फसली वर्ष की नकल के बगैर प्रमाण पत्र बनाने की मांग की ।तथा उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को ज्ञापन सौपा जिस पर उप जिला अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। नीरज कुमार, जसवीर, धर्मवीर, सुरेश, बाबूराम कोरी, सुभाष, सचिन, राकेश शामिल रहे।

# काम करें या जान गंवाएं, बिजली कर्मियों की चौंकाने वाली शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा अवर अभियंता को लिखे पत्र ने विभाग की पोल खोल दी है। उपकेन्द्र खोडसमा एसएसओ व लाईनमैनो ने मिलकर उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र लिखा है जिसमें उपकेन्द्र परिच. ालक पर शटडाउन के दौरान सप्लाई चालू करने का आरोप लगा है। बताया गया है कि मौत के भय से कर्मियों से काम करना छोड दिया है। बिजली कर्मियों ने उपकेन्द्र परिचालक को हटाने की मांग की है। विद्युत विभाग में लाईनमैनो की कार्य के दौरान हुए हादसे मे अनेको मौत की घटनाएं सामने आती रहती है। लेकिन सोमवार को खोडसमा उपकेन्द्र के विद्युत कर्मियों ने अवर अभियंता को पत्र लिखकर सनसनी फैला दी। लाईनमैनों व एसएसओ द्वारा संयुक्त रूप से लिखे पत्र मे शिकायत की गई है कि उपकेन्द्र परिचालक प्रभात चौधरी विद्युत लाइन मे आए फाल्ट के दौरान लिए गए शटडाउन अवधि में सप्लाई शुरू कर देता है। विगत अगस्त माह मे हुए हादसे का भी शिकायत मे विवरण दिया गया है। जिसके कारण समस्त स्टाफ भय के माहोल में है और कार्य से विलग है।कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर उपकेंद्र परिचालक को हटानें की मांग की है।

**घटना के बाद भी क्यों सोया रहा विभाग**

विभागीय कर्मचारियों ने अपने पत्र मे अगस्त माह मे हादसे का जिक्र किया है। जिसका सीधा मतलब है कि जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी मे मामला रहा होगा। लेकिन सवाल उठता है कि क्या लाइनमैनों की जान इतनी सस्ती है कि ऐसे आपराधिक किस्म के व्यक्ति को विद्युत उपकेन्द्र पर अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है जिससे किसी की भी जान चली जाए और क्यो अधिक. ारियों ने ऐसे कर्मी के खिलाफ पुलिस शिकायत नही की।

**कर्मचारियों का शिकायतीपत्र मिला है। जिसकी जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।**

**-अनिल कुमार, एसडीओ बिजली विभाग**

## एक नजर

### चौसाना बिजली घर पर आज लगेगा कैंप, बिलों का होगा निस्तारण

**चौसाना।** कस्बे के बिजली घर पर मंगलवार, 23 सितंबर को उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में बिजली बिल से जुड़ी तमाम समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बिजली उपभोक्ताओं को लंबे समय से गलत बिलिंग, जमा प्रक्रिया में देरी और तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को देखते हुए विभाग ने विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है। कैंप में उपखंड अधिकारी सिंह स्वयं मौजूद रहेंगे। साथ ही बिल क्लर्क हर्षित कुमार व अन्य कर्मचारी मौके पर रहकर उपभोक्ताओं के बिलों की त्रुटियां सुधारेंगे और मौके पर ही भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उन ग्रामीणों को राहत मिलेगी, जो महीनों से विभागीय चक्कर काटते हुए थक चुके थे। शामली से उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में होने वाले इस कैंप से उपभोक्ताओं को बड़ी उम्मीदें हैं। विभागीय जई आजम अकबर का कहना है कि सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और मौके पर निस्तारण करने की पूरी कोशिश होगी। ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई है कि इस कैंप से उनकी पुरानी दिक्कतों का समाधान होगा। गौरतलब है कि चौसाना समेत आसपास के क्षेत्र में बिजली बिल की गड़बड़ी और बार-बार कटौती को लेकर उपभोक्ता लगातार शिकायतें करते रहे हैं।

### पंचायत में जाट समाज के उत्थान पर हुई चर्चा

**शामली।** अखिल भारतीय जाट महासभा टीम शामली की ओर से गांव खोडसमा स्थित नोतना बैंक्वेट हाल में जाट जागृति अभियान के अंतर्गत एक पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। पंचायत में मुख्य रूप से आर्थिक, शैक्षिक, संगठनात्मक, नशा मुक्ति तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने समाज को जागरूक करने और एकता बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में समाज की उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए भी सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह, राष्ट्रीय सचिव चौधरी धर्मवीर खोखर, प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी, पूर्व विधायक अलीगढ़ एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मालती सांगवान, गाजियाबाद सहित क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा टीम शामली अरविंद कुमार खोडसमा, युवा जिलाध्यक्ष अमरदीप लाठियान सहित संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### 1,33,440 रुपये की धनराशि वापस कराई

**शामली।** तनवीर आलम पुत्र गजनफर निवासी मौहल्ला कायस्थवाड़ा थाना कैराना जनपद शामली को कैम्पस शूज की फैंचाइजी दिलाने के नाम पर साइबर ठगो द्वारा 6,96,519/- रूपए की धनराशि ठग ली गई थी। तनवीर आलम उपरोक्त की तहरीर के आधार पर साइबर थाना शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी साइबरध्थानाभवन जितेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर थाना शामली द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए फड व्यक्ति के बैंक अकाउंट को डेबिट फीज कराते हुए 1,33,440/- रूपए की धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराई गई है । पूर्व में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 1,32,000/- रूपए की धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराई जा चुकी है। शेष धनराशि के सम्बन्ध में साइबर थाना शामली पर अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

### वार्ता के बावजूद धरना नहीं हुआ समाप्त

**ऊन।** विद्युत विभाग के खिलाफ तहसील परिसर में करीब 3 महीने से चल रहे धरना प्रदर्शन में सोमवार को अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर धरने पर बैठे लोगों से वार्ता की तथा धरना समाप्त करने की अपील की वार्ता के बाद दोनों अधिकारी वापस लौट गए। तहसील परिसर में विद्युत विभाग द्वारा कस्बे के लोगों पर किए गए मुकदमे व जुर्माने के विरोध में शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ता 94 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं सोमवार को अपर जिला अधिकारी परमानंद झा व अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार तहसील में पहुंचे तथा उप जिलाधिकारी कार्यालय में धरने पर बैठे समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार व अन्य लोगों से वार्ता की तथा धरना समाप्त करने की अपील की।

# एक शाम अग्रसैन के नाम भजन संध्या का आयोजन





अखिल भारतीय अग्रवाल समाज



सरस्वती विद्या मंदिर इं. कालेज



अग्रसैन पार्क शामली में हवन यज्ञ करते हुए



सत्य नारायण इंटर कॉलेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में एक शाम अग्रसेन के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा बाहर से आए समाज के ही भजन गायकों ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

गत रविवार देर शाम शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में अखिल भारतीय समाज ट्रस्ट द्वारा महाराजा अग्रसैन जयंती के अवसर पर एक शाम महाराजा अग्रसैन के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने द्वीप प्रज्जवलित कर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के भजन गायक अहम मित्तल, हेमंत अग्रवाल लुधियाना ने अग्रसैन महाराज के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। भजन संध्या के बाद प्रसाद भी वितरित किया गया। मौके पर अध्यक्ष रोबिन गर्ग, उत्तम जिंदल, रजत जिंदल, संगीत गोयल, प्रवीन गोयल, सुमित बंसल, आकाश गोयल, राजीव गोयल, दीपक गर्ग, राहुल तायल, आशीष तायल, अश्वनी संगल, हनी संगल, देवाशीष गुप्ता, अमित गर्ग, मुकेश बंसल, पंकज गुप्ता, गौरव संगल आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में महाराजा अग्रसैन जयंती एवं शारदीय नवरात्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता संस्था के उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द ने महारा. जा अग्रसैन के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महारा. जा अग्रसैन भगवान राम के सूर्यवंशी वंश के एक क्षत्रिय राजा थे। उन्होंने प्रतापनगर से अग्रोहा नामक एक नए शहर की स्थापना की जो बाद में एक समृद्ध गणराज्य बना। यह वैदिक समाजवाद के प्रवर्तक, युग पुरूष, शांतिदूत, प्रजा वत्सल्य, हिंसा विरोधी बलि प्रथा को बन्द को कराने वाले, करूणानिधि, सभी जीवों से प्रेम व स्नेह रखने वाले दयालु राजा थे। इन्होंने अपने राज्य में स्थापित होने वाले व्यक्ति को एक रूपया एक ईट देने का आवाह्न करके सामाजिक संरचना का एक अनुकरणीय उदाहरण दिया था। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने महाराजा अग्रसैन को एक महान व्यक्तित्व बताते हुए उनके बताए गए सिद्धान्तों का अनुसरण करने का आहवान किया। इस अवसर पर नीटू कुमार, अरविन्द कुमार, पुष्पेन्द्र, सोमदत्त आर्य, अंकित कुमार, अशोक सोम, भानू कुमार, मुदित, रजत कुमार, संजू कुमार आदि उपस्थित रहे।

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में महाराजा अग्रसैन की जयन्ती एवं शारदीय नवरात्र प्रारम्भ का उत्सव अत्यन्त उल्लास एवं धूमधाम पूर्वक मनाया गया।

सोमवार को सुशील कुमार गर्ग, राजीव संगल, एनके कंसल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने महाराजा अग्रसैन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि महाराजा अग्रसैन अग्रवाल समाज के पिता है एवं इन्होने सामाजिक उत्थान के लिए समानता, अहिंसा, करूणा, दया, गाय, गंगा, गीता और नारी के सम्मान के आदर्श उपस्थित किए और आज हमारा समस्त समाज उनके इन्हीं गुणों को अपनाकर निरन्तर उन्नति की ओर बढ़ रहा है। छात्र छात्राओं ने महाराजा अग्रसैन तथा महिषासुर मर्दिनी माता दुर्गा को समर्पित अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें अग्रसैन जी की वन्दना, गौत्र वरदान, महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम् आदि विशेष रूप से सराहे गए। मौके पर गीता तायल, ज्योति तायल, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा, कविता मित्तल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, शिवकुमार, अमित कुमार, संजीव कुमार, प्रसून भार्गव मौजूद रहे।

**शामली।** सोमवार को शहर के अग्रसैन पार्क में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन संस्था द्वारा महारा. जा अग्रसैन जयंती के अवसर पर मां लक्ष्मी आहवान यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें अग्रवाल समाज के लोगों ने आहुति देकर धर्मलाभ उठाया। बाद में अग्रसैन महाराज की प्रतिमा स्थापित कर आरती भी की गई। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव के उपलक्ष में कुलदेवी मां लक्ष्मी आ]वान यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें मुख्य यजमान चेयरमैन अरविंद संगल ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे सैकडों अग्रवाल समाज के लोगों ने यज्ञ में आहुति देकर धर्मलाभ उठाया। यज्ञ के पश्चात महाराजा अग्रसैन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया और महाआरती की गई। महाआरती के बाद प्रसाद भी वितरित किया गया।

चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि मां लक्ष्मी यज्ञ करने से हमें उनकी कृपा विशेष रूप से प्राप्त होती है और वह हमारी कुलदेवी है। उनकी पूजा हमेशा करनी चाहिए। भगवान महारा. जा अग्रसेन हमारे ईष्ट देवता है उनको हमेशा याद रखना चाहिए। इस अवसर पर सचिन जिंदल, वैभव गोयल, डा। राजीव बंसल, सभासद रोबिन गर्ग, संजय संगल, मोनू संगल, डा। मुकुट मोहन संगल, अंकुर गोयल, वैभव प्रकाश गोयल, अमित कुमार, मनीष भटनागर आदि मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती व शरद नवरात्रों पर कराई गई प्रतियोगिता



**शामली।** शामली नगर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में दिनांक 22 ।9।2025 दिन सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती व शरद नवरात्र के उपलक्ष में बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने मां दुर्गा के स्वरूप को रंगों व डेकोरेटिव मटेरियल से सजाकर सभी को मन मुग्ध कर दिया । इस अवसर पर पारस कक्षा 5 प्रथम स्थान गरिमा कक्षा 5 द्वितीय स्थान अनमोल बालियान कक्षा 4 तृतीय स्थान पर रहे। जिनको प्रधानाचार्य उमेश शर्मा जी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया व प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पेन व सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिया इस अवसर पर सभी अध्यापकों व अध्यापिक. ाओं का सहयोग रहा सभी ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

**सूचना**

मैं फारूक पुत्र मीरहसन निवासी मोहल्ला कश्यपपुरी, कस्बा व थाना गढ़ीपुख्ता, तहसील ऊन, जिला शामली अपनी पत्नी मुस्कान पुत्री जहीर से संबंध-विच्छेद करता हूं। मुस्कान को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उसके किसी भी कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

# मुठभेड़ में ट्यूबवैल चोरी गिरोह का सरगना बाबर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार देर शाम थानाभवन पुलिस और बदमाशों के बीच लुहारी के जंगल में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान टड्ूबवेल चोरी करने वाले गिरोह का सरगना बाबर पुत्र अकबर निवासी ग्राम भैसानी इस्लामपुर पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार कादरगढ़ चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक दीपचंद को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कादरगढ़ में हुई टड्ूबवेल चोरी की घटना में शामिल बदमाश बाबर अपने एक साथी के साथ बिना नंबर प्लेट की डिस्कवर मोटरसाइकिल पर जंगल में देखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने लुहारी जंगल में घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक राहुल सिसोदिया भी मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम ने जंगल में छिपे बदमाशों की तलाश शुरू की। बदमाशों ने लगातार पुलिस पर फायरिंग की, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायर किया।

इसमें बाबर के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। घायल बदमाश बाबर से पूछताछ में उसका नाम और पहचान सामने आई। तलाशी के दौरान उसके पास से थाना भवन थाने पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 336/2025 से संबंधित चोरी का सामान, चोरी करने के उपकरण और दो प्लास्टिक बैग बरामद किए गए। पुलिस ने घायल बाबर को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन भेजा। फरार बदमाश की तलाश में पुलिस ने जंगल में कॉम्बिंग अभियान जारी रखा है। वहीं मौके पर जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया।

# मुठभेड़ में गोली लगने से घायल गोतस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुठभेड के दौरान पैर में गोली लगने से घायल गोतस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस कटान के उपकरण व मोटर साईकिल बरामद की। हालांकि उसके साथ अन्य दो साथी रात के अंधेरे में खेतों के रास्तें फरार हो गए। घायल गोतस्कर को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

देर रात कोतवाली क्षेत्र के देव. बंद-मंगलौर मार्ग स्थित गांव बीबीपुर रोड पर चौकिंग के दौरान पुलिस की बाइक सवार गोतस्करों से उस समय मुठभेड़ हो गई जब पुलिस ने एक बाइक को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगे तो उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल



हो गया। जिसकी पहचान मोहल्ला खानकाह स्थित वक्फ दारुल उलूम कॉलोनी निवासी शाकिर उर्फ गोलू की हुई। हालांकि पुलिस के मुताबिक इस दौरान उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य साथी अंधेरा का लाभ उठा खेतों के रास्ते फरार हो गए। जिन्हें देर रात तक खेतों में काबिंग करते हुए तलाश किया लेकिन वह नहीं मिले।

पुलिस को आरोपी के कब्जे से बिना नबंर की मोटर साइकिल, एक तमंचा, दो खोखे और दो जिंदा कारत. ूस सहित पशु कटान के उपकरण बरामद हुए। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि घायल बदमाश के शाकिर के खिलाफ देवबंद कोतवाली में गोकशी, आर्म्स एक्ट, मारपीट एवं चोरी सहित चार मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं व आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## जीएसटी लगाकर जनता पर थोपी महंगाई का सरकार दे जवाब

**देवबन्द।** जीएसटी लगाकर जनता को महंगाइ झेलने पर मजबूर करने वाली केंद्र सरकार को जनता को जवाब देना चाहिए। भाजपा की पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने केंद्र की मोदी सरकार पर जीएसटी की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले जीएसटी लगा कर देश में महंगाई बढ़ादी और अब कम कर जश्न मनाया जा रहा है। उन्होंने सरकार की नीति पर तंज करते हुए कहा कि पता ही नहीं चला कि जीएसटी कितनी जल्दी जवान हुई और उतनी ही जल्दी बुढ़िया हो जाने पर उसे कम कर दिया गया। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि किसके कहने पर देश को मंहगाई के अंधेरे कुएं में धकेला था क्योंकि अब देश जानना चाहता है कहा कि जनता बेवकूफ नहीं है थोपी गई महंगाई का हिसाब जरुर लेगा।

# खेलों में विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न खेलों में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एचएवी इंटर कालेज प्रागण में तहसील स्तरीय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ उप निरीक्षक सुधा त्यागी, प्रधानाचार्य हेम सिंह, उप प्रधानाचार्य राजेश कुमार, खेल प्रशिक्षक विजेंद्र कुमार व अमरीश त्यागी ने संयुक्त रूप किया। सीनियर वर्ग की 200 मीटर दौड़ में एचएवी इंटर कालेज की छात्राएं अव्वल रहीं। जबकि श्री गांधी वैदिक इंटर कालेज चंदेना कोली की छात्राओं का प्रदर्शन भी शानदार रहा। भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने खूब दमखम दिखाया। विजेता छात्राओं को अतिथियों ने मेडल देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में अमित कुमार, अभिषेक सैनी, मनोज शर्मा, प्रमोद पांडेय, पंकज शर्मा, प्रवीण त्यागी, आकाश त्यागी, सुख सागर सिंह शामिल रहे।

# पालिका प्रशासन ने देवी कुण्ड पर चलाया सफाई अभियान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पालिका प्रशासन द्वारा मां बाला सुंदरी देवी कुण्ड में सफाई अभियान चलाया गया।

पालिका प्रशासन द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शारदीय नवरात्र शुरू होने पर मां बाला सुंदरी मंदिर व देवी कुण्ड पर अधिशासी अधिकारी राजपति बेस के निर्देशनुसार सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्ष पोपिन कुमार, स्वास्थ्य लिपिक बिरला सूध, सफाई नायक नरेंद्र कुमार, संतर पाल, सुनील कुमार आदि सफाई मित्र शामिल रहे

## व्यापारियों व उपभोक्ताओं को जीएसटी की घटी दरों से मिलेगा लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जीएसटी की नई दरो से जनता को राहत मिलेगी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक तायल ने सोमवार को जारी बयान में कहा जीएसटी की घटी दरों से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, यह निर्णय व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए फायदेमंद होगा और अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी काउंसिल द्वारा वित्त मंत्रालय की संस्तुति पर 375 वस्तुओं पर जीएसटी का घटना आम इंसान के लिए संजीवनी से कम नहीं है।

# कलाकारों के संवाद सुन दर्शक हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन में रविवार रात को कैकयी कोप भवन और श्रीराम वन गमन, लीला का मनोहारी मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों के संवाद सुन श्रोता दर्शक भाव विभोर हुए बिना नहीं रह सके।

रामलीला ग्राउंड स्थित रामलीला भवन में आयोजित रामलीला में महाराजा दशरथ द्वारा राम को राज. तिलक का ऐलान करने के बाद मंथरा ने कैकयी रानी के कान भरे। जिसके बाद कैकयी ने कोप भवन में जाना और राजा दशरथ के आने पर कैकयी द्वारा राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांगना, जिसमे पहले में भरत को राजगद्दी व दूसरे में राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। इसके बाद राम के





वन जाने की सूचना पर सीता जी व लक्ष्मण जी भी साथ चलने की जिद करने करने का मंचन किया गया। मंचन में माता कौशल्या व सुमित्रा के कहने पर राम जी दोनों के अपने साथ लेकर पिता से आज्ञा लेने पहुंचे। राजा दशरथ का अभिनय दीपक प्रजापति, श्री राम का अभिनय अजय प्रजापति, लक्ष्मन का सागर कश्यप, मंथरा का प्रवीण गर्ग, कैकयी का लक्ष्मण सैनी, कोशक्य का कृष्णा व सुमित्रा का यश कश्यप और सुमंत का अभिनय भरत शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नितिन गुप्ता, सचिन शर्मा, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, अमन मित्तल, अशोक शर्मा, बलवीर सैनी, विपिन गर्ग, जितेंद्र कश्यप, हिमांशु होरा, अरुण गोयल, वैभव अग्रवाल, सतीश महेश्वरी, सचिन कुमार आदि शामिल रहे।

# नबी की सुन्नत के मुताबिक गुज़ारे अपनी जिंदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कानपुर में आई लव मोहम्मद (सल्ल0) लिखे पोस्टर को लेकर हुए विवाद के बाद मुस्लिम समाज में आई लव मोहम्मद (सल्ल0)को लेकर मुहिम शुरु कर दी है। जगह-जगह आई लव मोहम्मद (सल्ल0)लिखे बैनर, पोस्टर और स्टीकर लगाकर लोग मोहम्मद साहब (सल्ल0)के प्रति अपनी आस्था को व्यक्त कर रहे हैं। मुस्लिम समाज की इस मुहिम को लेकर खुफिया विभाग भी सक्रिय बना हुआ है।

मुस्लिम समाज की इस मुहिम को लेकर मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिमम मौलाना मुफ्ती असद कासमी का कहना है कि नबी से असल मोहब्बत यह है कि उनकी सुन्नत और अमल को जिंदगी में उतारा जाए. साथ ही जरुरी है जिस काम को न करने के लिए कहा गया है उसे न करें. सिर्फ आई लव मोहम्मद (सल्ल0) लिखने से नबी की सुन्नत और उनके तरीके पर अमल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ हम मोहम्मद साहब (सल्ल0)से मोहब्बत का इजहार कर रहे हैं और दूसरी तरफ उनकी शिक्षा को दर्र. कनार कर जिंदगी गुजार रहे हैं। असल मोहब्बत यह है कि अल्लाह के रसूल (सल्ल0)ने जो बताया है उस पर पूरी तरह से अमल किया जाए। कहा कि फरमाया गया है कि जब इंसान अपने मां-बाप, औलाद, माल, दौलत और भाई बहन से ज्यादा मोहम्मद साहब (सल्ल0)से मोहब्बत नहीं करेगा उसका इमान कामिल (पूरा) नहीं होगा। उन्होंने मुस्लिम समाज से मोहम्मद साहब (सल्ल0) की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि यही उनसे असली मोहब्बत होगी।

उत्तर प्रदेश के कानपुर से चार सितंबर को एक वायरल पोस्टर में लिखे आई लव मोहम्मद (सल्ल0) का हिंदू संगठनों के विरोध के कारण पुलिस की तरफ से 25 से अधिक युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, इसी के बाद यह विरोध देशभर में फैल गया और लोग आई लव मोहम्मद (सल्ल0) लिखे पोस्टर, बैनर और स्टीकर लगाकर मोहम्मद साहब (सल्ल0)से मोहब्बत का इजहार कर रहे हैं। खुफिया विभाग भी इसको लेकर सक्रिय बना हुआ है।

# जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद (महमूद मदनी गुट) की आयोजित बैठक में जनपद कार्यकारिणी का गठन हुआ, इसमें सर्वसम्मति से रायपुर मदरसा फैज हिदायत रहीमी के शेखुल हिंद मौलाना ताहिर को संरक्षक व मौलाना गुलफाम को अध्यक्ष चुना गया।

ईदगाह मार्ग स्थित महमूद हॉल में जमीयत उलमा-ए-हिंद महमूद मदनी गुट की आयोजित बैठक में मौलाना सरताज को जिला महासं. चव, मौलाना शमशेर कासमी, कारी अय्यूब उपाध्यक्ष और मुफ्ती आरिफ मजाहिरी को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान महासचिव सैयद जहीन अहमद ने बैठक में पदाधिकारियों के समक्ष पिछले कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुफ्ती जफर अहमद कासमी, हाजी हारुन, मौलाना गुलफाम और कारी जाकिर ने जमीयत के कार्यों पर विस्तार से रोशनी डाली। कार्यक्रम की शुरुआत मो. अय्यूब की तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई।

इस मौके पर दारुल उलूम की शुरा सदस्य मौलाना अकील कासमी, मौलाना मोहम्मद मदनी, मौलाना अली हसन, हाजी हारुन, मौलाना ताहिर, मौलाना हुसैन मदनी, मुफ्ती असजद, मौलाना इरफान, मौलाना इब्राहिम कासमी आदि जमियत के सदस्य शामिल रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कबड्डी प्रतियोगिता में ठाकुर फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज के छात्र सौरभ कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर मंडल स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई।

प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह पुंडीर ने बताया कि रामपुर मनिहारान के गोचर कृषि इंटर कालेज में जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता (19 वर्ष) का आयोजन हुआ था। इसमें उनके स्कूल के तीन खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। छात्र सौरभ कुमार ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिस कारण उन्हें मंडल स्तरीय टीम के लिए चुना गया है। बताया कि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 23 सितंबर को शामली में होगी। सौरभ के चयन पर विद्यालय



प्रबंध समिति ने हर्ष व्यक्त कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सौरभ को किट देकर सम्मानित किया।

# नवागंतुक विद्यार्थियों को कोर्स की महत्ता की दी जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों को एम०बी०ए० / एम०सी०ए० कोर्स की महत्ता से अवगत कराया गया। एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सत्र 2025-26 हेतु नवागंतुक एम०बी०ए० व एम०सी०ए० प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत नवागंतुक छात्र / छात्राओं को एम०बी०ए० / एम०सी०ए० कोर्स की महत्ता से अवगत कराया गया। नये शिक्षण सत्र का शुभारम्भ नवरात्रि के प्रथम दिन प्राचार्य डा० आलोक कुमार गुप्ता एवं समस्त स्टॉफ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित करने





के उपरांत प्राचार्य डा० आलोक कुमार गुप्ता ने नवागंतुक छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में वर्ष 1998 में एम०बी०ए० / एम०सी०ए० पाठ्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसका लक्ष्य गुणवत्ता पूर्ण प्रबंधन शिक्षा प्रदान करना है ताकि उद्योग में सक्षम पेशेवर तैयार हो सकें। उन्होने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि छात्रों को सबसे पहले अपने प्रोफाइल व व्यक्तित्व का ज्ञान होना अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि यह उनके जीवन के लिये एक नए अध्याय की शुरुआत है, और यह कॉलेज उनके उज्ज्वल भविष्य को बनाने में एक सशक्त मंच बनने की पूरी क्षमता रखता है। संस्था न केवल शैक्षणिक शिक्षा देती है, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की भी शिक्षा देती है। छात्र / छात्राये अपनी लगन मेहनत, इच्छाशक्ति और अध्ययन से अपने सपनो को पूर्ण साकार कर सकते है। वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमति रितु मित्तल व कार्यक्रम संयोजक एवं संचालक डा० विभूति अग्रवाल ने इंडक्शन कार्यक्रम में छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि एस०डी० कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में आयोजित होने वाली विशिष्ट गतिविधियां तथा गुणवत्ताप. रक ही शिक्षा हमारे छात्रों के लिए लो. कप्रिय है। उन्होने छात्रों को एक विलक्षण प्रतिभा विकसित करने के लिए कुछ विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी, जिससे न केवल वे स्वयं सफल होंगे बल्कि उनकी प्रगति से कॉलेज का नाम भी रोशन होगा। कार्यक्रम में तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने फूलों की सुन्दर रंगोली बनाकर अपना विशेष योगदान व सहयोग दिया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य मुकुल जैन, पारूल कुमार, देवेश गुप्ता, डा० अनम जैद, डा० शुभम तायल, आदित्य कश्यप, आस्था सिघल, तुषार भारद्वाज, प्रशान्त तोमर, जितेन्द्र कुमार, आयुष गुप्ता, विवेक सैनी, डा० संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी, रवि भार्गव आदि शामिल रहे।

# चोरी की घटना को पुलिस मान रही हैं संदिग्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वृद्धा को बेहोश कर सोने चांदी के आभूषण व नकदी चोरी होने के मामले को पुलिस संदिग्ध मानकर चल रही है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पर कर्ज था और वह कर्जदारों को देने के लिए बैंक से रकम निकाल कर लाया था। जिस अलमारी से रुपये चोरी हुए उसमें चाबी भी लगी हुई थी।

घ्याना गांव में चोरी के मामले में जांच कर रही पुलिस का दावा है कि पूछताछ में पीड़ित सुंदर ने बताया कि उस पर कुछ लोगों का कर्ज था, दो दिन पूर्व ही बैंक वह पांच लाख 25 हजार रुपये कर्जदारों को देने के लिए बैंक से निकाल कर लाया था, लेकिन उन्हें दिए नहीं थे, बल्कि उन्हें अलमारी में रखकर परिवार के साथ सहारनपुर मेला देखने चला गया, अलमारी में चाबी भी लगी छोड़ गया। जिसके चलते यह चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, पुलिस जांच पूरी कर जल्द ही इसका खुलासा करेगी। बता दें, कि शुक्रवार की रात घ्याना गांव में सुंदर के घर में चोरी की वारदात हुई थी, पीड़ित का दावा है कि घर में घुसे चोरों ने मां बालेश्वरी को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और कमरे में रखी अलमारी और पेटी से पांच लाख रुपये की नकदी और लगभग पांच लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे।

# डा. तनेजा 3000 ईएनटी डॉक्टर एसो. द्वारा सम्मानित





**मुजफ्फरनगर।** 19-21 सितम्बर को उत्तर प्रदेश ईएनटी0 डॉक्टरर्स के वार्षिक अधिवेशन में जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह के द्वारा डॉ. तनेजा को उनकी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

ज्ञात रहे डॉ. तनेजा कैनेरी. मेडिकल कॉलेज, लखनऊ से एमबीबीएस, डीएलओ, एमएस (ईएनटी) तथा एम. 50 वर्षों से चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। डॉ. तनेजा 3090 के एक मात्र ईएनटी. सर्जन हैं जिन्होंने 75 से अधिक शोध पत्र तथा 500 से अधिक हैं। डॉ. तनेजा ने मुजफ्फरनगर से 1995 में कान का क्षेत्र की चिकित्सा पत्रिका Indian Journal of Otology का प्रकाशन प्रारम्भ किया जो अब तक 30 वर्षों से निरन्तर प्रकाशित हो रहा है। आज उसकी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा प्राप्त है। इसका मूल्यांकन इसके ज्पजसम की कीमत जो एक करोड़ रूपए से अधिक है। डॉ. तनेजा को कान के छेद से सर्जरी तथा उनके द्वारा आयोजित 30 से अधिक कार्य शालाओं के लिए भी जाना जाता है। डॉ. तनेजा अपनी उपलब्धियों के फलस्वरूप ईएनटी. डॉक्टरर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सार्क देशों के महासचिव और आजकल सार्क देशों के उपाध्यक्ष भी हैं।

# निर्माणाधीन पानी की टंकी पर जा रहे चौकीदार को गोली मारी

**नहटौर।** निर्माणाधीन पानी की टंकी पर जा रहे चौकीदार को रास्ते में अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गन शॉट सैस्पेक्टेड बताते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम नरगदी गंधु में बन रही जल निगम की पानी की टंकी पर विकास (48 वर्ष) पुत्र धन सिंह चौकीदारी करता है। बताया जाता है कि बीती रात करीब 9 बजे जब वह टंकी पर चौकीदारी करने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह टंकी के पास आये अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उसकी जांघ में लगी।



जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। गोली की आवाज व घायल के शोर की आवाज सुनकर ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़े। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। चौकीदार के गोली लगने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गन शॉट सैस्पेक्टेड लिखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## मिस्त्री को जलाकर मारने की कोशिश

**स्योहारा।** मोटरसाइकिल ठीक करने वाले एक मिस्त्री को जलाकर मारने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम गोंडाजुड़ निवासी खुर्शीद अहमद पुत्र अकबर हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई अनस मिस्त्री का काम करता है। 13 सितंबर की शाम करीब सात बजे अनस अपनी दुकान पर मोटर साइकिल सर्विस कर रहा था। तभी गांव का ही फाजिल पुत्र मुसरत वहां पहुंचा और उसने जलती हुई तिल्ली अनस पर फेंक दी। अचानक आग पकड़ने से अनस बुरी तरह झुलस गया और दुकान में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। गंभीर हालत में झुलसे अनस को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इलाज में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई।

# भारत की पाक पर लगातार 7वीं जीत

## अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने 59 गेंदों पर 105 रन जोड़े, सात गेंद के बाकी रहते हुए जीता मैच

**दुबई, वार्ता।** भारतीय फील्डर्स ने 20 ओवर में 5 कैच टपका दिए। भारत के प्रीमियम फास्ट बॉलर जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन दे दिए। भारत के स्पिनर्स का जादू भी नहीं चला। कुलदीप, वरुण और अक्षर ने मिलकर सिर्फ 1 विकेट लिया। एशिया कप सुपर-4 राउंड में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी में पाकिस्तान के लिए जो कुछ भी सही हो सकता था हुआ। इसके बावजूद नतीजा क्या रहा। भारत ने 6 विकेट से आसान जीत हासिल की। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया की पाकिस्तान के ऊपर लगातार सातवीं जीत है। बालिंग और फील्डिंग में कुछ हद तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत ने शानदार जीत की पटकथा कैसे लिख डाली। भारत ने टॉस जीता, सूर्या ने फिर सलमान से हाथ नहीं मिलाया दुबई की पिच पर टारगेट चेज करना फायदेमंद रहता है। इस मैच से पहले पिछले 5 साल में यहां टॉप-12 टीमों के बीच 19 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए थे। इसमें 17 में टारगेट चेज करी टीम जीती थी। इस बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और टारगेट चेज करने का ही फैसला किया। सूर्या ने टॉस के बाद एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान के साथ ग्रुप स्टेज मुकाबले में भी उन्होंने यही किया था। इससे नाराज पाकिस्तानी टीम मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने पर अड़ गई थी। आईसीसी ने न सिर्फ उनकी डिमांड खारिज की, बल्कि इस मैच के लिए भी एंडी पाइक्राफ्ट को ही मैच रेफरी बनाया गया। पावरप्ले में पाकिस्तान ने की दम दिखाने की कोशिश पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में भी पहले बल्लेबाजी की थी। तब पाकिस्तानी टीम पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट खोकर सिर्फ 42 रन बना पाई थी। इस बार पाकिस्तान ने बेहतर प्रदर्शन किया और 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 55 रन बनाए। सईम अयूब की जगह ओपनिंग करने आए फखर जमान 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान ने नंबर 3 पर खेलने आए सईम के साथ 72 रन की पार्टनरशिप कर डाली। मिडिल ओवर में धीमी पड़ी पाकिस्तान की पारी पावरप्ले में अच्छी शुरुआत के बाद पाकिस्तान की पारी मिडिल ओवर्स में धीमी पड़ गई। पहले 6 ओवर में करीब 9 की रन रेट से बैटिंग करने वाली टीम अगले 10 ओवर में सिर्फ 64 रन बना सकी। तीन विकेट भी गंवाए। 16 ओवर की समाप्ति तक पाकिस्तान का स्कोर 119/4 था। फहीम की बैटिंग ने दिया संघर्ष करने लायक स्कोर पाकिस्तान ने डेथ ओवर्स यानी आखिरी 24 गेंदों पर 52 रन बनाए और टीम 20 ओवर में 171 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। इसमें फहीम अशरफ का योगदान अहम रहा। फहीम ने सिर्फ 8 गेंदों पर 20 रन बनाए। कप्तान सलमान अली आगा ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए। इस मैच में भारत के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बिल्कुल लय में नहीं दिखे। उन्होंने अपने 4 ओवर में 45 रन खर्च कर दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। वरुण ने 4 ओवर में रन तो 25 ही दिए, लेकिन विकेट का खाता वे भी नहीं खोल पाए। कुलदीप ने 1 विकेट जरूर लिया, लेकिन उन्होंने 31 रन खर्च कर दिए। अभिषेक और गिल के आगे बेबस पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट्स इस पिच पर 171 रन के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बता रहे थे। लेकिन, भारतीय ओपनर्स अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने जिस आक्रामक तेवर से बल्लेबाजी की उससे बहुत जल्द यह पता चल गया कि पाकिस्तान की एक और हार तय है। इन दोनों ने पावरप्ले में ही 69 रन बटोर लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंदों पर 105 रन की पार्टनरशिप की। पिछले तीन मैचों में सिर्फ 35 रन बना पाए शुभमन गिल इस बार अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने 167 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए।



### सुल्तान जोहोर कप: भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहोर कप के आगामी संस्करण में भाग लेने के लिए रोहित की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। डिफेंडर रोहित को कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर रोहित, तलेम प्रियोबर्ता, अनमोल एक्का, आमिर अली, सुनील पी बी और रवनीत सिंह( मिडफील्डर अंकित पाल, थुनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, अदरोहित एक्का, अराजित सिंह हुंदल, रोसन कुजूर और मनमीत सिंह शामिल हैं।

# भारत-पाक में अब प्रतिद्वंद्विता नहीं रही: सूर्या



● मुझे लगता है कि पत्रकारों को प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस धारणा को खारिज कर दिया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकबला अब प्रतिद्वंद्विता है। सूर्यकुमार यादव ने रविवार रात पाकिस्तान को छह विकेट से हराने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मैं इस सवाल पर एक बात कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपको प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए। इससे पहले उन्हें याद दिलाया गया कि सवाल प्रतिद्वंद्विता के बारे में बिल्कुल नहीं था। स्तर और प्रतिद्वंद्विता एक जैसी ही है।

मेरे हिसाब से, अगर दो टीमें 15-20 मैच खेलती हैं और अगर आमने-सामने मुकाबला 7-7 या 8-7 का होता है, तो उसे प्रतिद्वंद्विता कहते हैं। लेकिन 13-0, 10-1--- मुझे नहीं पता कि आंकड़े क्या हैं। लेकिन अब यह प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमने उनसे बेहतर क्रिकेट खेला। रिकॉर्ड के लिए, भारत ने दुबई में 2022 में एशिया कप में पाकिस्तान से मिली पिछली हार के बाद से अब तक लगातार सात मैचों में खसिर्फ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैचों में, पाकिस्तान को हराया है। इस 'प्रतिद्वंद्वी' के बारे में उनकी राय पूछे जाने से पहले, सूर्यकुमार ने बताया कि उन्हें खेल का निर्णायक दौर पाक की पारी का आधा समय लगा जब पाकिस्तान ने दस ओवर में एक विकेट पर 91 रन बनाए थे, जो भारत के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अब तक का उनका सर्वोच्च हाफटाइम स्कोर था। यही वह समय था जब सूर्यकुमार ने अपनी टीम को संभाला और अंपायरों ने ड्रिंक्स इंटरवल की घोषणा कर दी। इसके बाद, भारत ने अगले सात ओवरों में केवल 38 रन देकर पाक पर लगाम कसी। इस टूर्नामेंट में 10-17 ओवरों के बीच बल्लेबाज़ी करने वाली टीमों का यह सबसे कम स्कोर है। सूर्या ने कहा कि मेरे हिसाब से, पहली पारी के पहले ड्रिंक्स में टर्निंग पॉइंट आया। उसके बाद लोगों ने अपनी बॉडी लैंग्वेज बदल दी। आप हमेशा पावरप्ले के बाद खेल में बदलाव देखते हैं। लेकिन आज, दस ओवर के बाद खेल बदल गया, जब गेंदबाजो ने अपनी लाइन और लेंथ बदली, उस स्थिति में क्या ज़रूरी था, यह समझा और थोड़ी ज्यादा ऊर्जा दिखाई। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबा. जी की। और मेरे हिसाब से, शिवम का स्पैल, आप कह सकते हैं कि यह एक टर्निंग पॉइंट था। सूर्या ने शिवम के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह सभी अभ्यास सत्रों में अपनी गेंदबाजी पर बहुत मेहनत कर रहा है।

# चोटिल बवुमा पाक के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर




● बवुमा को यह चोट इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी, जिसे ठीक होने में छह से आठ हफ्ते लगेंगे

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बवुमा पिंडली में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बावुमा को यह चोट हाल ही में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी और उन्हें ठीक होने में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है।

उनकी गैरमौजूदगी में एडन मारक्रम टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की दो साल से अधिक समय के बाद वापसी हुई है। वह स्पिन विभाग में सेनुरन मुथुमसे और प्रेनेलन सुब्रायन के साथ शामिल होंगे। पहली पसंद के स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड में कमर में खिंचाव के बाद केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं। एक और बड़ी खबर यह है कि विकेटकीपर लक्वटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया है और पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीमों में वापसी की है। डी कॉक ने आखिरी बार पिछले साल जून में बारबाडोस में हुए टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेला था। पाकिस्तान दौरे के सफेद गेंद वाले चरण के लिए कॉर्बिन बॉश और डेवाल्ड ब्रेविस को छोड़कर अपने सभी ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। डेविड मिलर टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे टीम की कमान संभालेंगे। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले लवडहोक में अपने नए स्टेडियम का उद्घाटन करने के लिए नामीबिया में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच भी खेलेगा और उस मैच के लिए उसकी एक अस्थायी टीम होगी। ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा उस टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें डी कॉक, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, और रिवाल्डो मूनसामी शामिल हैं, जिन्हें पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय टीम में फेरेरिया को बर्गर, कोएत्जी और डी कॉक के साथ शामिल किया गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे और ब्योर्न फोर्टुइन की वापसी हुई है। लेग स्पिनर नकाबा पीटर एक मजबूत स्पिन गेंदबाजी टीम का हिस्सा हैं। टेस्ट टीम में जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप गदा जीतने वाले मुख्य खिलाड़ी शामिल हैं। ब्रेविस, सुब्रायन और ज़ुबैर हम्जा इस ग्रुप में नए हैं, जबकि डेन पैटरसन या लुंगी एनगिडी, जो सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा हैं, के लिए कोई जगह नहीं है। कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाज टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि टेम्बा की पिंडली की चोट के कारण दुर्भाग्यवश वह छह से आठ हफ्तों तक मैदान से बाहर रहेंगे, लेकिन हमारा ध्यान उन्हें नवंबर में होने वाले भारत दौरे के लिए पूरी तरह तैयार होने का सर्वश्रेष्ठ मौका देने पर है। उन्होंने कहा हम टेम्बा के उपलब्ध न होने से निराश हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उत्तराखंड क्रिकेट में गड़बड़ी के मामले में बीसीसीआई से जवाब तलब

**नैनीताल, वार्ता।** उच्च न्यायालय ने उत्तराखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) में व्याप्त अनियमितताओं के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को भारतीय क्रिकेट की प्रमुख संस्था भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को आठ अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले से जुड़ी पांच याचिकाओं पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में सुनवाई हुई। सोमवार को बीसीसीआई के प्रतिनिधि अदालत में पेश हुए और जवाब देने के लिए पीठ से समय की मांग की। पीठ ने आठ अक्टूबर तक की मोहलत दे दी। डॉ. बुद्धि चंद्र रमोला, धीरज भंडारी और संजय गुसाई एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि यूसीए में अनियमितताएं व्याप्त हैं। बीसीसीआई के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। खाने के नाम पर लाखों की अनियमतता की गयी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से 12 करोड़ के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

### आयुष शेट्टी व एचएस प्रणय कोरिया ओपन में करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयुष शेट्टी और एचएस प्रणय मंगलवार से दक्षिण कोरिया के सुवन में शुरू होने वाले कोरिया ओपन में भारत टीम की अगुवाई करेंगे। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय का हाल के वर्षों में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा हैं। प्रणय के साथ पुरुष एकल में आयुष शेट्टी भी होंगे, जो जून में यूएस ओपन सुपर 300 में जीत के साथ इस सीजन में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। किरण जॉर्ज भी मुख्य ड्रॉ में हैं, जबकि थारुण मन्नेपल्ली और मीराबा लुवांग मैसनम को क्वालीफायर से भिड़ना होगा।

# श्याम लाल कॉलेज ने जीता बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब



● फाइनल मुकाबले में नंद किशोर ने दो और प्रत्यूष, अभिषेक व हर्ष ने एक-एक गोल किए

**पिलानी, वार्ता।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज ने फाइनल में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 5-0 से हराकर बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

राजस्थान स्थित बिट्स पिलानी के मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज की ओर से नंदकिशोर ने 2 और प्रत्यूष सिंह जग्गी, अभिषेक और हर्ष ने एक- एक गोल किए। इसी टूर्नामेंट में हार्ड लाइन मैच में हंसराज कॉलेज ने मेजबान बिट्स पिलानी को 6-5 से ट्राइब्रेकर में हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्धारित समय में हंसराज कॉलेज और बिट्स पिलानी टीम के बीच मैच एक- एक गोल से बराबर रहा। हंसराज कॉलेज की तरफ से रविराज व बिट्स पिलानी की तरफ से अंकित ने एक-एक गोल किया। इसके बाद हुए ट्राइब्रेकर में हंसराज कॉलेज ने बिट्स पिलानी को 6-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता टीम श्याम लाल कॉलेज टीम को 25 हजार रूपये का तथा उपविजेता एससीओसी को दस हजार का ईनाम मिला।

### डिकॉक ने संन्यास का फैसला लिया वापस

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का अपना फैसले वापस ले लिया है और चयनकर्ताओं उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह नामीबिया के साथ एकमात्र टी-20 मैच भी खेलेंगे। डी कॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था,और द. अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। इस बीच, वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं। वर्तमान मुख्य कोच ने डीकॉक के साथ चर्चा की है और कहा है कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

# जीएडब्ल्यू को रोमांचक मुकाबले में हराकर टीकेआर ने जीता पांचवां सीपीएल खिताब

● खेले गए फाइनल मुकाबले में सौरव नेत्रवलकर और अकील ने शानदार गेंदबाजी की

**प्रोविडेंस, वार्ता।** सौरभ नेत्रवलकर (तीन विकेट) और अकील होसेन (दो विकेट/16 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को तीन विकेट से हराकर सीपीएल का खिताब अपने नाम किया।

यह टीकेआर का पांचवां सीपीएल खिताब है। खेले गए फाइनल मुकाबले में टीके आर ने सौरभ नेत्रवलकर और अकील होसेन के शानदार गेंदबाजी के दम पर गयाना अमेजन वॉरियर्स को 130 रनों पर रोक दिया। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीकेआर के लिए टीकेआर के लिए एलेक्स हेल्स (26), कॉलिन मुनरो (23), सुनील नारायण ने (22), कोरेन पोलार्ड ने 21 रनों का योगदान दिया। होसेन ने बल्लेबाजी के दौरान लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी क्षणों में सात गेंदों पर नाबाद 16 रनों की तेज पारी खेलकर ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) को पांचवां सीपीएल खिताब दिलाया। होसेन उस समय बल्लेबाजी करने उतरे जब टीकेआर का स्कोर सात विकेट पर 116 रन था और उसे 22 गेंदों में 15 रन चाहिए थे और उन्होंने गुडाकेश मोटी की गेंदों पर पहले छक्का और फिर चौका लगाकर नाटकीय अंदाज में जीत का जश्न मनाया। टीकेआर ने 18 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

### टी-20 सीरीज: आदिल आलम व संदीप जोरा नेपाल टीम में शामिल

**काठमांडु, वार्ता।** नेपाल ने इस महीने के आखिरी में यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली ऐतिहासिक तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर मोहम्मद आदिल आलम और मध्यक्रम बल्लेबाज संदीप जोरा को टीम में शामिल किया है। यह नेपाल की किसी पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला होगी।

आलम ने आखिरी बार अगस्त 2022 में और जोरा ने जून 2024 में नेपाल के लिए खेला था। रोहित पौडेल टीम की अगुवाई करेंगे और दीपेंद्र सिंह ऐरी उनके उप-कप्तान होंगे। गेंदबाजी आक्रमण लेग स्पिनर संदीप लामिछाने पर केंद्रित होगा। बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में हुई टॉप एंड टी-20 श्रृंखला से चूक गए थे, की भी टीम में वापसी हुई है।

# किदांबी श्रीकांत, नंदी हैदराबाद पिकलबॉल लीग में शामिल हुए

● श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है उनके नाम 12 से अधिक खिताब है

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत के बैडमिंटन स्टार और पूर्व पुरुष एकल विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत, नंदी चार्जर्स फ्रैंचाइजी में निवेशक और भागीदार के रूप में आधिकारिक तौर पर हैदराबाद पिकलबॉल लीग (एचपीएल) में शामिल हो गए हैं।

लीग अक्टूबर में हैदराबाद में अपनी शुरुआत करेगी। श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके नाम 12 से अधिक खिताब है। उनका अब नंदी चार्जर्स के साथ जुड़ना पिकलबॉल में भी उसी चैंपियन जैसी मानसिकता और प्रतिस्पर्धी भावना लाता है। किदांबी श्रीकांत ने कहा कि मैं हैदराबाद पिकलबॉल लीग का हिस्सा बनकर और नंदी चार्जर्स के साथ हाथ मिलाकर वाकई उत्साहित हूं। पिकलबॉल तेज-तर्रार, गतिशील है और इसमें भारत में प्रशंसकों से जुड़ने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है, यह देखने में आसान, रोमांचक और बेहद प्रतिस्पर्धी है। सबसे अधिक उत्साहित करने वाली बात यह है कि मुझे अपने खेल के अनुभव को एक नए क्षेत्र में लाने और इस लीग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का मौका मिला है। इस सफर की शुरुआत में ही इसमें शामिल होना इसे और भी सार्थक बनाता है और मेरा मानना है कि नंदी चार्जर्स एक ऐसी टीम बनकर माहौल बना सकती है जो पूरे जोश और गर्व के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। नंदी चार्जर्स के फ्रैंचाइजी मालिक ने कहा कि हमें नंदी चार्जर्स फैमिली में श्रीकांत का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की ध्वजवाहक होगी प्रीति पाल

● पैरा एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने का प्रीति का सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की पैरा-एथलीट और पेरिस पैरालंपिक 2024 में दोहरा कांस्य पदक जीतने वाली प्रीति पाल को आगामी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल की आधिकारिक तौर पर ध्वजवाहक नियुक्त किया गया है। सेरेब्रल पाल्सी से जूझने से लेकर पैरा-एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने तक का उनका सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है। प्रीति ने अपनी अथक भावना और समर्पण से सभी बाधाओं को पार किया है। 100 मीटर में 14:21 सेकंड और 200 मीटर टी-35 स्प्रिंट श्रेणियों में 30:01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ उन्होंने पेरिस में दो ऐतिहासिक कांस्य पदक जीते। 27 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के शीर्ष एथलीटों और वैश्विक सितारे प्रदर्शन करने उतरेंगे। अगली पीढ़ी के पैरा-एथलीटों के लिए प्रेरणाोत प्रीति ने कहा कि यह सफर कड़ी मेहनत और समर्पण का रहा है। जहां एक ओर विशेषज्ञ कोचिंग ने मुझे तकनीकी रूप से मार्गदर्शन दिया है, वहीं साई और टॉप्स का सहयोग मेरे लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आया है, जिसने मुझे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक




सुविधाए, उपकरण और वित्तीय सहायता प्रदान की है। मेरा दैनिक प्रशिक्षण गहन है और मैं अपने प्रदर्शन के हर पहलू को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। यह क्षण न केवल मेरी यात्रा की पहचान है, बल्कि लचीलेपन और टीम वर्क का प्रमाण भी है। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और भारत को और अधिक गौरव दिलाना है। मेरा हर कदम उन लोगों के लिए है जो मुझ पर विश्वास करते हैं और उन लोगों के लिए जो चुनौतियों के बावजूद सपने देखने का साहस रखते हैं।

### टीम को पिछली हारों पर ध्यान नहीं देकर, आगे बढ़ना होगा: उपेंद्र मलिक

**जयपुर, वार्ता।** यूपी योद्धा के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा है कि टीम को पिछली हार पर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ने की जरूरत हैं।

यूपी योद्धा सोमवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज से मुकाबला करेंगे। यूपी योद्धा का अब तक का अभियान मुश्किल रहा है, उन्होंने अपने छह मैचों में केवल चार अंक ही जुटाए हैं। वे लगातार चार मैच हारे हैं और अगर उन्हें अपना सीजन जारी रखना है तो उन पर जल्द से जल्द स्थिति बदलने का दबाव है। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने स्वीकार किया कि हालिया नतीजे टीम के लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्होंने शि. विर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया शारदीय नवरात्र मेले का उद्घाटन

## चौ. भूपेन्द्र ने विधायकों व भाजपा नेताओं के साथ मां शाकम्भरी मंदिर में पूजा अर्चना कर टेका माथा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट/साढौली कदीम।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्धपीठ में विख्यात सिद्धपीठ मां श्री शाकंभरी देवी मेले का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह तथा शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी शंकराचार्य सहजानंद महाराज ने विधिवत नारियल फोड़कर फीता काटकर उदघाटन किया गया।

इस अवसर पर चौधरी भूपेन्द्र सिंहने बोलते हुए कहा कि यह सिद्धपीठ देश के धार्मिक स्थलों मे से एक धार्मिक स्थल है मंदिर देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मान्यता है यहां शीश नवाने वाले श्रद्धालु सर्व सुख संपन्न हो जाते हैं। इन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के विकास और सौन्दर्यकारण के लिए कार्य कर रही है। श्री शाकंभरी देवी के विकास और सौंदर्यकारण के लिय क्षेत्र मे विकास कार्य कर रही है। उद्धघाटन के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सर्व प्रथम बाबा भूरा देव के दर्शन किए उसके बाद मां श्री शाकांभरी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, मेयर डॉक्टर अजय कुमार गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह, विधायक मुकेश चौधरी, रामपुर मनिहारान विधायक देवेन्द्र निम, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, भाजपा युवा नेता अभय राणा, मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा पूर्व विधायक नरेश सैनी भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर महेन्द्र सैनी, साहब सिंह पुण्डीर, ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास मुजफराबाद ब्लाक प्रमुख पति योगेश पुंडीर जिला पंचायत सदस्य चोधरी ररामकिशन ऊर्फ, हंस राजगौतम, मुकेश चौहान डीसीडी एफ के चेयरमैन सोनेंद्र राणा, गन्ना समिति के चेयरमैन मुल्की राज सैनी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कश्यप, बॉबी कर्णवाल बिट्टू, रिजवान लाला, हंसराज गौतम, मुकेश चौहान, राजदेव विजय सैनी सुभाष सैनी अमन कौशिक सहित एस डी एम मानवेंद्र सिंह सीओ एस एन वैभव पांडेय, ऐ एम ओ चंद्रवीर सिंह, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र प्रजापति मेला इंचचार्ज अवनीश गौतम मोजूद रहे।वही दूसरी ओर प्रथम नवरात्र पर श्रद्धालुओ की भरी भीड़ ने घंटो लाइन मे लगकर दर्शन किए और मां भगवती को प्रसाद चढ़ाकर मनोकामना मांगी। इस दौरान श्रद्धालुओ की लाइन काफी लंबी लग गई थी गर्मी के मौसम मे भी श्रद्धालुओ की आस्था नहीं डिग पाई और माता के जयकारों से सिद्धपीठ पूरा क्षेत्र गुजाईमान रहा। श्रद्धालुओ की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन मन्दिर के आस पास और मेले मे मुस्तैद रहा।

# मुस्लिम गुर्जर रिश्ते ग्रुप ने हिमाचल में पीड़ितों को दी मदद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुस्लिम गुर्जर रिश्ते ग्रुप (हरियाणा व यूपी) का एक वफद मौलाना डॉक्टर अब्दुल मालिक मुगीसी, प्रबंधक जामिया रहमत घघरौली व राष्ट्रीय संयोजक ऑल इंडिया मिल्ली यूथ ऑर्गेनाइजेशन की कयादत में जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर पहुँचा। वफद ने मुसीबतजदा और जरूरतमंद लोगों का हाल जाना और उनकी हर संभव मदद की।

मुस्लिम गुर्जर रिश्ते ग्रुप के अहल-ए-खैर की ओर से लगभग दो लाख रुपये नकद मौलाना रोशन कासमी को सौंपे गए ताकि यह मदद जरूरतमंदों तक पहुँच सके। इसी तरह चंबा की एक प्रभावित महिला हसन बीबी को मकान की तामीर के लिए तीस हजार रुपये की खास मदद दी गई। मौलाना रोशन कासमी, अध्यक्ष जमीअत उलेमा-ए-हिंद जिला चंबा ने वफद की रहनुमाई की और प्रभावित इलाकों तक पहुँचने में अहम भूमिका निभाई। मौलाना डॉक्टर अब्दुल मालिक मुगीसी ने कहा कि यह इंसानियत का तकाजा है कि हम सब अपने प्रभावित भाइयों के दुख-दर्द में साथ खड़े हों, चाहे वे किसी भी मजहब के हों। यह इंसानी फर्ज है।

वफद में मोहम्मद इमरान, मास्टर अर्शद, जमशेद तोमर, मास्टर महमूद, आसिफ, सलमान भाई, मेजर हसन, कारी अब्दुर्रहमान, प्रधान हसन, हाफिज अहकाम रहमती और हाफिज रहमत रहमती शामिल थे।

# जोन 4 में अनाधिकृत निर्माण ध्वस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसडीए द्वारा जोन 4 के अन्तर्गत चल रहे अनाधिकृत निर्माणों के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

मिनी बाइपास रोड मल्हीपुर में वीरेन्द्र कुमार व ओमवीर सिंह द्वारा 720 वर्ग गज में मिट्टी भराव कर कराये गये विकास कार्य, बादशाहपुर मिनी बाइपास रोड पर दीपक शर्मा व कपिल शर्मा द्वारा करीब 18 बीघा में बाउन्ड्रीवाल व कच्ची सडक बनाने हेतु मिट्टी डालने के कार्य, नालन्दा कालेज के सामने मुन्नू, मा. सत्यवीर व राजेन्द्र द्वारा करीब 25 बीघा भूमि को समतल करते हुए ऑफिस बनाने के कार्य को ध्वस्त किया गया। कार्यवाही करने वाली टीम में सहायक अभियन्ता सार्थक शर्मा, अवर अभियन्ता धर्मवीर सिंह, मेट मदनपाल व सुभाष शामिल रहे।

## भिड़ंत में 4 घायल

**नकुड़।** थाना क्षेत्र के गांव साढौली में रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार एक बाइक नकुड़ की ओर से जबकि दूसरी सहारनपुर की ओर से आ रही थी। साढौली के समीप दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में सहारनपुर निवासी आमिर व आहद तथा पिलखनी निवासी सचिन व शगुन गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकुड़ पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# महाराजा अग्रसैन जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वैश्य अग्रवाल सभा समन्वय समिति के तत्वावधान में हवन, ध्वजा रोहण, माल्यार्पण एवं आरती के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया।

महाराजा अग्रसेन जी के जन्मोत्सव पर सर्व वैश्य अग्रवाल समाज ने एकत्रित होकर महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से निकाली गई जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा गौशाला रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला से शुरू होकर मुख्य बाजारों मोरगंज, फवारा चौक, नया बाजार, सराफा बाजार से होते हुए वापस अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुई। यात्रा में कई प्रकार के बैंड, घोड़े, रथ, सुंदर झांकियां, महिलाओं के लिए उचित व्यवस्था और भजन कार्यक्रम भी शामिल थे। शोभायात्रा का उद्देश्य सभी वैश्य समाज को एकत्रित करना तथा समाज में अपनी एकता एवं अखंडता का परिचय देना था। इस दौरान नगर विधायक राजीव गुंबर, विधायक देवेंद्र निम, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को कार्यक्रम आयोजकों ने सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक संजय गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, शिवकुमार गुप्ता, मयंक गर्ग, महावीर गुप्ता, सुनील गुप्ता, राजीव गोयल, पंकज गुप्ता, प्रदीप मित्तल, अनिल गुप्ता, आदेश अग्रवाल, पवन गोयल, डॉक्टर आर. के. गोयल आदि मौजूद रहे।

# शाकंभरी सेवा शिविर का शुभारंभ



**चिलकाना।** गांव पठेड में मां शाकंभरी देवी सेवा शिविर आज से शुरू हो गया। शिविर का शुभारंभ राज्यमंत्री के भाई ने फीता काटकर किया।

सोमवार को गांव पठेड में शारदीय नवरात्रों में हर वर्ष माता के भक्तों की सेवा के लिए लगने वाला शाकंभरी सेवा शिविर शुरू हो गया। जिसका शुभारंभ राज्य सरकार में मंत्री जसवंत सैनी के भाई कृष्णपाल सैनी तथा हरीश पंवार ने संयुक्त रूप से किया। प्रात:काल पंडित सुभाष शर्मा ने पूजा कराकर विधिवत रूप से माता शाकुंभरी के शिविर में जोत स्थापित की। शिविर में पूजा के दौरान पंडित सुभाष शर्मा ने बताया कि नवरात्रों में माता के नौ दिव्य स्वरूप की आराधना की जाती है। इस दौरान शिविर प्रबंधक संजू कश्यप, सोनू त्यागी, कुक्कल सैनी, गौरव त्यागी, सौरभ त्यागी, शुभम कश्यप, प्रमोद कुमार, देवेंद्र सैनी, दीपक त्यागी, नरेश कुमार, राजेश कुमार, संजय सैनी आदि मौजूद रहे।

# कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम सुनाकर बांधा समां





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परस्पर सौहार्द व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा महाराज की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा जनमंच सभागार में कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुंबर, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र तनेजा, वाइस चेयरमैन मेला अहमद मलिक, भाजपा नेता गुरप्रीत बग्गा, चीफ वार्डन राजेश जैन, कुलदीप धमीजा, कार्यक्रम संयोजक पार्षद शाहिना प्रवीन आदि ने दीप प्रज्वलित और रिबन काटकर किया। महापौर डॉ. अजय कुमार व सह संयोजक सैय्यद मशकूर ने कव्वालों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

जयपुर के मशहूर कव्वाल नुसरत साबरी ने कार्यक्रम की शुरुआत '' मिसाल किससे तेरी दू, बेमिसाल है तू........ '' नात से की। उसके बाद "तू कुजा मन कुजा" कलाम से महफिल में शानदार रंग जमाया। महफिल को आगे बढ़ाते हुए नुसरत साबरी ने "मेरा दिल तोड़ने वाला कोई और होता आप ना होते", "तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी", "फसले गुल हैं सजा है, मयखाना" तथा ''काली-काली जुल्फो के फंदे ना डालो'' जैसे एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर वाहवाही लूटी।

दिल्ली के प्रसिद्ध कव्वाल असद निशात ने "भर दे झोली मेरी या मोहम्मद, लौटकर मैं न जाऊँगा खाली" से अपने कलाम की शुरुआत की। असद ने "सरे ला मका से तलब हुई", "साँसों की माला पर सिमरूँ मैं" और अपना मशहूर कलाम "वह ख्वाजा का रोजा" सुनाकर श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध किये रखा। रात करीब दो बजे तक श्रोता कव्वाली सुनने के लिए जमे रहे।

इससे पूर्व कार्यक्रम सह संयोजक सैय्यद मशकूर, मौ. खालिद व मौहम्मद युनुस ने महापौर को पटका पहनाकर व सम्मान चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। जबकि पार्षद प्रतिनिधि नदीम अंसारी, सरफराज साबरी, नाहिद अंसारी, अनस उर रहमान, सैयद अमीर, अजीम खान, अकमल खां बिट्टू, जुबेर पुंडीर, सचिन जैन, फहीम उस्मानी, नौशाद उस्मानी, सागर गुप्ता, सोहनलाल कश्यप, आदि ने पार्षदों व अन्य अतिथियों का पटके पहनाकर अभिनंदन किया। संचालन मौ. युनुस ने किया।

## चरस के साथ पकड़ा

**साढौली कदीम।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान शाकुम्भरी रोड पर नौगांवा जाने वाले रास्ते से एक व्यक्ति को नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि कोतवाली के उपनिरीक्षक धीरज सिंह, हेड कांस्टेबल राहुल राणा हेड कांस्टेबल तरुण कुमार व कांस्टेबल सावन कुमार की टीम ने शाकंभरी रोड पर नौगावा वाले रास्ते पर व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ के दौरान पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम दीपक कुमार पुत्र नाथीराम निवासी मीरगपुर पाजूवाला कोतवाली बेहट बताया तलाशी के दौरान जिसके कब्जे से 516 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# कैम्प में चिन्हित किए दिव्यांग बच्चे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समग्र शिक्षा द्वारा खंड संसाधन केंद्र बीराखेड़ी विकास क्षेत्र गंगोह में दिव्यांग बच्चों का उपकरण मापन एवं पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया।

मापन कैंप में पुनर्वास विशेषज्ञ अश्वनी कुमार, सूरज कुमार ऑडियोलॉजिस्ट, अभिषेक एवं आकाश डाटा एंट्री ऑपरेटर के द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, सी.पी.चेयर, ब्रेल किट, वाकर, श्रवण यंत्र इत्यादि उपकरणों हेतु कल 151 बच्चों का पंजीकरण किया गया। चिन्हित बच्चों को माह नवंबर में उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

कैंप मे अरविंद कुमार सिंह जिला समन्वयक, कमलेश कुमार यादव, शशिकांत प्रसाद सिंह, चन्द्रमणि रुहेला, विपुल शर्मा, प्रमोद सिंह, रजनीकांत यादव, संजय, आनंद प्रकाश बोहरा, स्पेशल एजुकेटर, नीरज सैनी, बालेश, शिक्षक, रजत एकाउंटेंट, ललित लिपिक, उपस्थित रहे।

# प्रेमी के साथ फरार हुई पत्नी को प्रेमी सहित दबोचा

**सहारनपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया, जब प्रेमी संग फरार हुई पत्नी कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस लाईन आए परिजनों के हत्थे चढ़ गए। फरार महिला का पति एसएसपी कार्यालय शिकायती पत्र लेकर पहुचा था, तभी पुलिस लाईन में ही उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ खड़ी थी। जिस पर दोनों पक्षों मे जमकर हंगामा हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना सरसावा के ग्राम सरसोहेड़ी निवासी राहुल कुमार पुत्र मनोज कुमार अपने साले और बहन के साथ पुलिस लाइन में अपनी पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ शिकायती पत्र लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचा था। जब वो शिकायती पत्र देकर बाहर आया तो उसने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ पकड़ लिया। दोनों पक्षों के बीच पहले तो गाली गलौच हुई। बाद में एक दूसरे के साथ मारपीट शुरू शुरू हो गई। ग्राम सरसोहेडी निवासी राहुल कुमार ने बताया कि उसका विवाह मधु के साथ 21 नवम्बर 2020 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था। विवाह के बाद उसके साथ एक हादसा हो गया जिसमें उसका पैर खराब हो गया था जिस कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर रूपए व जेवरात लेगकर घर से फरार हो गई थी। इसी सम्बंध में आज एसएसपी को शिकायती पत्र लेकर आये थे तो पत्नी अपने प्रेमी के साथ मिली और विवाद हो गया। पत्नी की हर इच्छा पूरी की गई परंतु इसका शादी से पहलें ही अपनी प्रेमी. से चक्कर चल रहा था जिस कारण वह उसे छोड़कर फरार हो गई थी।

# विहिप व बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** बेहट विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने नवरात्रों पर्व में मीट की दुकाने बंद कराने व रामलीलाओं में डांस पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन इंस्पेक्टर बेहट को सौंपा।

सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे विहिप एवं बजरंगदल कार्यकर्ताओं का कहना था कि पवित्र नवरात्र मा शुरू हो गया है, जिसमें सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिसर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। धार्मिक भावनाओं को मध्य नजर रखते हुए हाईवे व मेले को जोड़ने वाले संपर्क मार्गो पर खुली मीट की दुकानों तत्काल बंद कराई जाए।। इसके अलावा रामलीलाओं में मंचन के दौरान डांसर के नाच गाने पर भी प्रतिबंध लगाए जाने की मांग करते हुए विहिप के जिला मंत्री मनीष योगाचार्य ने कहा कि यदि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में बजरंग दल के जिला सह संयोजक अनुज सैनी, सन्नी, विशाल चौहान, सुरक्षा प्रमुख विक्की, सुमित रुहेला, राजपाल सिंह, अमित कुमार, अमित सैनी, रोहित सेन आदि शामिल रहे।

# एससी-एसटी बेसिक टीचर्स का धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आज धरना देकर कलैक्ट्रेट में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

हकीकत नगर धरना स्थल पर दिये गये धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश नौटियाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के एक सितंबर 2025 के निर्णय से देशभर के लाखों शिक्षक नाराज है। वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिये टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य कर दिया है जो किसी भी तरह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त जिनकी सेवा अवधि में पांच वर्ष से अधिक का समय शेष बचा है उन्हें सेवा में बने रहने के लिये टीईटी परीक्षा उर्त्तीण करना अनिवार्य कर दिया है। यदि कोई शिक्षक दो वर्ष के अंदर टीईटी उर्त्तीण नहीं होता है तो उसे सेवा छोडनी होगी या उसे सेवानिवृत्ति दी जा सकती है। महामंत्री विक्रम सिंह व कोषाध्यक्ष विरेंद्र सिंह ने कहा कि पदोन्नति के लिये भी टीईटी उर्त्तीण करना अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा सीताराम सहगल, मंडल अध्यक्ष मानसिंह बर्मन, अटेवा जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल ने भी संबोधित किया।

धरने पर कुंवर सिंह बम्रन, श्वेता रानी, पदम सैन, संजय कुमार, लहरी सिंह, प्रमोद नौटियाल, अनुपमा, ममता सिंह, संगीता देवी, सुनील कुमार, राजसिंह, वीरपाल, करन सिंह, चंचल कुमार, अनिल कुमार, कमल किशोर, सुशील सहगल, प्रभात वर्मा, अखिलेश कुमार, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, रजनीश कुमार, शैंकी नौटियाल, चंदन सिंह, देवेंद्र कुमार, सचिन कुमार, कुलदीप सिंह, अमित कुमार, सचिन कुमार, पंकज कुमार, डा.विश्वास, अंकुश कुमार, धमेंद्र कुमार, संदीप कुमार, अजीत व गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

## मवेशियों में बीमारी आने से पशु पालक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** मवेशियों में खुरपका मुंहपका बीमारी आने के कारण पशु पालक परेशान है।

गांव धानवा में सलीम, वकील, बासित तथा इस्लाम आदि ने बताया कि गांव में उनके मवेशियों में खुर पका तथा मुंह पका बीमारी आ गई है। जिसके कार पशुपालक परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि संक्रामक रोग होने के कारण मवेशियों के लिए वैक्सीनेशन होना जरूरी है लेकिन बरसात के बाद मवेशियों को वैक्सीन नहीं लगाई गई है। बीमारी के कारण दुधारू पशु का दूध भी कम हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के बाद खुर पका मुंह पका बीमारी मवेशियों में जाती है लेकिन इसकी रोकथाम के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

# एफबीडी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहीदी दिवस पर फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट को संवेदना-2 अभियान के अन्तर्गत एक ही रक्तदान शिविर में सबसे अधिक रक्त इकाइयाँ इकट्ठा करने पर देश के टॉप 10 संगठनों में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि के लिए ट्रस्ट को निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) की 25वीं वर्षगांठ सिल्वर जुबली समारोह में 21 सितंबर 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति धरम गोखुल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में देश विदेश के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक नेता और प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्था की ओर से यह सम्मान अभय चौधरी, विकास पंवार, मनीष कुमार, नवनीत सैनी, राहुल कुमार, उदयबीर सिंह, संस्था के संस्थापक तरुण प्रकाश और अध्यक्ष पंकज कुमार को प्रदान किया गया। संस्था अध्यक्ष पंकज कुमार पांचाल ने कहा कि यह सम्मान हमारी पूरी टीम और हर रक्तदाता की प्रतिबद्धता और सेवा का परिणाम है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य अश्वनी कुमार मित्तल ने बताया कि हमारा मिशन समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों तक जीवनदान पहुँचाना है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 23 सितम्बर 2025

# पीएम का खुला पत्र

सोमवार को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई। रविवार को अपने राष्ट्र संबोधन के बाद पीएम मोदी ने सोमवार को इस संबंध में देशवासियों के नाम एक खुला पत्र भी जारी किया। जिसमें 22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की बात कही गई थी। निश्चित रूप से सरकार का यह एक अच्छा कदम ही कहा जाएगा। इससे महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग सभी को लाभ होगा। इस फायदे का इशारा पीएम मोदी के खुले पत्र में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है। अब रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाई, साबुन आदि सामान अब 5 फीसदी की दर से मिलेंगे। बाकी सामानों पर भी टैक्स दरों में कमी की बात पत्र के माध्यम से देशवासियों से कही गई है। उन्होंने उन दुकानदारों की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने यहां पहले और अब के बोर्ड इस तरह लगाए हैं, जिसमें लोगों को बताया जा सके कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। पत्र में 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की बात भी कही गई है। पीएम मोदी कुछ समय से स्वदेशी सामान पर अधिक जोर दे रहे हैं। विपक्ष हालांकि अभी भी उनसे नाखुश दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो कह भी दिया कि आठ साल जनता को लूटने के बाद अब उसको थोड़ी राहत प्रदान की गई है। विपक्ष का यह भी कहना है कि वह काफी लंबे समय से जीएसटी को लेकर आवाज उठा रहे थे, क्योंकि जो दरें पहले निश्चित की गई थीं उससे सरकार का खजाना तो भर रहा था, लेकिन जनता की जेब खाली हो रही थी। यह बात सरकार भी अप्रत्यक्ष रूप से ही सही मानती दिखाई भी दे रही है, क्योंकि पीएम मोदी स्वयं कह रहे हैं कि नए जीएसटी सुधार से आम आदमी को लाभ होगा। उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, क्योंकि इससे जो बचत होगी उससे उनकी आर्थिक मजबूती में बढ़ोतरी होगी। इसलिए इसको उन्होंने बचत उत्सव का नाम भी दिया है। निश्चित रूप से सरकार की तरफ से यह देशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा ही कहा जाएगा। यह भी देखना दिलचस्प है कि अभी तक सरकार की तरफ से ही इस फैसले को लेकर अधिक गंभीरता दिखाई जा रही है और पूरा सरकारी अमला इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताकर माहौल को अपने पक्ष में करता दिखाई दे रहा है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि मोदी सरकार का नवरात्र के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं बहनों को जीएसटी सुधारों का उपहार। उन्होंने इसके लिए पीएम मोदी की तारीफ भी की। केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण भी नई दिल्ली में एक स्टेशनरी की दुकान पर गईं ताकि वह देख सकें कि दुकानदार इसका ठीक से पालन कर रहे हैं या नहीं। निश्चित रूप से पक्ष विपक्ष के दावे आरोप प्रत्यारोप के चलते ही रहते हैं, लेकिन इस समय तो यही कहा जा सकता है कि समय की नजाकत को देखते हुए सरकार ने यह एक सराहनीय कदम उठाया है। अब जरूरत इस बात की है यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को सीधे लाभ पहुंचे।

## पीओके के लोग आजादी की मांग कर रहे



पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओ.के) भारत में बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा, पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है, उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं, इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए गए, भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया, आतंकी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, पर भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ बुरे काम देखकर जवाब दिया है।

**राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ

## सहारनपुर में 42 किमी. उत्तर निर्जन वन में है प्रागैतिहासिक मंदिर

सहारनपुर से 42 किलो मीटर उत्तर निर्जन वन क्षेत्र में शाकुम्भरी देवी का प्रागैतिहासिक धार्मिक मंदिर है। लोगों का मत है कि मां शाकुम्भरी देवी असोज (अश्विन) शुदी चौदस को अवश्य अपने मंदिर में आती हैं। इसी कारण यहां असोज शुदी चौदस को मेला लगता है। इस पीठ में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु आते हैं और शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर सोने व चांदी के छत्र चढ़ाते हैं। शाकुम्भरी देवी का उल्लेख संस्कृत के अनेक ग्रन्थों में मिलता है। इनमें महाभारत, देवी भागवत, मार्कण्डेयपुरा, पद्पुराण आदि का नाम लिया जा सकता है। सहारनपुर जनपद के गजेटियर में भी शाकुम्भरी देवी तथा उसके मंदिर का उल्लेख मिलता है। महाभारत में वन पर्व का उल्लेख मिलता है।

यह देवी तीनों लोको में शाकुम्भरी नाम से विख्यात है। उत्तम व्रत का पालन करने वाली उस देवी ने एक हजार दिव्य वर्षों तक एक-एक महीने पर केवल शाक का आहार किया था। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर अहुत से तपोधन ऋषि यहां आये तो उस देवी ने उन महर्षियों का आतिथ्य सत्कार भी शाक के द्वारा ही किया। महाभारत के अतिरिक्त कई पुराणों में भी शाकुम्भरी को उल्लेख मिलता है। तक मै पृथ्वी में शाकुम्भरी नाम से प्रसिद्धि प्राप्त करूंगी और वहीं पर दुर्गम नामक राक्षस का वध करूंगी। सन् 1921 ई. में प्रकाशित सहारनपुर गजेटियर के पृष्ठ 225 पर उल्लेख मिलता है। लगभग 2400 वर्ष पूर्व प्रवास काल में सम्राट चन्द्रगुप्त यहां (बेहट)ठहरता था और यहीं से शाकुम्भरी देवी के दर्शनों को जाता था। इसी प्रसंग का एक प्रकरण डा. सत्यकेतु विद्यालंकार द्वारा लिखित आचार्य चाणक्य नामक उपन्यास में इस प्रकार दिया गया है। शिवा. लिक पहाड़ियों में स्थित यह मंदिर उस समय बड़ा पवित्र माना जाता था और भगवती शाकुम्भरी के दर्शन के लिये लाखों श्रद्धालु प्रति वर्ष यहां आया करते थे। इस मंदिर के चारों और घनघोर जंगल था और दिन में समय वहां जाना भय से खाली नहीं समझा जाता था। यहीं कारण है कि शाकुम्भरी के यात्री 'बृहद्हटट्' नामक नगर में ठहरकर दिन के समय टोली बनाकर दर्शन को जाते थे। बृहद्टट् नगरी शाकुम्भरी देवी के मंदिर से डेढ़ योजन पर उस राजमार्ग पर स्थित थी, जो कुरुक्षेत्र से उत्तर के पार्वत्य नगरों के साथ व्यापार हेतु इस मार्ग का उपयोग था और बृहद्हटट् इस व्यापार का महत्वपूर्ण स्थान था। श्री मंदिर के गर्भ में मां शाकुम्भरी देवी के दाहिने ओर छोटी सी मूर्ति बालगणपति की है। दाहिने भीमा भ्रामरी की मूतियां है, बाये शताक्षी देवी



की मूर्ति है। प्रमुख मंदिर के बाहर आंगन में शिव, हनुमान, काली एवं भैरव आदि की मूर्तियां है। मंदिर के सामने ही स्वच्छ जल की प्राकृतिक धारा बहती है, इसके दूसरी ओर विशाल 'वीर क्षेत्र' का मैदान है। पास ही पहाड़ पर माता छिन्नमस्ता देवी का मंदिर है। मंदिर से एक मील पहले भूरादेव का एक छोटा सा मंदिर है। इसे भगवती का पहरेदार भी कहते हैं। कहते हैं कि देवी का यह मंदिर बहुत ही भव्य था। इसके आसपास कोई निर्माण नहीं था केवल अश्विनी मास की चतुर्दशी को ही यहां छोटा सा मेला लगता था। दर्शनार्थी रात्रि में यहां ठहरना नहीं चाहते थे क्योंकि यह घाटी हिंसक पशुओं से भी थी। तीर्थ यात्री बेहट में ही डेरा डालते थे। वहां से प्रात: ही बैलगाड़ियों में यहां दर्शन करने आते थे और रात होते-होते बेहट लौट जाया करते थे। 7-8 किलो मीटर ऊपर सहस्रा ठाकुर जी का प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालु तब इसी मंदिर को अधिक महत्व देते थे। इस क्षेत्र की सम्पूर्ण परिक्रमा 1-2 मील की थी, जिसमें शाकुम्भरी देवी, सहस्रा ठाकुर शाकेश्वर महादेव, रक्त दंतिका, छिन्न मस्तिका आदि पूजनीय स्थान थे। प्रथम दर्शन भूरे देव का माना जाता था। अन्यथा यात्रा अधूरी मानी जाती थी। अब परिस्थितियां अत्यन्त बदल चुकी है। आज मां शाकुम्भरी देवी की मान्यता न केवल भारत वरन् विश्व स्तर की हो चुकी है। प्रतिदिन यात्रियों तथा दर्शनार्थियों का ताता लगा रहता है। रविवार अष्टमी तथा चतुर्दशी को तो छोटे मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है। समृद्ध परिवारों के तीर्थ यात्री तो अब अपने-अपने निजी वाहनों से आते हैं और दर्शन कर भण्डारा देकर सायंकाल वापस चले जाते है। वैसे सहारनपुर से बसें भी मंदिर द्वार तक जाती आती है। मंदिर के समीप ऊपर भी आश्रम है जहां नि:शुल्क आवास तथा भोजन की सुविधा उपलब्ध है। विशाल यज्ञ शाला में सहस्र चण्डी यज्ञ होते रहते हैं। सामने तथा नीचे खोल में कई धर्मशालाएं, रैन बसेरा तथा अग्रवाल धर्मशाला, श्री शंकराचार्याश्रम आदि है अर्थात ठहरने की अच्छी व्यवस्था है। इसके लिए मंदिर के व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह मंदिर परिक्षेत्र में अच्छा इंतजाम रखते हैं। सहस्रा खोले में मंदिर में पास भोजन जलपान तथा प्रसाद आदि की अस्थायी दुकाने हैं। दुकानों में भी यात्रियों को ठहराने की व्यवस्था रहती है। वर्षाकाल में बरसाती नदी में जल भर जाने के कारण भूरादेव से मंदिर श्री शाकुम्भरी देवी तक मार्ग प्राय: अवरुद्ध हो जाता है और तीर्थ यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वाहन तथा सामान ओर कभी-कभी यात्री भी पानी में बह जाते हैं। भूरादेव से भवन तक का एक मील का यह टुकड़ा अभी तक नहीं बन पाया है। कई बार मंत्रियों, वन विभाग तथा जिला पंचायत द्वारा घोषनाएं हुई किन्तु यह कार्य सम्पन्न नहीं हुआ। जब तक नदी पर दो पुल नहीं बनते और ऊपर पहाड़ी मार्ग नहीं बन जाता तक तक मंदिर तथा आसपास के सौन्दर्यीकरण का प्रश्न ही नहीं उठता। यह गुरूतर कार्य प्रदेश तथा केन्द्रीय सरकार ही करा सकती है। माता वैष्णवी देवी की तर्ज पर इस मंदिर का विकास भी किया जा सकता है अन्यथा तीर्थ यात्रियों की कठिनाइयां जस की तस ही बनी रहेगी। इस बार भरने वाला शाकुम्भरी मेला आज 22 सितम्बर से 2025 से शुरू हो गया है। मेले की सभी व्यवस्था जिला पंचायत करती है। जबकि जिले का पुलिस व प्रशासन भी अपनी व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ता। लगभग दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। आजकल चतुर्थ नवरात्र पर्व पर सिद्धपीठ श्री मां शाकुम्भरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ा हुआ है।



जिया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार
मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com

# बच्चों का हास-परिहास और उनका विकास

**यह है कि छोटे बच्चे अक्सर कहे जाने पर मजाक नहीं करते और शोधकर्ताओं के सामने शर्माते भी हैं। कभी-कभी उनका हास्य समझना भी मुश्किल होता है। फिर, कुछ विद्वान हास्य को हल्का-फुल्का विषय मानते हैं और शोध के लायक नहीं समझते। लेकिन हाल के अध्ययनों ने इस सोच को बदला है। एलेना होइका जैसे मनोवैज्ञानिकों ने बच्चों के हास्य के विकास को बारीकी से ट्रैक किया और दिखाया कि यह उनके मानसिक विकास से जुड़ा है। यानी यह केवल हंसी-मजाक नहीं है, बल्कि बच्चों के विकास में गंभीर और अहम भूमिका निभाता है। बहरहाल, हास्य का महत्व सिर्फ बचपन के विकास या सामाजिक रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसकी असली ताकत यह है कि यह हमें इंसान बनाता है।**

हास्य-विनोद इंसानी व्यक्तित्व का बहुत पुराना और रोचक पहलू है। बच्चे पूरे वाक्य बोलने या किताब पढ़ने से पहले ही हंसी-मजाक और शरारतें करने लगते हैं। यह उनके विकास, दूसरों से जुड़ाव और बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है।

शोध बताता है कि बच्चे जन्म के कुछ ही महीनों बाद मुस्कराने और थोड़े समय बाद हंसने लगते है। शुरू में वे सरल खेलों से मजा लेते हैंय जैसे आंख-मिचौली, गुदगुदी या टेढ़े-मेढ़े चेहरे बनाना। फिर वे अजीब जगहों पर छिपने का नाटक, उछल-कूद या चीजों को खिलौने बना कर मजा लेने लगते हैं। धीरे-धीरे बच्चे और उन्नत हास्य करने लगते हैंय जैसे चिढ़ाना, भूमिकाएं निभाना, बेतुके शब्द बोलना और अंत में शब्दों के खेल और चुटकुले समझना। मनोवैज्ञानिकों ने इसे 'अर्ली ह्यूमर सर्वे' जैसे शोधों में दर्ज किया है। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चे अचानक मजाकिया नहीं बन जाते बल्कि धीरे-धीरे यह कौशल विकसित करते हैं, जो आगे चलकर उनकी सोच और संवाद की क्षमता को मजबूत बनाता है। हास्य सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह सीखने और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण जरिया है। जब कोई बच्चा मजाक या चुटकुला समझता है, तो उसे कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है - जैसे किसी चीज का सामान्य उपयोग क्या है, उसमें क्या अलग या अजीब किया गया है और क्यों वह मजेदार लग रहा है। इसका मतलब है कि बच्चा चीजों को केवल अपनी नजर से नहीं बल्कि दूसरों के दृष्टिकोण से भी देखना सीखता है। मनोवैज्ञानिक इसे थ्योरी ऑफ माइंड कहते हैं। जो बच्चे ज्यादा मजाक करते हैं या खेल-खेल में हंसी-मजाक करते हैं, वे सामाजिक और मानसिक रूप से ज़्यादा तेजी से विकसित होते हैं। वे जल्दी सीखते हैं, बेहतर संवाद करते हैं और अच्छे रिश्ते बना पाते हैं। हंसी-विनोद हमारे रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट प्रोवाइन के अध्ययन में पाया गया कि हम दूसरों के साथ रहते हुए लगभग 30 गुना अधिक हंसते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हम केवल 20 प्रतिशत मजाक या चुटकुलों पर हंसते है, बकाया तो आम बातचीत के दौरान हंसते हैं। यानी हंसी जुड़ाव, भरोसे और अपनेपन से जुड़ा मामला है। यह आदत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। चिम्पैंजी और गोरिल्ला जैसे अन्य प्राइमेट भी खेलते समय हंसी जैसी हरकतें दिखाते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि शुरू में हंसी का विकास 'सोशल ग्रूमिंग' के लिए हुआ था। क्योंकि शारीरिक ग्रूमिंग जैसे एक-दूसरे को साफ करना छोटे समूहों तक सीमित था और समय लेता था, हंसी शायद एक आसान और तेज तरीका बनी जिससे बड़े समूहों में भी अपनापन बढ़ सके। मनुष्यों में हंसी और भी मजबूत भूमिका निभाती है। यह दो तरह की होती है। एक, स्वाभाविक हंसी (जब हमें सच में कुछ मजेदार लगता है)। दूसरी, जान-बूझकर की गई हंसी जिसे हम दोस्ती जताने, तनाव घटाने या रूचि दिखाने के लिए करते हैं। दोनों ही तरह की हंसी लोगों को जोड़ने और समूहों को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि इंसानी हंसी हमारी निहायत नैसर्गिक अभिव्यक्तियों में से एक है। इंसानों की खासियत यह है कि हम केवल खेल-खेल में नहीं, बल्कि व्यंग्य, कटाक्ष और यहां तक कि गहरी दार्शनिक बातों पर भी हंस सकते हैं। यह दिखाता है कि हास्य मानव स्वभाव की बुनियादी विशेषता है। इतिहास में कई दार्शनिकों ने इंसान की अनोखी पहचान को परिभाषित करने की कोशिश की है - अरस्तू ने इसे तार्किकता का नाम दिया, विट्गेंस्टाइन ने इसे भाषा बताया और सार्त्र ने स्वतंत्र निर्णय, लेकिन हास्य की सर्वव्यापकता और बच्चों द्वारा इसे इतनी जल्दी अपनाना यह संकेत देता है कि हास्य हमारी पहचान के लिए उतना ही जरूरी है जितनी तार्किकता या भाषा। कहना गलत न होगा कि हम हंसते हैं इसलिए हम इंसान हैं।

**सीखने में हास्य का महत्व**

हास्य सीखने को आसान और मजेदार बना देता है। शोध बताते हैं कि यदि बच्चों को पढ़ाते समय हंसी-मजाक का इस्तेमाल किया जाता है तो बच्चे जल्दी और बेहतर सीखते हैं। यहां तक कि खबरें भी मजेदार अंदाज में सुनाई जाएं तो लोग उन्हें ज्यादा दिलचस्पी से सुनते हैं। बच्चों द्वारा हास्य और कल्पना को मिलाना भी सीखने का हिस्सा है। जैसे केले को फोन बनाना या अजीब से शब्द गढ़ना-यह केवल खेल नहीं बल्कि रचनात्मकता की शुरुआत हैं। हास्य बच्चों को सुरक्षित और मजेदार तरीके से नियम तोड़ने का मौका देता है, जिससे वे नई बातें सोच पाते हैं और आगे बढ़ते हैं। धीरे-धीरे यही खेल-खेल में किया गया हास्य उन्हें कहानी कहने, नकल करने और गहराई से सोचने की क्षमता तक ले जाता है। हालांकि बच्चों में हास्य बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर उतना शोध नहीं हुआ है जितना अन्य मनोवैज्ञानिक विषयों पर हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आयुर्वेद दिवस: स्वास्थ्य और प्रकृति के संतुलन का महत्व



आयुर्वेद, जिसकी जड़ें भारतीय संस्कृति और ज्ञान की हजारों वर्षों पुरानी परंपराओं में निहित हैं, आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण की एक मान्यता प्राप्त प्रणाली बन चुका है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वर्णित औषधीय ज्ञान से लेकर चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट जैसे आचार्यों के ग्रंथों तक, आयुर्वेद ने सदियों से मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की शिक्षा दी है। यह केवल एक औषधि-प्रणाली नहीं है बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है, जिसमें आहार, विहार, आचरण, योग और ध्यान को स्वास्थ्य का मूल आधार माना जाता है। इसी कारण आयुर्वेद को 'जीवन वेद' कहा जाता है, जो मनुष्य को केवल रोगमुक्ति ही नहीं बल्कि दीर्घायु, संतुलित और पर्यावरण-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है। 2016 में जब पहली बार आयुर्वेद दिवस मनाया गया था, तब इसकी तिथि धनतेरस के साथ जुड़ी थी लेकिन वैश्विक महत्व और स्थाई पहचान को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्एक वर्ष 23 सितंबर को यह दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का 10वां संस्करण 'आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो न केवल मनुष्य के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय स्थिरता को भी केंद्र में लाता है। इस .ष्टि से यह वर्ष आयुर्वेद दिवस को वैश्विक स्वास्थ्य और धरती के कल्याण का एक संयुक्त मंच बना देता है। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में जब आधुनिक जीवनशैली अनेक चुनौतियां खड़ी कर रही है, तब आयुर्वेद की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव इत्यादि जीवनशैली से संबंधित रोग आज विश्वभर में गंभीर समस्या बन चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल करोड़ों लोग जीवनशैली संबंधी विकारों से प्रभावित हो रहे हैं और इनसे जुड़ी मृत्यु दर लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में आयुर्वेद का यह संदेश कि रोग की रोकथाम उपचार से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। आहार-विहार के संतुलन, प्राकृतिक जीवन पद्धति, दिनचर्या और ऋतुचर्या पर आधारित जीवनशैली को अपनाकर न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य भार को कम किया जा सकता है।

आयुर्वेद दिवस का इस वर्ष का विषय पर्यावरण की रक्षा को भी प्राथमिकता देता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, वायु और जल प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और असंतुलित उपभोग जैसी चुनौतियां हमारे सामने हैं। वैज्ञानिक रिपोर्टें लगातार चेतावनी दे रही हैं कि यदि इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर संकट का सामना करेंगी। आयुर्वेद इस दिशा में मार्गदर्शन करता है कि कैसे हम प्रकृति के साथ संतुलित संबंध बनाकर अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की रक्षा कर सकते हैं। आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियां रासायनिक दवाओं की तुलना में पर्यावरण पर कहीं अधिक कम बोझ डालती हैं। औषधीय पौधों और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित चिकित्सा न केवल सुरक्षित है बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षित करने में मददगार है। विश्व स्तर पर भी आयुर्वेद अब केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। आज 24 देशों में इसे पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है और 100 से अधिक देश आयुर्वेदिक औषधियों और उत्पादों का आयात करते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार भारत का आयुर्वेदिक उद्योग वर्ष 2023-24 में लगभग 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और 2028 तक इसके 10 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह न केवल भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान कर रहा है बल्कि विश्व को प्राकृतिक और सुरक्षित स्वास्थ्य विकल्प भी उपलब्ध करा रहा है। आयुर्वेदिक उत्पादों की मांग अमेरिका, यूरोप, एशिया और अफ्रीका के देशों में लगातार बढ़ रही है और योग तथा ध्यान के साथ मिलकर यह एक समग्र स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित हो रहा है। आयुर्वेद दिवस 2024 की उपलब्धियों ने इस वर्ष के आयोजन के लिए ठोस आधार तैयार किया है। पिछले वर्ष अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के दूसरे चरण का उद्घाटन किया गया, जिससे शोध, शिक्षा और उपचार की सुविधाओं का विस्तार हुआ। साथ ही आयुर्वेद में चार उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए, जिन्होंने आधुनिक अनुसंधान और पारंपरिक ज्ञान को जोड़ने का कार्य किया। 'देश का प्रकृति संरक्षण अभियान' भी इसी क्रम में शुरू किया गया, जो यह दर्शाता है कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा नहीं है बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण का भी हिस्सा है। यह उपलब्धियां



योगेश कुमार गोयल

इस बात का प्रमाण हैं कि भारत आयुर्वेद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रहा है।

आयुर्वेद का प्रभाव सामाजिक स्तर पर भी उल्लेखनीय है। हाल ही में हुए प्रथम अखिल भारतीय एनएसएसओ सर्वेक्षण ने स्पष्ट किया है कि भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आयुर्वेद सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली उपचार प्रणाली है। इसका कारण यह है कि लोग इसे सुरक्षित, सुलभ और किफायती मानते हैं। आयुर्वेदिक औषधियां न केवल घरेलू स्तर पर आसानी से उपलब्ध होती हैं बल्कि इनके दुष्प्रभाव भी न्यूनतम होते हैं। यही कारण है कि आज आम नागरिक से लेकर वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञ तक, आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण पूरक मान रहे हैं। आयुर्वेद का यह स्वरूप न केवल स्वास्थ्य की .ष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विश्व के कई देशों में भारत की 'सॉफ्ट पावर' के रूप में आयुर्वेद और योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल हुए चार नए मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में पीएम सुशीला कार्की की कैबिनेट में सोमवार को चार नए मंत्री शामिल हो गए है। इन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निवास में आयोजित एक समारोह में शपथ दिलाई गई। इसमें पूर्व जज अनिल कुमार सिन्हा को उद्योग, विधि एवं भूमि प्रबंधन और सहकारिता मंत्रालय, महावीर पुन को शिक्षा मंत्रालय, मदन परियार को कृषि मंत्रालय और जगदीश खरेल को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कार्की की कैबिनेट में प्रधानमंत्री सहित आठ सदस्य हो गए हैं।

### पश्चिमी इराक में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए

**बगदाद।** इराक के आतंकवाद निरोधी सेवा (सीटीएस) के दो सदस्य रविवार को पश्चिमी प्रांत अनबार में सुरक्षा अभियान के दौरान हुए विस्फोट में मारे गए और एक खुफिया अधिकारी घायल हो गया। यह जानकारी इराकी सेना ने दी। इराकी संयुक्त ऑपरेशन कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल ने एक बयान में कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:00 बजे (1200 जीएमटी) हुई, जब सीटीएस और अनबर खुफिया एवं आतंकवाद निरोधक निदेशालय का एक संयुक्त बल अनबर में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के ठिकानों पर हाल ही में किए गए हवाई हमले के स्थल का निरीक्षण कर रहा था।

### क्रीमिया में यूक्रेनी ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत

**मास्को।** क्रीमिया में एक यूक्रेनी ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी यूक्रेन के क्षेत्रीय प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने रविवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। अक्स्योनोव ने कहा कि यह घटना फोरोस बस्ती के पास हुई जहां फोरोस सैनिटोरियम और एक स्थानीय स्कूल भवन की कई सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। अक्स्योनोव के सलाहकार ओलेग क्रायुचकोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि फोरोस स्कूल पर ड्रोन हमले में असेंबली हॉल पूरी तरह नष्ट हो गया और लाइब्रेरी को भारी नुकसान पहुंचा।

### रागासा ने हांगकांग की सभी उड़ानों पर डाला असर, 500 से अधिक रद्द

**हांगकांग।** हांगकांग हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सोमवार को तूफान रागासा के रौद्र रुप को देखते हुए विभिन्न विमानन कंपनियों की कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। प्राधिकरण ने कहा कि मंगलवार शाम से ही उड़ानों में कटौती शुरु कर दी जाएगी। इस शक्तिशाली तूफान के बुधवार को यहां पहुंचने की आशंका है। इस दौरान केवल 'कुछ ही उड़ानों' को उड़ान भरने और उतरने की अनुमति होगी।

# ChatGPT की मदद से महिला ने जीते 1.25 करोड़ रुपये

## आठ सितम्बर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीती




■ जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया, तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है: कैरी

**वर्जीनिया।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है, लेकिन अब यह लाटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितम्बर को वर्जीनिया लाटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीत ली।

पहले उन्हें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने 'पावर प्ले' नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 150000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले। अब सवाल यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चौटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लाटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चौटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि मैंने चौटजीपीटी से कहा-मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं? दो दिन बाद जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। उन्होंने कहा, जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे। कैरी एडवर्ड्स ने पूरे 150000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चौरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फार फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है।

यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है, जिससे 2024 में उनके पति की मौत हुई थी। दूसरा हिस्सा शलोम फार्म्स को दिया गया, जो रिचमंड में एक जैविक खेती करने वाला फार्म है और भूख की समस्या को हल करने के लिए काम करता है। तीसरा हिस्सा नेवी-मरीन कार्प्स रिलीफ सोसायटी को मिला, जो उनके दिल के बहुत करीब है, क्योंकि उनके पिता एक फाइटर पायलट थे और इस संस्था से हमेशा जुड़े रहे।



यूक्रेन। जापोरिज्जिया में रूसी हमले के दौरान नष्ट हुई एक इमारत में काम करते बचावकर्मी।

## बांग्लादेश में डेंगू से एक दिन में हुई सबसे अधिक मौतें: डीजीएचएस

**ढाका।** बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने रविवार को कहा कि देश में डेंगू से कुल 12 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में एक दिन में हुई मौतों का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार इस साल मरने वालों की संख्या 179 तक पहुंच गई है। डीजीएचएस ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रविवार सुबह आठ बजे तक देश में 740 नए संक्रमण के मामले सामने आये जिससे इस वर्ष अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 41,831 हो गई है। संक्रमण के ये ताजा आंकड़े देश के कुछ हिस्सों में मच्छर जनित बीमारी के तेजी से बढ़त को दिखाते हैं। गौरतलब है कि जून-सितम्बर मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम माना जाता है, इस कारण इसे मच्छर जनित बीमारियों के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

# परमाणु निरस्त्रीकरण अब पुरानी कहानी: किम जोंग उन



■ किम ने द. कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने कहा है कि परमाणु निरस्त्रीकरण एक अवधारणा के रूप में अपना अर्थ खो चुका है और उनका देश अपने परमाणु हथियारों को 'कभी नहीं' त्यागेगा, लेकिन अगर अमेरिका 'परमाणु निरस्त्रीकरण के अपने मोह को छोड़ दे' तो वह उसके साथ 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' पर चर्चा के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया की संवाद समिति केसीएनए के अनुसार, उन ने चौदहवीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के तेरहवें सत्र के दूसरे दिन यह टिप्पणी की। यह सत्र 20 से 21 सितम्बर तक मानसुडे असेंबली हॉल में आयोजित किया गया था।अपने संबोधन में किम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी 'अच्छी यादें' साझा कीं। साल 2018-19 में हुई इन मुलाकातों में प्रतिबंधों में राहत के बदले परमाणु निरस्त्रीकरण के कदमों पर चर्चा करने के लिए तीन बार बात की गई थी। यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति के इस साल किम से मिलने की इच्छा व्यक्त करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। उन्होंने तब किम के साथ अपने 'बेहद मैत्रीपूर्ण' संबंधों पर ज़ोर दिया था। किम ने दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

# अमेरिका को छोड़ 150 देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता

## पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी



■ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा: दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता
■ इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा
■ फ्रांस इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा

**लंदन।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फलस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है।

वहीं पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता देना ही स्थाई शांति का एकमात्र रास्ता है। इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका अब भी फलस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। ब्रिटिश पीएम ने वीडियो संदेश जारी कर फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया। वहीं, इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फलस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है। जार्डन नदी के पश्चिम में फलस्तीनी देश नहीं बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों को दोगुना कर दिया है और इसे और बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वह इस मान्यता का जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे। विदेश मंत्री यवेट कूपर ने इजरायल को साफ चेतावनी दी है कि ब्रिटेन के फलस्तीनी को मान्यता देने के बाद वह वेस्ट बैंक के हिस्सों पर कब्जा करने की कोशिश न करे, उनकी सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी। कूपर ने कहा कि दोनों तरफ कट्टरपंथी लोग हैं जो टू स्टेट साल्यूशन को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ब्रिटेन इसे बचाना चाहता है। कई सालों से पश्चिमी देशों की सरकारें कहती रही हैं कि फलस्तीन देश को मान्यता तब दी जाएगी जब हालात सही होंगे। उनका मानना था कि सिर्फ मान्यता देने से असलियत नहीं बदलेगी। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि सरकारें दबाव महसूस कर रही हैं। इजरायल की लगातार सैन्य कार्रवाई से इजरायल को लेकर दुनिया की राय बदल रही है। इन्हीं वजहों से कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता देने का फैसला किया है। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75 प्रतिशत देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट आबजर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है। फ्रांस की मान्यता मिलने के बाद फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 5 में 4 स्थाई देशों का समर्थन मिल जाएगा। चीन और रूस दोनों ने 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में अमेरिका इकलौता देश होगा जिसने फलस्तीन को मान्यता नहीं दी है। उसने ने फलस्तीनी अथारिटी (एपी) को मान्यता दी है। फलस्तीनी अथारिटी 1994 में इसलिए बनाई गई थी ताकि फलस्तीनियों के पास अपनी स्थानीय सरकार जैसी व्यवस्था हो और आगे चलकर यह पूरा राज्य बनने की नींव बन सके।

# H-1B वीजा की फीस बढ़ने के बाद चीन लाया K वीजा

## टैलेंटेड युवाओं को बुलाना मकसद, चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर के बिना भी आवेदन कर सकेंगे




■ के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है

**बीजिंग।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, मैथ (एसटीईएम) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। 26 नवम्बर के बजट से पहले इसे खत्म करने का ऐलान हो सकता है। चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के- वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पान्सरशिप चाहिए होती है, लेकिन के-वीजा में यह नियम नहीं है। इसमें आवेदक को किसी स्थानीय कंपनी की जरूरत नहीं है। बस उसकी योग्यता, जैसे आयु, शिक्षा और काम का अनुभव देखा जाएगा। इससे विदेशी पेशेवरों के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। अलग-अलग देशों के लिए के-वीजा से जुड़ी डिटेल जानकारी चीनी दूतावास और कान्सुलेट जारी करेंगे। चीन सरकार ने अगस्त में इस फैसले को मंजूरी दी थी।

## उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा: दक्षिण कोरिया

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा है कि उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा है और 'एक अंतरिम आपातकालीन उपाय' के रूप में इस पर रोक लगाना फिलहाल परमाणु निरस्त्रीकरण का 'एक व्यवहार्य और यथार्थवादी विकल्प' होगा। ली ने बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के प्रमुख किम के बीच हुए उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों से छुटकारा पाने के बजाय उनका उत्पादन रोकने पर राजी होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने 2022 में खुद को एक परमाणु शक्ति घोषित किया थी।

# सीरिया 58 साल बाद यूएन महासभा में शामिल होगा

### सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा न्यूयॉर्क पहुंचे, अमेरिका से रिश्ते सुधारने की करेंगे कोशिश

**वाशिंगटन।** सीरिया 58 साल में पहली बार यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में शामिल होगा। इसके लिए सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा रविवार को न्यूयार्क पहुंचे हैं। वे यहां 80वीं महासभा के सत्र में हिस्सा लेंगे।

ये 23 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2025 तक चलेगा। इससे पहले 1967 में तत्कालीन सीरियाई राष्ट्रपति नूर अल-दीन अल-अतासी ने यूएनजीए में हिस्सा लिया था। इसके बाद सीरिया में असद परिवार (हाफिज असद और बशर असद) का 50 साल लंबा शासन रहा। पिछले साल दिसम्बर में अल-शरा ने असद परिवार का तख्तापलट किया और अंतरिम राष्ट्रपति बने। अब सीरियाई सरकार अमेरिका और पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में जुटी है। सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने रविवार रात न्यूयॉर्क में सीरियाई समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। सीरिया और इजरायल के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण हैं। असद के पतन के बाद इजरायल ने सीरिया पर हवाई हमले बढ़ा दिए थे। इजरायल ने यूएन शांति सैनिकों की निगरानी वाला गोलन हाइट्स बफर जोन पर भी कब्जा कर लिया। इस बैठक में अल-शरा इजरायल के साथ अपने रिश्तों को सुधारने पर जोर दे सकते हैं। अल-शरा ने हाल ही में कहा था की वो 1974 के डिसएंगेजमेंट समझौते को फिर शुरू करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा कि जल्द ही कोई डील हो सकती है।

# पाक एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर की बमबारी

## 30 की मौत, चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए



■ सेना बोली: यहां तालिबान बम बना रहा था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना सही जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। जून में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत के बाद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी। मार्च में भी खैबर के कटलांग में 10 नागरिक मारे गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के हमले में करीब 30 लोगों की मौत हुई है। हालांकि इन वीडियोज की पुष्टि नहीं हुई है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। इस संगठन से जुड़े कई समर्थक पाकिस्तानी सेना में मौजूद हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान खारिज करता रहा है। अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवम्बर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं।

# फिलीपींस में भ्रष्टाचार को लेकर जोरदार प्रदर्शन

■ 95 पुलिसकर्मी घायल 216 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**मनीला।** नेपाल के बाद अब फिलीपींस के हजारों युवाओं ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं से जुड़े घोटाले को लेकर राजधानी मनीला में रविवार को सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें 95 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

इस दौरान 216 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जल्द हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ अयाला ब्रिज, मेंडिओला और क्लारो एम. रेक्टो एवेन्यू सहित प्रमुख क्षेत्रों में झड़पें हो गईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें की। फिलीपीनी न्यूज चैनल एबीएस-सीबीएन (एएनसी) के अनुसार गृह विभाग ने सोमवार को बताया कि 21 सितम्बर को मनीला में आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिसक झड़पों में 95 पुलिस कर्मी घायल हो गए और 216 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने एएनसी को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 127 युवा और 89 नाबालिग शामिल हैं। मनीला शहर के मेयर इस्को मोरेना ने बताया कि इनमें एक 12 साल का किशोर भी है।

